फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 348, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 16

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा 15

## एक नजर

### आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंची और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में तलाश और जांच जारी है।

### कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश एमके. नागपाल के समक्ष आरोप लगाए और आरोपियों को मुकदमे में सहयोग करने और "उन्हें मुकदमे की शुरुआत और समापन में अनावश्यक देरी करने से रोकने" के निर्देश देने का अनुरोध भी किया।

# केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### कैबिनेट के फैसले



- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

### उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

# छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

## सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।


**इन्हें फांसी की सजा...:** बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

# बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

### कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा

**श्रीनगर।** कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

# सोना पहली बार 65 हजार के पार पहुंचा



- प्रति दस ग्राम सोने का यह रिकॉर्ड स्तर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 500 रुपये की तेजी के साथ 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। लगातार तीसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 400 रुपये की तेजी के साथ 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,650 रुपये प्रति दस ग्राम के मूल्य पर बिक रहा था।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत 6 जगह ईडी के छापे

## भाई-पिता, सपा नेत्री नूरी शौकत, हाजी वसी के घर भी तलाशी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, तिजोरी-लॉकर काटे गए

**अमृत विचार :** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी और जमीन के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। यह जांच मनी लांड्रिंग के तहत की गई।

इरफान सोलंकी डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर तोड़फोड़ और आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी डॉ रिजवान को भारतीय नागरिकता देने समेत कई अन्य मामलों में पिछले एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद हैं। गुरुवार सुबह एक साथ 40 से ज्यादा गाड़ियों से ईडी की टीमें शहर पहुंचीं। ईडी अधिकारी जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। आवास पर विधायक के परिजन मौजूद नहीं थे। घर में सिर्फ नौकर थे, जिनसे टीम ने पूछताछ कर छानबीन शुरू की। ईडी के सदस्य आवास के भीतर फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन ले गए। तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान सोलंकी के पुराने मकान पेंचबाग में भी छापा मारा गया। ईडी की दूसरी टीम इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक और भाई रिजवान के घर पहुंची।

घर के बाहर खड़ी गाड़ियों की तलाशी के साथ ही घर की नापजोख की। दो अलग टीमों ने ग्वालटोली स्थित सपा नेत्री नूरी शौकत और नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर छापेमारी की। हाजी वसी हमराज कंस्ट्रक्शन के निदेशक हैं जिसमें इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी डॉयरेक्टर थीं। इस कंपनी के जरिये करोड़ों का हेरफेर किए जाने का आरोप है। देर शाम तक कार्रवाई जारी थी।

# लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

# रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त



**लखनऊ।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

# पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- सूखे तालाब में मिला शव, बेटे की तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका में क्षेत्र पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव गांव के सूखे तालाब में पड़ा मिला। कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। मृतक के बेटे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी सतपाल (40) पुत्र खानचंद खड़गवंशी वार्ड 28 से क्षेत्र पंचायत सदस्य थे। वह बुधवार शाम घर से खेत पर जाने के लिए निकले थे। काफी देर तक भी नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। गुरुवार तड़के गांव के मंदिर से भी उनकी गुमशुदगी के बारे में एलान कराया गया। कुछ देर बाद खेत के पास सूखे तालाब में उनका लहूलुहान शव पड़ा मिला। उनकी कनपटी पर गोली लगी थी। जानकारी होने पर गांव के तमाम लोग व पुलिस मौके पर पहुंची। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सतपाल के परिवार में पत्नी क्रांति, ललित एवं नितिन दो बेटे हैं। नितिन की तहरीर पर पुलिस ने गांव के भूप सिंह, विनोद कुमार पुत्र वीर सिंह, राजेंद्र पुत्र गुलाब सिंह एवं सतपाल पुत्र परमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> कनपटी पर गोली मारकर सतपाल की हत्या की गई है। प्रथम दृष्टया हत्या में पुराना विवाद सामने आ रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर चार नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
> – **राजीव कुमार सिंह,** एएसपी

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष** — नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

# दिव्यांगता का झेला दंश, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसे ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की। श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही पता लग जाते हैं, पुष्पा की पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता-पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।

### संघर्ष की मिसाल

- गरीब बेटियों को शिक्षित करने का उठाया बीड़ा, गांव में चलाया साक्षरता अभियान

### हमें अपने दिमाग से दुनिया को जितना है

पुष्पा का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ-पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।



### अपने गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8वीं कक्षा में हैं।

### उपेक्षा से भी नहीं मानी हार, हमेशा रहीं अव्वल

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92 प्रतिशत, 2012 में बीए में 65 प्रतिशत, एमए में 62 प्रतिशत और एमसीए में 97 प्रतिशत अंक लेकर हमेशा प्रथम रहीं।

# यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- ☞ एकता क्लब बनाम लाइंस क्लब, रामपुर पुलिस-यंग इलेविन क्लब के बीच मैच 10 बजे।
- ☞ नई आवास विकास कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा अपरह्न 2:30 बजे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सराहनीय कार्य करने वाली शिक्षिकाओं को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया

# शिक्षक समाज का आदर्श, विद्यालयों को बनाएं स्वच्छ व सुंदर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सराहनीय कार्यों के लिए कलेक्ट्रेट सभागर में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग की नौ महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इसमें आलिया बी, किरन भारद्वाज, रूमाना हसीब, निदा खुशनूद, अलका कुमारी, असमत खान, श्वेता दूहन, कंवलजीत कौर, शगुफ्ता निगार शामिल हैं। डीएम ने इन शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र सौंपे।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी शिक्षक एवं जनमानस उनके कार्यालय में अपनी समस्या लेकर आ सकता है। शिक्षक ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं। उच्च अधिकारी शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। शिक्षक का मोटीवेशन उनके छात्र हैं। अतः शिक्षक छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करें। शिक्षक समाज के आदर्श हैं।

सम्मान समारोह के दौरान प्राचार्य डायट नीलम रानी टम्टा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, एसआरसी सरफराज अहमद व पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।



सम्मानित शिक्षिकाओं के साथ मौजूद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार




कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं, प्राध्यापक और प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल।

### रजा डिग्री कॉलेज में गाए लोकगीत

**रामपुर, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को वूमेन सेल, आईआईसी सेल व आईक्यूएसी सेल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल व प्रोफेसरों ने लोकगीत गाए। प्राचार्य ने बताया कि आठ मार्च को महाविद्यालय में अवकाश होने के कारण कॉलेज सभागार में छात्राओं एवं प्रोफसर्स ने महिलाओं की तरक्की से रूबरू कराया। महाविद्यालय की चीफ प्रॉक्टर डॉ. जागृति मदान ढींगरा, वूमेन सेल की कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी गुप्ता, डा. सीमा तेवतिया, डॉ. सुमन लता, डॉ. बेबी तबस्सुम आदि रहीं।

# छात्राएं अपने स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक : अतुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ व स्मार्ट हाइजिया एवं सेवी फाउंडेशन की ओर से सेनेट्री पैड का वितरण किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि छात्राएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। समाज व परिवार को जागरूक करें।

बताया कि यह कार्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। इस का उद्देश्य महिलाओं में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। वर्तमान समय में महिला तथा बालिकाएं संकोच के कारण अपने स्वास्थ्य के विषय में घर, परिवार तथा समाज में मासिक धर्म के प्रति चर्चा करने में संकोच करती हैं। जिसके कारण उनमें एनिमिया, यूट्रस कैंसर, अत्याधिक रक्तस्राब, मासिक धर्म की अनियमितता समेत अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म के प्रति जागरूकता की कमी का होना, अपने परिवार के सदस्यों, समाज में अन्य व्यक्तियों से खुलकर चर्चा का न करना है। सेनेट्री नेपकिन का प्रयोग किया जाए। संचालन डॉ. रजिया, परवीन और प्रोफेसर निशात बानो ने किया। डॉ. सबीहा परवीन ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की डॉ. सुनीता, डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. अनिता देवी अग्रवाल, डॉ. प्रीति लता, डॉ. प्रतिभा रहीं।

# तरक्की की राहों पर तेजी से बढ़ रही आधी आबादी

## जिले की कई महिलाएं कायम कर रही हैं मिसाल, विधायक, सांसद, पालिकाध्यक्ष बनकर निभाई जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददता, रामपुर

**अमृत विचार :** महिलाएं जीवन में मेहनत व संघर्ष कर आगे बढ़ रही हैं और उन्हें सफलता मिल रही है। महिलाओं ने साबित कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं और आधी आबादी ऊंची उड़ान भर रही हैं। वे हर क्षेत्र में तरक्की की राहों पर आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हैं जिसकी उन्हें प्रसन्नता है। जिले में महिलाएं राजनीति, खेल, कारोबार और घर गृहस्थी के साथ समाजसेवा कर मिसाल कायम कर रही हैं। राजनीति, वकालत, उद्योग, खेल हर क्षेत्र में महिलाओं ने जिले का परचम लहराया है।

शहीदे आजम स्पोर्टस स्टेडियम पर हॉकी के गुर सीखकर नेशनल स्तर पर हॉकी का जादू दिखा रही हैं। राजनीति के क्षेत्र में भी महिलाओं ने देश और प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया है। पूर्व विधायक बीना भारद्वाज कहती हैं कि महिलाएं अपने में आत्मविश्वास पैदा करें और स्वयं जागरूक होकर समाज को बेहतर करके दिखाएं। बताया कि वह 1993 से सक्रिय राजनीति में हैं। 31 वर्ष में राजनीति में बहुत बदलाव आए हैं। तब से अब तक राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। महिलाएं राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। बेहतर कल के लिए मेरा मानना है कि महिलाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए। जिससे वे समाज के लिए ज्यादा से ज्यादा अपना योगदान दे सके। जिस तरह से एक महिला अपने घर को संभालती है, उसी तरह समाज को भी संभाल सकती है। इस समय देश का सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू हैं और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल हैं। रामपुर की दो बार बेगम नूरबानो और फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा सांसद चुनी गईं। रेशमा अफरोज, सना खानम, दीक्षा गंगवार पालिकाध्यक्ष बनीं।

▸▸ खेल, कारोबार, प्रोफेशनल और समाज सेवा में भी निभा रहीं अग्रणी भूमिका

### महिलाएं हर क्षेत्र में दिखा रहीं जलवा



मिलक की ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार का कहना है कि महिलाएं अपने पथ पर अग्रसर होने के लिए एक दृढ़ निश्चय करें और बिना डरे आगे बढ़े। इसके लिए सबसे पहले महिलाएं आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। उन्हें मुकाम हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता। महिलाएं हर क्षेत्र में अपना जलवा दिखा चुकी हैं। अंतरिक्ष में जाने की बात हो या फिर हवाई जहाज उड़ाने की। महिलाओं ने हर जगह अपना लोहा मनवाया है। वे पूरी ईमानदारी और तत्परता से अपनी ड्यूटी को अंजाम देती हैं। यही कारण है कि उन्हें जल्दी ही सफलता मिल जाती है। महिलाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रयारस रहना चाहिए।

### महिलाओं ने मानसिक चुनौतियों का डटकर किया सामना



रामपुर की पालिकाध्यक्ष सना खानम बताती हैं कि महिलाओं को कुदरत ने कई खूबियों से नवाजा है। इस आधुनिक युग में महिलाओं ने सामाजिक भागीदारी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। समय-समय पर महिलाओं ने मानसिक चुनौतियों का डटकर सामना किया है। हर दिन एक नई कामयाबी को अपने हिस्से में लिखा है। महिलाएं जमीन से लेकर आसमान तक परचम लहरा रही हैं। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण मिलने से बड़ा लाभ होगा और वह तरक्की की राहों पर तेजी से बढ़ रही हैं। कल्पना चावला ने अंतरिक्ष में पहुंचकर महिलाओं का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

### तरक्की की उड़ान भरें महिलाएं : योगिता



नेशनल हॉकी खिलाड़ी योगिता बोरा बताती हैं कि हिम्मत से सफलता की ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। योगिता बोरा ने सिविल लाइंस स्थित विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज से पढ़ाई की। इसके बाद वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कॉलेज गोरखपुर में ट्रायल देकर प्रवेश ले लिया। कक्षा 12 तक लगातार नेशनल टीम में प्रतिभाग किया। वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश की टीम से जूनियर नेशनल से इंडिया कैंप के लिए चयन हुआ। इंटरमीडिएट के बाद इन्होंने ग्वालियर में मध्य प्रदेश वोमेंस हॉकी एकेडमी ग्वालियर में ट्रायल देकर प्रवेश लिया। वर्ष 2019 में इंडिया कैंप के लिए नाम आया और फिर वर्ष 2021 में सीनियर नेशनल में गोल्ड मेडल और फिर वर्ष 2022 में इंडिया कैंप में नाम आया। कॉमनवैल्थ गेम्स के लिए कैंप में रहीं। यह कैंप बेंगलुरु के साईं सेंटर में दो माह के लिए लगा और इसके बाद 2023 में मध्य प्रदेश की ओर से सीनियर नेशनल में गोल्ड मेडल जीता। यह 16 नेशनल खेल चुकी हैं। स्पोर्टस कोटे से सेंट्रल रेलवे मुंबई में क्लर्क के पद पर हैं।

### लोगों की समस्याएं सुनने और सुलझाने का है शौक : डॉ. शहनाज



समाजसेवी डॉ. शहनाज रहमान कहती हैं कि उन्हें लोगों की समस्याएं सुनने और सुलझाने का शौक है। वर्ष 1994 में महिला कल्याण समिति का गठन किया। वर्ष 1995 से इस संस्था के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा देने का काम शुरू किया। कहती हैं कि आधी आबादी निरंतर तरक्की की राहों पर आगे बढ़ रही है। संदेश देती हैं कि महिलाएं दकियानूसी बातों को छोड़कर तरक्की की राहों पर आगे बढ़ें सफलता उनके कदम चूमेगी।

### गृहणियां भी घर की तर्ज पर चलाती हैं देश : रेशमा



पूर्व पालिकाध्यक्ष रेशमा बी बताती हैं कि वह वर्ष 1995 से वर्ष 2000 तक पालिकाध्यक्ष पद पर रहीं। 2000 से 2005 तक पालिकाध्यक्ष रहीं। यूपी कांग्रेस महिला में प्रदेश स्तर पर महासचिव रहीं। प्रदेश में 2004 में नगर पालिकाओं के अध्यक्षों का एक संगठन बना था। इसमें वह उपाध्यक्ष बनीं। वह गृहणी थीं, लेकिन, वर्ष 1995 में नगर पालिका परिषद की सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित हो गई थी। वह चुनाव मैदान में उतरीं और जीत दर्ज की। संदेश देती हैं कि महिलाएं समाज के लिए कुछ करना चाहती हैं तो वह थोड़ा संघर्ष करने के बाद तरक्की पा सकती हैं। महिलाओं में घर चलाने की ताकत होती है और वह देश भी चला रही हैं। **रेशमा बी, पूर्व पालिकाध्यक्ष रामपुर**

### तरक्की की राहों पर आगे बढ़ें : नेहा



शहीद-एआजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी से अपने खेल कॅरियर की शुरूआत करने वाली नेहा सिंह राठौर तीन बार सीनियर नेशनल खेल चुकी हैं। तीन बार रूहेलखंड यूनिवर्सिटी से नॉर्थ जोन खेला है। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय से बीकॉम करने के बाद ग्वालियर की आईटीएम यूनिवर्सिटी में बीपी एड में एडमिशन लिया और वहां से वेस्ट जोन खेला। जिसमें आल इंडिया यूनिवर्सिटी में एक बार गोल्ड मेडल और एक बार सिल्वर मेडल हासिल किया। फिलवक्त सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में हॉकी कोच के पद पर कार्यरत हैं। पिता रामवीर सिंह अपनी बेटी की तरक्की से खासे खुश हैं नेहा सिंह का आवास ज्वालानगर के आगापुर रोड पर स्थित है। नेहा सिंह कहती हैं कि महिलाओं को संकोच छोड़कर तरक्की की राहों पर आगे बढ़ना होगा इसके बाद देश तेजी से तरक्की करेगा क्योंकि देश की तरक्की आधी आबादी के कंधों पर टिकी हुई है। नेहा, नेशनल हॉकी खिलाड़ी।

### महिला सशक्तीकरण को दे रही हूं बढ़ावा : दीक्षा



नगर पालिका परिषद मिलक की चेयरमैन दीक्षा गंगवार कहती हैं कि वह चार बार नगर पालिका परिषद की चेयरमैन बन चुकी हैं। उन्होंने हमेशा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया है। महिलाओं के लिए बहुत अच्छा मौका है कि वे घरों से निकलें और आत्मनिर्भर बनें। महिलाएं जिस क्षेत्र में भी हैं, अपना काम बखूबी निभा रही हैं।

## एक नजर

### कंबल वितरण में अनियमित्ता की शिकायत

**टांडा, अमृत विचार :** भाजपा के नगर महामंत्री रोहित सैनी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर पालिकाध्यक्ष और कुछ सभासदों के खिलाफ कंबल वितरण में अनियमित्ता बरतने व कंबलों को बाजार में बेचने का आरोप लगाया है। मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। भेजे गए पत्र में कहा कि सर्दियों में पालिकाध्यक्ष और उनके कुछ खास सभासदों ने अधिशासी अधिकारी और पालिका स्टाफ को साथ में लिए बिना कंबलों का वितरण किया। पालिका अध्यक्ष के पति सरफराज आलम ने बताया कि आरोप निराधार हैं। कंबलों का नियमानुसार पात्रों को वितरण किया गया है। इसका लेखा-जोखा मौजूद है।

### तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को शिवरात्रि पर भमरौआ, रठौंडा और पंजाबनगर में कांवड़ चढ़ाई जाएंगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) लालता प्रसाद शाक्य ने बताया कि जनपद में सुरक्षा, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखे जाने के लिए मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई है। पंजाबनगर मन्दिर परिसर, मेला क्षेत्र पर तहसीलदार सदर कृष्ण कुमार चैरसिया, भमरौआ मन्दिर परिसर, मेला क्षेत्र पर नायब तहसीलदार सदर देवेश पांडेय एवं रठौंडा मन्दिर परिसर मेला क्षेत्र पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी रहेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक जनपद के प्रमुख शिवालयों, मन्दिरों पर पुलिस बल लगाना तय करेंगे।

# मोबाइल में उलझाना चाहती है सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को बीएसए कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। डिजिटलाइजेशन को खत्म करने की मांग की।

शाम चार बजे जनपद के शिक्षक बीएसए कार्यालय में एकत्र हुए। यहां हुई एक सभा में शिक्षकों ने कहा, सरकार नहीं चाहती है कि गरीबों के बच्चे पढ़े। इस रणनीति के तहत उसने शिक्षकों को मोबाइल में उलझाने की योजना बनाई है। सरकार ने स्कूलों में टैबलेट भेजे हैं। शिक्षकों पर दबाव बनाया जा रहा है कि सभी बच्चों की सुबह नौ बजे से पहले टैबलेट से उपस्थिति लॉक की जाए। मिड-डे मील खाते समय भी उपस्थिति दर्ज करें।

बताया कि स्कूलों में बच्चों की संख्या 100 से 400 तक है। टैबलेट के माध्यम से अटेंडेंस नेटवर्क पर निर्भर है। नेटवर्क मिलने पर ही बच्चे की अटेंडेंस लॉक हो पाएगी। तीन बार अटेंडेंस लगाने से पूरे दिन शिक्षक यह काम करते रहेंगे और बच्चों की शिक्षा शून्य हो जाएगी। कहा कि शिक्षक मोबाइल में व्यस्त रहेगा और बच्चे गलत रास्ते पर कदम उठाएंगे। इसलिए डिजिटलाईजेशन का कार्य रोककर व्यवहारिक शिक्षा पर बल दिया जाए। ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने प्राप्त किया। उसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपना कार्य पूरी मेहनत और लगन से कर रहे हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, कोषाध्यक्ष तहसीन आलम खां, अब्दुल अलीम खान, आनंद सिंह भंडारी, महेंद्र प्रताप सिंह, सतीश कुमार गिरोह आदि रहे।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

# महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुण

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने महिला सम्मान व शिक्षा के कला-कौशल पर चर्चा कर शिक्षकों को प्रेरित किया। कई खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं। महिला शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के गुण सिखाए गए।

विकास भारती स्कूल में महिला सम्मान कार्यक्रम हुआ। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने महिलाओं को सम्मानित किया। विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह ने महिला शिक्षिकाओं के सम्मान की बात कही। प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता ने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के आत्मविश्वास, कार्य क्षमता की भावना के बारे में बताया।



विकास भारती स्कूल में मौजूद शिक्षिकाएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**शिक्षा** | शासन से जिले के 50158 बच्चों के लिए मिले 7,92370 रुपये

# छात्र-छात्राओं को मिलेगी शिक्षण सामग्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ शिक्षक बच्चों को रुमाल, पैन और पैंसिल उपलब्ध कराएंगे

▸▸ 2021-2022 में यू डायस में नामाकंन वाले ही शामिल

> उच्च प्राथमिक और कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों के कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं के लिए 15 रुपये एक बच्चे के हिसाब से पैसे आए हैं। बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री खरीदी जाएगी। -अंकित सक्सेना, जिला समंवयक प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई और अच्छा बनाने के लिए शासन ने डिस्पोजल गिलास, टेप, मारकर पेन, नक्शा समेत अन्य खरीदने के लिए धनराधि जारी की है। हरेक बच्चे के हिस्से में 15 रुपये आएंगे। 50158 बच्चों के लिए 7,92370 रुपये मिले हैं। शिक्षक बच्चों को रुमाल, पैन, पैंसिल उपलब्ध कराएंगे।

शासन सरकारी स्कूलों के बच्चों को काबिल बनाने के लिए प्रयासरत है। अब परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों की पढ़ाई को आसान और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से विभाग ने जिले को 7,92370 रुपये का बजट भेजा है। इस धनराशि से स्कूली बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री खरीदी जाएगी। शिक्षकों के लिए शिक्षण कार्य आसान होगा। बच्चों को सिखाने व सीखने में रुचि पैदा होगी। इस रकम से बच्चों के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) खरीदी जाएगी।

15 रुपये प्रति बच्चे की दर से स्कूलों में शिक्षण अधिगम सामग्री खरीदने के लिए रकम आवंटित हुआ है। इस रकम से टीएलएम की सामग्री जैसे कार्डबोर्ड, चार्ट पेपर, स्केच पेन, गोंद, कैंची, डिस्पोजल गिलास, टेप, मारकर पेन, नक्शा, दस्तर व विभिन्न प्रकार के चार्ट जैसे सामग्री का खरीदी जाएगी। इन सभी सामग्रियों का रखरखाव विद्यालय स्तर पर किया जाएगा

बच्चों के लिए सामग्री खरीदने के लिए शासन ने कक्षा छह से लेकर आठ तक के बच्चों को शामिल किया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय और कस्तबूर गांधी आवासीय स्कूलों के बच्चे शामिल होंगे। 2021-2022 में यू डायस पर नामाकंन वाले छात्र छात्राओं को ही इसमें शामिल किया गया है।




## एक नजर

### पीएचसी सैदनगर में लगाया शिविर

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मन चेतना दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनगर पर शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में केंद्र अधीक्षक डा. अजीम ने लोगों को बताया कि मन स्वस्थ रहेगा। तभी आप कोई काम सही तरीके से कर सकते हैं। मानसिक रोग किसी को भी हो सकता है इसे छिपाये नहीं। किसी भी प्रकार की मानसिक विकार की स्थिति में मनोरोग विशेषज्ञ से सलाह लेना चाहिए। जिला चिकित्सालय से आए मनोरोग विभाग के जिला समन्वयक आशुतोष ने बताया कि शिविर में 76 रोगियों का उपचार कराया गया।

### जंफर में खराबी आने से आपूर्ति दो घंटे रही बाधित

रामपुर,अमृत विचार : विकास भवन स्थित 200 केवीए के ट्रांसफार्मर का जंफर में खराबी आ जाने से दो घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रही। दो घंटे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी बीच बिजलीघर के जेई, कर्मचारियों के फोन घनघनाने लगे। बिजली नहीं आने पर जेई बीपी सिंह ने अत्याधिक लोड से ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिसे सही कराए जाने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया। दोपहर एक बजे के बाधित सप्लाई को सुचारू करा दिया है।

### सभासद ने किया अनाथ आश्रम का निरीक्षण

रामपुर,अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के वार्ड 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने चेक अनाथ आश्रम के लिए पालिकाध्यक्ष, ईओ को दिया। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों तक मिलने वाले भत्तों के चेक को अनाथ आश्रम के लिए दिया गया। कहा कि आश्रम में रहने वाले यतीम बच्चों के लिए दिया गया है। सभासद ने पालिका के अदंर एड्रांड फोन की एप्लीकेशन को तैयार कराया जाए। जिससे कि लेखा-जोखा देखा जा सके साथ ही साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में आसानी हो।

### सड़क की मरम्मत कराए जाने को दिया पत्र

रामपुर,अमृत विचार : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति,शोषित वर्ग उत्थान समिति के उपाध्यक्ष शिव राज सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र दिया है उसमें उनका कहना है कि टांडा के गांव चक्र में जल निगम की ओर से पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया था। लेकिन इस कार्य को पूरा नहीं किया गया है जिससे लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने मांग की कि जल्द ही पाइपलाइन बिछवाई जाए।

# अपात्रों के राशन कार्ड को लेकर बैठक में हंगामा

## 25 करोड़ के प्रस्तावों पर लगी मुहर, 13 करोड़ रुपये से नगर में होंगे विकास कार्य

संवाददाता, मिलक


नगर पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामा करते सभासद। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मिलक पालिका बोर्ड की बैठक में गुरुवार को हंगामे के बीच 25 करोड़ रुपये के प्रस्तावों पर मुहर लग गई। सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य कराने के प्रस्ताव दिए। अपात्रों के राशन कार्ड बनने पर सभासदों का पारा चढ़ गया और वे हंगामा करने लगे। सभासदों का आरोप था कि पात्र राशन कार्ड के लिए भटक रहे हैं। अपात्रों के राशन कार्ड बने हुए हैं। पालिकाध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया।

नगर पालिका सभागार में विकास कार्यों को गति देने के लिए पालिका बोर्ड की बैठक हुई। इससे पूर्व पालिका क्षेत्र में रसोई गैस आपूर्ति पहुंचने को बिछाई जाने वाली पाइप लाइन के संदर्भ में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पालिका की अनुमति के लिए आग्रह किया। पालिकाध्यक्ष ने गैस कंपनी के अधिकारियों को अनुमति प्रदान की। पूर्ति निरीक्षक को देख सभासदों का पारा चढ़ गया। राशन कार्डों को बनवाए जाने के समय धांधली का आरोप लगाते हुए पूर्ति निरीक्षक को घेर लिया। सभासदों ने अपात्रों के राशनकार्ड बनाए जाने पर नाराजगी जताई और हंगामा हो गया। पालिकाध्यक्ष के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद सभासदों ने अपने-अपने प्रस्ताव दिए। वार्षिक आय-व्यय को पढ़कर सुनाया गया। वर्ष 2024-25 में पालिका को करीब आठ करोड़ रुपये का मुनाफा होने का अनुमान है। पालिका की आमदनी के अलावा सीएम ग्रिड सड़क सुधार योजना के लिए पांच करोड़, अन्तयेष्टि स्थलों के निर्माण के लिए ढाई करोड़, 15वें वित्त आयोग से प्राप्त तीन करोड़, पंचम राज्य वित्त से प्राप्त सात करोड़ की धनराशि भी इस आय में शामिल है। इसके सापेक्ष करीब 13 करोड़ रुपये से नगर में विभिन्न विकास कार्यो को कराया जाएगा। शेष धनराशि में पालिका कर्मचारियों का वेतन, गोशाला का खर्चा, अन्य प्रमुख कार्यों में व्यय किया जाएगा। बैठक में विकास कार्यों के साथ-साथ गृह कर, ठेकेदारों एवं मीडिया के पुराने भुगतान पर चर्चा की गई। सभासद प्रखर कुमार ने राशन कार्ड की समस्या का मुद्दा उठाया। सभासद पंकज गंगवार ने गृहकर को संज्ञान में लेते हुए मकान स्वामियों से गृह कर वसूलने के लिए जागरूकता संदेश देने पर जोर दिया। कहा कि पालिका क्षेत्र में वर्ष 2021 में गृह कर लग चुका है।

लेकिन लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों के ऊपर गृह कर की धनराशि बढ़ती जा रही है। पालिका क्षेत्र में होर्डिंग्स लगवाकर एवं ऐलान करवाकर लोगों को गृह कर जमा करने को जागरूक करवाया जाए। वार्ड नंबर दो की सभासद सुनीता ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से अपने वार्ड में बिजली के खंभे लगाने का प्रस्ताव दे रही हैं, लेकिन उनके पालिका द्वारा उनके प्रस्ताव की अनदेखी की जा रही है। बिजली के खंभे नहीं लगने से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सभी सभासद व कर्मचारी मौजूद थे।

### पालिका क्षेत्र में पकड़े गए 500 बंदर

पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने बताया कि उनके पालिका क्षेत्र में बंदरों के आतंक है, जिससे लोग परेशान हैं। समस्या को प्रमुख रूप से देखते हुए उन्होंने बंदर पकड़ने वाली टीम को नियुक्त कर दिया है। अब तक करीब पांच सौ बंदर पकड़े जा चुके हैं। जब तक पालिका क्षेत्र में बंदरों का आतंक खत्म नहीं हो जाता तब बंदरों को पकड़ने की मुहिम जारी रहेगी।

### घरों के अवशिष्ट भोजन को एकत्रित करेगी पालिका

घरों में प्रतिदिन बचने वाले अवशिष्ट भोजन को अब पालिका एकत्रित कर गोशाला भिजवाएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि घरों में प्रतिदिन भोजन बच जाता है जिसे लोग कूड़ों के ढेरों में फेंक देते हैं। जिससे संक्रमण फैलता और गंभीर बीमारियों को जन्म देती हैं। बीमारियों से बचाव व अवशिष्ट भोजन का सदुपयोग करने हेतु पालिका घर घर वाहन भेजेगी। अवशिष्ट भोजन के एकत्रित कर गोशाला भिजवाया जाएगा।


बोर्ड की बैठक में बोलते पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल। ● अमृत विचार

# बोर्ड की बैठक में 14 करोड़ 50 लाख के बजट को झंडी

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: पालिका बोर्ड की बैठक में 14 करोड़ 50 लाख रुपये के अनुमानित बजट को सर्वसम्मति से हरी झंडी मिल गई। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को त्योहारों के मद्देनजर सफाई व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

नगर पालिका परिषद के सभागार में गुरुवार दोपहर दो बजे पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने पिछली बैठक की पुष्टि कराई। अधिशासी अधिकारी ने वर्ष 2024-2025 का अनुमानित बजट पेश किया। 50 करोड़ 65 लाख रुपये की आमदनी व 35 करोड़ 25 लाख रुपये का व्यय होना प्रस्तावित है। जबकि 14 करोड़ 50 लाख रुपये का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पेयजल, पथ-प्रकाश, साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने को लेकर सदस्यों ने चर्चा की। विकास कार्य, पालिका क्षेत्र में बने स्टील वेंडर्स जॉन का किराया प्रति माह एक हजार रुपये लिए जाने, तीन वर्ष के बाद दस प्रतिशत बढ़ोतरी करने, स्ट्रीट वेंडर्स जॉन को जिस व्यक्ति को दिया जाएगा, वही व्यक्ति ही कार्य करेगा। इससे पहले सभासदों ने मृतक सभासद पवन रस्तोगी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदीप सक्सेना, सभासद फैजान, मोहसिम खां, परमजीत कौर पोला, रीतु, प्रिया, परवेज खां आदि रहे।

# डूंगरपुर के मामले में बहस पूरी 16 को आ सकता है फैसला

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: डूंगरपुर के एक मामले में गुरुवार को अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में 16 मार्च को फैसला आ सकता है। डूंगरपुर में सपा शासन काल में वहां बने मकानों को गिरवाकर आसरा कॉलोनी बनवाई थी। प्रदेश में आई भाजपा सरकार में आजम खां के खिलाफ कई मामले दर्ज कराए थे। मकानों पर बुलडोजर चलवाने के मामले में आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया था। आरोप है कि आजम खां के इशारे पर मकान गिराए गए थे। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। एमपी-एमएएलए सेशन कोर्ट में गुरुवार को इस मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि डूंगरपुर के एक मामले में बहस पूरी हो गई है। इसमें निर्णय के लिए 16 मार्च नियत कर दी गई है।

### साली ने जेल में आजम खां से की मुलाकात

सीतापुर, अमृत विचार : गुरुवार सुबह रामपुर से आए दो सपा नेता मकसूद अली और अजय कुमार सहित हरदोई जनपद से आई आजम की साली ने जेल पहुंचकर ऑनलाइन पंजीकरण कराया। दोपहर 12 बजे जेल गेट पर तलाशी के बाद तीनों को जेल में प्रवेश दिया गया। आजम से इस दौरान हरदोई से आई साली से जेल में बंद अपने बेटे अब्दुल्ला आजम का हाल जाना। मुलाकात के दौरान सपा नेताओं ने आजम को भेंट स्वरूप कुछ खानपान की चीजें भेंट की। जेल से मुलाकात के बाद बाहर आये सपा नेताओं और साली ने मीडिया से बचते हुए गाड़ी में बैठकर वापस रवाना हो गये।

## बिना पंजीकृत चल रहे तीन अस्पताल सील

रामपुर/मिलक, अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने मिलक में बिना पंजीकरण कराए चल रहे तीन अस्पताल गुरुवार शाम सील कर दिए। इनमें एक अस्पताल के चिकित्सक मौजूद मिले, लेकिन वह कोई अभिलेख नहीं दिखा पाए। दो अन्य संचालक मौके पर नहीं मिले।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को सूचना मिली कि मिलक में तीन ऐसे अस्पताल हैं, जिनमें दो डॉक्टर, एक के अभिलेख नहीं हैं। सूचना मिलने पर नोडल अधिकारी की टीम सक्रिय हो गई। गुरुवार को जालिफनगला में तीन अस्पताल पर छापा मारा। जनता प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर, मैक्स अस्पताल पहुंचे। इनमें दो संचालक मौके से फरार मिले। जबकि एबी लाइफलाइन अस्पताल में चिकित्सक तो मिले। इस पर उनसे अस्पताल में पंजीकरण के अभिलेख मांगे तो वह नहीं दिखा पाए।

# बेटी के ऑपरेशन की खबर सुन मां की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एसटीएच में जन्मी पौत्री को देखने पहुंची मां, बेटी के ऑपरेशन की खबर सुनकर सदमे में आ गई और उसकी मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति पर बगैर पोस्टमार्टम शव परिजनों को सौंप दिया गया।

रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर निवासी कैलाश ने बताया कि भोजवक्काल अजीमनगर रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी मौसी रामप्यारी की बेटी रजनी एसटीएच में भर्ती थी। ऑपरेशन से रजनी ने 5 मार्च को बच्ची को जन्म दिया। रामप्यारी अपनी नवजात पौत्री को देखने एसटीएच पहुंची। यहां उन्हें बेटी के ऑपरेशन की खबर मिली तो वह सदमे में आ गईं। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। कुछ ही देर में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। परिजनों ने प्रार्थना पत्र देकर प्रशासनिक अधिकारियों ने पोस्टमार्टम न कराने अपील की। जिसके बाद बगैर पोस्टमार्टम शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### दो बेटियों और एक बेटे की शादी नहीं कर पाई रामप्यारी



रामपुर, अमृत विचार : भोट बक्काल की रहने वाली रामप्यारी (55) की बेटी के आपरेशन की खबर सुनते ही हल्द्वानी के अस्पताल में गिर गई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां जानकारी मिलने के बाद परिजन पहुंच गए। शव को लेकर घर आ गए। जहां उसका देर शाम तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ है। रामप्यारी की दो अविवाहित बेटियां और एक बेटा है। मां की अचानक हुई मौत से घर में कोहराम मचा है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव भोट बक्काल निवासी रामपाल मजदूर है। उनके आठ बच्चे हैं। इममें छह लड़कियां और दो लड़के हैं। रामपाल ने चौथे नंबर की बेटी रजनी की शादी छह साल पहले उत्तराखंड के गदरपुर निवासी प्रेमपाल से की थी। रजनी को छह साल बाद संतान की खुशी मिलने वाली थी। चिकित्सकों ने बताया था कि बच्चा ऑपरेशन से पैदा होगा। छह साल बाद बेटी के संतान होने की खुशी में रजनी की रामप्यारी उसे देखने के लिए अस्पताल पहुंची थी। रामप्यारी की गर्भवती बेटी को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी मेटरनिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रामप्यारी को किसी ने बेटी का ऑपरेशन होने की जानकारी दी तो वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। रामप्यारी को डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। देर शाम तक उसका अंतिम संस्कार नहीं हुआ था। रिश्तेदारों का इंतजार किया जा रहा था।

## मानसिक रूप से कमजोर किशोर की तलाश जारी



मसवासी,अमृत विचार: क्षेत्र के बिजारखाता में एक किशोर लापता हो गया है। परिवार के लोग एक सप्ताह से उसकी तलाश में जुटे हुए हैं लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पा रही है। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। बिजारखाता निवासी मुस्तफा का पुत्र मिशारिफ (15) घर से टहलने के लिए निकला था। देर शाम तक वापस न होने पर परिवारजनों को चिंता हुई। उन्होंने उसे इधर-उधर तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। एक सप्ताह से गायब हुए किशोर को लेकर परिजनों की चिंता बढ़ गई है। मुस्तफा हुसैन का कहना है कि मिशारिफ मानसिक रूप से कमजोर है लेकिन वह भली भांति परिजनों को जानता है।

# मुफ्त मिलेगी बिजली, किसान खुश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : एक अप्रैल से जनपद के किसानों को नलकूपों के लिए बिजली मुफ्त मिलेगी। इससे किसानों को काफी राहत मिलेगी। फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को अब बिल नहीं देना पड़ेगा। किसानों के हित के किए गए फैसले की काफी सराहना की जा रही है।

जनपद में किसानों के 15000 से अधिक नलकूप कनेक्शन हैं। इन नलकूप का बिजली बिल अधिक आने पर किसान तहसील व मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हैं। इस दौरान विद्युत निगम के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं। ऐसे में सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लिया है।

अग्रिम आदेशों तक किसानों को मुफ्त में बिजली मिलेगी। एक वर्ष का किसानों का बिल माफ किया गया है। शहर डिवीजन में 121, स्वार-टांडा में 3998, मिलक-शाहबाद क्षेत्र में 4792 और बिलासुपर केमरी में 6882 कनेक्शन हैं।


किसानों के लिए जो सरकार ने फैसला लिया है इससे फसलों की सिंचाई के लिए काफी राहत मिलेगी। एक अप्रैल से नलकूपों के लिए मुफ्त में बिजली मिलेगी।
– मोहम्मद हनीफ वारसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाकियू भानू


यह आदेश कई वर्षों पुराना है, जब यह आदेश जारी हुआ तो उस हिसाब से किसानों के नलकूप का बिल माफ कराया जाए। किसानों के लिए एक वर्ष का बिल माफ किया गया हैं। – मुराद खां, नगराध्यक्ष बिलासपुर भाकियू भानू


कैबिनेट में किसानों के हित में कई फैसले किए है जिसमें किसानों के लिए ट्यूबवेल को मुफ्त बिजली का प्रस्ताव पारित किया गया। अधिक बिजली का बिल आने पर किसानों का धरने देने पड़ते हैं। – हसीब अहमद, प्रदेश महासचिव भाकियू


उत्तर प्रदेश के किसानों को नलकूप की बिजली निशुल्क करके उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है जिसका भारतीय किसान संघ हृदय से स्वागत करता है। – आदेश शंखधार जिलाध्यक्ष भाकिसं

# सड़क हादसे में जान गंवाने वाला केमरी का शाकिब था

संवाददाता, केमरी

▸▸ देर रात गांव जिवाई कदीम के पास मिला था युवक का शव

अमृत विचार: गांव जिवाई कदीम के पास देर रात एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया। गुरुवार को उसकी शिनाख्त केमरी निवासी शाकिब शमसी (24) के रूप में हुई है।

गांव जिवाई कदीम के पास देर रात कुछ लोगों ने एक युवक का शव देखा था। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई थी। सुबह उसकी शिनाख्त उसके परिजनों ने नगर के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी शाकिब शमसी पुत्र वहीद अहमद के रूप में की। जहां परिजनों ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने जमील अहमद की साइकिल की दुकान पर मैकेनिक का काम करता है। माता-पिता की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में चार भाई बहन हैं। दो बहन भाइयों की शादी हो चुकी है। मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाला अकेला व्यक्ति था। देर रात नगर क्षेत्र के ही मोहल्ला सिंघाड़ियान निवासी अपने दोस्त आलिम के साथ टेंपो पर सवार होकर मिलक रोड पर कहीं जा रहा था। गांव जिवाई जदीद एक ढाबे के सामने जैसे ही टेंपो से उतरा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अंधेरा होने के कारण वह कई घंटों तक रोड पर ही पड़ा रहा। कुछ ही देर में वहां कुछ लोगों की भीड़ लग गई। जिसकी सूचना गांव के चौकीदार राहुल कुमार को मिली। पुलिस उसकी शिनाख्त कराई।

# 15793 किसानों का बिल हुआ माफ

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


बैठक में मौजूद सांसद,जिलाधिकारी और भाजपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि जिले के 15793 किसानों का विद्युत बिल माफ होने से उन्हें लाभ मिला है। सरकार का यह कदम सराहनीय है। किसानों के निजी नलकूपों का विद्युत बिल माफ व सिंचाई के लिए निशुल्क बिजली की उपलब्धता किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि कृषि लागत को न्यूनतम कर अधिकतम उपज प्राप्त करना, किसानों के लिए लाभकारी है। सरकार की यह योजना कृषि कार्यों में लागत को कम करने में मददगार साबित होगी। एक अप्रैल 2023 से अब तक निजी नलकूप उपभोक्ता किसानों का बकाया विद्युत बिल माफ कर दिया गया है। इस संबंध में प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अंतर्गत जिले के 15793 किसानों को लाभ मिलेगा। जनपद में शहरी क्षेत्र में 121, स्वार टांडा एवं खौद क्षेत्र में 3998, मिलक एवं शाहबाद क्षेत्र में 4792 तथा बिलासपुर केमरी क्षेत्र में 6882 सहित पूरे जिले में कुल 15793 निजी नलकूप विद्युत संयोजन हैं। एक अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 तक 148 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि माफ कर दिया गया है। भविष्य में इन निजी नलकूप संयोजनों से संबंधित किसानों को सिंचाई के लिए निशुल्क विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

इस दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन और भाजपा जिला अध्यक्ष हंस राज पप्पू सहित विभागीय अधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

**समस्या** मोहल्ले के लोगों में पनप रहा गुस्सा, किया विरोध-प्रदर्शन, जलकल विभाग के अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया

# वार्ड 36 में नौ माह से अधर में है पाइप लाइन बिछाने का कार्य

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


पाइप लाइन नहीं बिछने के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद के जलकल विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते वार्ड नंबर 36 में नौ माह से पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधर में है। जगह-जगह लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोद दिए गए हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि मेनहोल के चैंबर भी टूटे हुए हैं, जिससे यहां सड़कों पर जलभराव की स्थिति है। गुरुवार को लोगों ने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होने पर पालिका में धरना देने की चेतावनी दी।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 36 की आबादी करीब 10000 है। घेर रहमत खां, कच्ची मस्जिद, मजहर खां की बाड़ी, नई बस्ती, मस्जिद उम्र फारूख समेत कई आसपास के क्षेत्र हैं, जो इस क्षेत्र में पाइपलाइन बिछी हुई है वह काफी पुरानी है। इसे बदलवाकर नई पाइपलाइन बिछाई जानी है। लाइन का बिछाने का कार्य नौ माह पहले शुरू किया गया था। जो अभी अधर में है। बुधवार को नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में सभासद मोहम्मद जफर ने प्रस्ताव रखा था। इसमें उन्होंने बताया था कि मेनहोल के चैंबर टूटे हुए हैं। सीवर का पानी सड़कों पर आ रहा है। उस गंदे पानी से लोगों के घरों के बाहर भी जलभराव हो रहा है।

वार्ड नंबर 36 में पाइपलाइन बिछने का कार्य जलकल विभाग की ओर से कराया जाएगा। मोहल्लेवासियों की समस्या को देखते हुए जलकल अभियंता को निर्देशित किया है कि लाइन बिछाने का कार्य कराया जाए।
–दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ


जलकल विभाग के अधिकारियों की सुस्ती की वजह से पाइप लाइन नहीं बिछी है, जिससे आने-जाने में परेशानी हो रही है। मेनहोल के चैंबर भी टूटे हुए हैं उनमें से पानी सड़कों पर आ रहा हैं। – बिशारत खां


जो पाइपलाइन है वह काफी पुरानी है इसके स्थान पर नई लाइन बिछनी है, लाइन बिछाने के लिए जगह-जगह की सड़क को खोदा गया। उसके बाद यहां पर कोई कार्य नहीं कराया जा रहा है। – मतलूब खां


पालिका के जलकल विभाग द्वारा लाइन बिछनी है, अभी तक लाइन नहीं बिछी है, यहां की सड़क पर कई दिनों से जलभराव है, कार्य न होने पर पालिका के जलकल विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया है। – समी


पाइन लाइन बिछाने को कई बार जलकल विभाग के अधिकारियों को लिखित, मौखिक रूप से बताया गया है अभी तक कोई सुध नहीं ली गई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने से जलभराव है। – वजीर खां

## सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में करें आवेदन

रामपुर, अमृत विचार: जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि योजना के अन्तर्गत प्रतिमाह 300 यूनिट्स बिजली मुफ्त दी जाएगी। सौर पैनल खरीदने के लिए 78000 रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी, सरकार द्वारा सौलर पैनल खरीदने के लिए बैंकों से लोन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना राष्ट्रीय बिजली आपूर्ति नीति के तहत शुरू की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अवश्यक दस्तावेजों में पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, स्थायी पते का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बिजली का बिल आवश्यक है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी pmsuryaghar.gov.in पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।


मृतक के घर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू एवं अन्य। ● अमृत विचार

# सिलई बड़ा प्रकरण: मृतक सुमेश के परिजनों को दी आर्थिक मदद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, मिलक के उपजिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सिलईबड़ा गांव स्थित मृतक सुमेश के घर पहुंचे। उसके पिता को 4,12,000 रुपये की आर्थिक मदद दी। घायलों के घर पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना।

मृतक के परिजनों की मांगों को जाना। उनकी मांगों के आधार पर उन्हें आश्वासन दिया। उनके परिजनों में से किसी न किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी की व्यवस्था कराई जाएगी। मृतक के परिजनों को और आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। मृतक के परिजनों को 4,12,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रशासन द्वारा कराई गई है और धनराशि कुछ दिनों बाद उनके खाते में ट्रांसफर कराई जाएगी। जिन लोगों को चोट लगी थी। इस दौरान प्रेम शंकर पांडेय, ऋषि पांडेय, दिनेश शर्मा, अर्जुन रस्तोगी, राहुल गुप्ता, प्रदीप रहे।

## एक नजर

### कांवड़ियों को जगह जगह जल पान कराया

**मसवासी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। नगर के मार्गों पर कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारे लगाते हुए गुजरते रहे। हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के लिए मिलक नौखरीद, हसनपुर उत्तरी, करीमपुर, रहमतगंज और मसवासी में सेवा भाव के चलते लोग जगह-जगह कांवड़ियों को फल, पीने का पानी, और भोजन की व्यवस्था कर भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। कांवड़िये भी डीजे की धुन पर बज रहे बाबा भोलेनाथ के गानों पर नाचते हुए चल रहे। रंग-बिरंगी झालरों कांवड़ों को लोग देखते रह गए।

### ओसी में सांड़ के हमले में दो ग्रामीण जख्मी, भर्ती

**शाहबाद, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव ओसी में सांड़ ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। जिससे दो बुजुर्ग जख्मी हो गए। दोनों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बताया कि गांव ओसी में सांड़ हमलावर हो गया है। गांव की राजवती (65) पशुशाला जा रही थीं, इस दौरान सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर आए और किसी तरह बचाया। ग्रामीण सांड़ को वहां से भगा रहे थे, तभी उसने सामने से आ रहे नेमचंद पर हमला कर दिया। उन्हें शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची विभागीय टीम ने सांड़ को काबू किया। ग्रामीणों के मुताबिक कुछ रोज पहले सांड़ को पागल कुत्ते ने काट लिया था।

### सड़क हादसे में दो छात्र जख्मी, एक रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी छत्रपाल का 17 वर्षीय बेटा हिमांशु व चकासी निवासी चंदेश बाबू का 17 वर्षीय बेटा शीरा परीक्षा देने शाहबाद आ रहे थे। रास्ते में वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। उपचार के लिए दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन शीरा की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



कांवड़ लेकर आते शिवभक्त। ● अमृत विचार




अजीमनगर क्षेत्र से गुजरते कांवड़िये। ● अमृत विचार



कांवड लेकर आती महिला। ● अमृत विचार

# शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक आज

## दिन भर गूंजे भोले के जयकारे, देर शाम तक जारी रहा कांवड़ियों के आने का सिलसिला

संवाददाता, रामपुर/सैदनगर

**अमृत विचार:** जिले भर में शुक्रवार तड़के शिवालयों में जलाभिषेक होगा। शिवभक्त कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारों संग शिवलिंग पर जल चढ़ाएंगे। इसके लिए गुरुवार को दिन भर मंदिरों में सजावट की गई। कांवड़िये के कांवड़ों में जल लेकर आने का सिलसिला देर शाम तक जारी है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा है।

जिले में शुक्रवार को शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी। शिव भक्त कांवड़ लेने के लिए ब्रजघाट, हरिद्वार के लिए रवाना हो गए थे। गुरुवार से कांवड़ियों का जल लेकर लौटना शुरू हो गया। सुबह से ही कांवड़िये हाईवे एनएच-84 से होते हुए शहर के अंदर प्रवेश करते रहे। कांवड़िये आराम करने के लिए आंबडेकर पार्क और रोडवेज परिसर में ठहरे। शुक्रवार को शिवरात्रि को लेकर मंदिरों में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। उधर, सैदनगर क्षेत्र में स्वार रोड पर कावड़ियों के जत्थे सुबह से लेकर शाम तक गुजरते रहे। ग्रामीणों ने जगह-जगह पंडाल लगाकर शिवभक्तों का स्वागत किया। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की गई। विकासखंड क्षेत्र से हजारों कांड़िये हरिद्वार से जल लेने के लिए गए थे। गुरुवार सुबह से लेकर शाम तक स्वार रोड पर कावड़ियों के जत्थे गुजरते रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान चारों ओर से भोलों के जयकारों की आवाज आ रही थी। खेमपुर, इमरता, परचई, बड़ापुरा, मुरसेना, बहादुरगंज, खौद आदि आदि चौराहों पर भोलों के स्वागत के लिए पंडाल बनाए गए थे। हर कोई भोलों को जलपान कराकर पुण्य कमाना चाह रहा था। खौद चौराहे पर पुलिस एवं ग्रामीणों ने कांवड़ियों पर फूलों की वर्षा की। कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क पर पुलिस मुस्तैद रही। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा चौकी इंचार्ज अमित कुमार एवं चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ हर गतिविधि पर नजर जमाए हुए थे।

- सुरक्षा के लिए पुलिस रही तैनात, मंदिरों में हुईं तैयारियां शिविरों में कराया जलपान



हाईवे पर मार्ग परिवर्तित के दौरान तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



बैठक में चर्चा करते कमल रस्तोगी व अन्य। ● अमृत विचार

### शहर में निकाली जाएगी शोभायात्रा

**रामपुर, अमृत विचार :** रस्तोगी महासभा की ओर से गुरुवार दोपहर बैठक का आयोजन उपाध्यक्ष कमल किशोर स्तोगी की ज्वालानगर स्थित दुकान पर हुआ। इसमें बताया कि भोलेनाथ की बरात निकालने का निर्णय लिया गया है। भंडारे का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष छोटेलाल ने सभी को जिम्मेदारियां सौंपी। कहा कि बरात शहर में धूमधाम से निकाली जाएगी। भोले शंकर की बरात कैथ वाली मजिस्द से होकर कई मार्गों पर होती हुई रस्तोगी सभा मंदिर में समाप्त होगी। इस मौके पर मनोज रस्तोगी भी मौजूद रहे।

### आज धूमधाम से निकलेगी शिव शोभायात्रा

**स्वार, अमृत विचार :** शिवरात्रि पर नगर में शुक्रवार को शिव शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए बहजोई-चंदौसी मुरादाबाद से अखाड़े मंगवाए हैं। हरिद्वार से जल भरकर कांवड़िये अपने गंतव्य पर पहुंच गए। जहां वे सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों को जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जलपान कराया। कावड़ियों के आगमन के चलते पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के उदघोषों से गुंजायमान हो उठा। नगर के मोहल्ला स्वार खास स्थित प्राचीन बड़ा शिव मंदिर से धूमधाम से शिव शोभायात्रा निकाली जाती है। इस बार शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए आयोजकों ने मुरादाबाद का अर्द्धनेश्वर, चंदौसी का अघोरी, बहजोई का राधाकृष्ण ओर काली भस्मासुर के अखाड़ों को बुलाया गया है। शोभायात्रा के आयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि शिव शोभायात्रा शुक्रवार को बड़ा शिव मंदिर से शुरू होगी, जो कि नगर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण के बाद बड़ा शिव मंदिर पर जाकर समाप्त होगी। शिव शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक शफीक अहमद अंसारी करेंगे। उधर, श्रद्धालुओं ने नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कांवड़ियों को जलपान कराने के साथ ही उनके विश्राम की भी व्यवस्था की है। हर हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।



स्वार क्षेत्र में कांवड़ लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार



डायमंड रोड स्थित मार्ट में खाद्य पदार्थ चेक करते अभिहित अधिकारी व अन्य।

## टीम ने दाल चीनी के लिए नमूने

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने गुरुवार को छापेमारी की और आठ जगह से दाल चीनी के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने डायमंड रोड स्थित एक मार्ट का निरीक्षण किया। शौकत अली रोड रिलायंस रिटेल से दाल चीनी, पुराना गंज में मनोज कुमार, ज्वालानगर में अजय कुमार, मिस्टन गंज चौराहा स्थित अंकित गुप्ता और शाहबाद में कृष्ण कुमार, सैफनी में नजाकत हुसैन के यहां से दाल चीनी नमूने लिए गए। इस दौरान अशोक कुमार, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला और अजरा बी आदि शामिल रहे।

अभिहित अधिकारी ने बताया कि समय-समय पर सचल दल द्वारा अभियान चलाए जा रहे हैं। सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाते हैं। गुरुवार को जनपद में सचल दल ने आठ प्रतिष्ठानों से दाल चीनी के नमूने लिए गए हैं।

## पांच गांवों में आबकारी टीम ने चलाया अभियान 45 लीटर शराब पकड़ी

**बिलासपुर, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव एवं होली के मद्देनजर शराब की बिक्री व विक्रय की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग की टीम ने क्षेत्र के पांच गांवों में छापेमारी की। इससे हड़कंप मच गया।

गुरुवार दोपहर आबकारी निरीक्षक मोहम्मद सरफराज आलम ने बताया कि लोकसभा चुनाव एवं होली के मद्देनजर उनकी टीम ने तहसील क्षेत्र के खुटाखेड़ा, महेशपुरा, गजरौला, मुल्लाखेड़ा एवं अराक्षित डंडियां वन जंगल में छापेमारी की थी। इस दौरानअवैध शराब बना रहे लोग मौका पाकर वहां से फरार हो गए। एक स्थान से बनी मिली 45 लीटर अवैध शराब को अपने कब्जे में किया गया है। 600 किलोग्राम लहन बनष्ट किया गया। उन्होंने बताया यह अभियान शासन और जिला आबकारी अधिकारी एसके शर्मा के आदेश पर चलाया गया था।



कांवड़ यात्रा में शामिल महिलाएं, बच्चे व अन्य। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों का किया स्वागत

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** गुरुवार को हरिद्वार एवं ब्रजघाट से जल लेकर नगर पहुंचे कांवड़ियों का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने फूल मालाएं पहनाकर बैंड बाजों के साथ पुष्प वर्षा की। नगर में कांवड़ यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं भी शामिल रहीं। शुक्रवार को मन्दिरों में जल चढ़ाया जाएगा।

नगर में गुरुवार को जल लेकर पहुंचे भोलों का स्वागत हुआ। नगर के मुख्य बाजार में कांवड़ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई।

यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा में कांवड़िए बम-बम भोले के जयकारे लगा रहे थे। कुछ कांवड़िए भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए बाजार में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही।

## किसानों ने किया प्रदर्शन, मुआवजा मांगा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** भाकियू भानू की पंचायत में एमएसपी कानून बनाने, किसानों का कर्ज माफ करने और बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे का मुद्दा उठा। बाद में मांगों को लेकर किसानों ने हाईवे पर प्रदर्शन भी किया।

क्षेत्र के गांव सनकरा में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों की पंचायत हुई। इसमें वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी पर मजबूत कानून बनाकर किसानों को चुनाव से पहले तोहफा दे। बेमौसम बारिश से फसलें बर्बाद हो गई हैं। प्रशासन सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करें और किसानों को मुआवजा दे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी किसानों को मुआवजा देने के आदेश दिए हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी सर्वे नहीं कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिकदर ने कहा कि किसान की आर्थिक स्थिति पहले ही खराब थी और बारिश से फसलों में नुकसान होने से वे चिंतित हैं।

किसान देश की रीढ़ हैं इसलिए सरकार उनका कर्ज माफ करे। बाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रामपुर-काठगोदाम हाईवे पर आ गए। यहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

इस दौरान जाकिर अली वारसी, आरिफ अली, इल्यास अहमद, हसीब वारसी, जाहिदा, हाजी इरशाद अली, सादिक अली, मुकेश कुमार पांडे, महावीर सागर, देवी चंद, शाकिर अली, इंतजार अली, प्रेमपाल, राशिद, जुल्फिकार, फैजान अली आदि मौजूद रहे।



मांगों को लेकर नेशनल हाईवे पर प्रदर्शन करते भाकियू के सदस्य। ● अमृत विचार

- पंचायत में गूंजा कर्ज माफी और एमएसपी कानून बनाने का मुद्दा
- गांव सनकरा में हुई भाकियू भानू की पंचायत

विज्ञान प्रदर्शनी | इंपैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में हुआ कार्यक्रम

## छात्र-छात्राओं के विकास के लिए प्रदर्शनी बेहद जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** थूनापुर स्थित इंपैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी, टीएलएम प्रदर्शनी, होम साइंस प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें थानाध्यक्ष भोट निशा खटाना ने कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को अपने सब्जेक्ट में शानदार प्रदर्शन करने का मौका मिलता है।

इस दौरान प्राचार्य आसिम अहमद ने बताया कि छात्र-छात्राओं के चौमुखी विकास के लिए इस तरह की प्रदर्शनी बेहद जरूरी है। जहां पर छात्र छात्राए साइंस के कई आविष्कारों को खुद वर्किंग मॉडल बना कर प्रैक्टिकल कर देखते हैं। प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण इंपैक्ट कॉलेज का मॉडल, प्लेनेटोरियम, सोलर पॉवर इलेक्ट्रिक ऑटो शट मॉडल, रेशम का उत्पादन चक्र मॉडल, कोरोना वायरस एंड वैक्सीन मॉडल, ड्रिप सिंचाई व स्प्रिंकलर सिंचाई मॉडल, प्रदूषण मुक्त इंडस्ट्री मॉडल, केमिस्ट्री के मॉडल आदि रहे। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मॉडल, डीएनए फिंगर प्रिंटिंग मॉडल, डायलिसिस मॉडल, एसिड रेन मॉडल, वेजिटेबल कटर मॉडल, हार्ट वर्किंग मॉडल, एम्युलसिफिकेशन मॉडल, ग्रीन हाउस मॉडल, रिकंबिनेंट डीएनए टेक्नोलॉजी, विंडमिल मॉडल, फोटोसिंथेसिस मॉडल, नाइट्रोजन फिक्सेशन मॉडल आदि थे। होम साइंस विभाग की छात्राओं ने कुकिंग विद आउट फायर व कई तरह के स्वादिष्ट, स्वास्थ्य वर्धक व्यंजन तैयार किए। छात्र-छात्राओं ने कई एजुकेशनल गेम्स के मॉडल भी बनाए। आकर्षण मॉडल तैयार करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। अंत में कॉलेज चेयरमैन डॉ. सुल्तान सैफी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान कॉलेज एमडी सरताज अहमद, वरिष्ठ प्रवक्ता यासमीन जैदी, नगमा बी, अनुप्रिया वशिष्ठ, सुशील कुमार, अनीस अहमद, डॉ. आशीष अग्रवाल, डॉ. दानिया अहमद, सनम खान आदि आदि मौजूद रहे।



कॉलेज में छात्राओं द्वार बनाए गए मॉडल देखतीं थानाध्यक्ष निशा खटाना, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

## सपा के जिलाध्यक्ष बने अजय सागर

**रामपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय सागर बनाए गए हैं। इनके राजनैतिक सफर की शुरूआत बसपा से हुई थी, वे वर्ष 2016 में बसपा के स्वार विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष बनाए गए थे। इसके बाद वर्ष 2019 में बसपा के जिलाध्यक्ष बने थे। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा और सपा के गठबंधन उम्मीदवार के रूप में सपा प्रत्याशी मोहम्मद आजम खां ने जीत हासिल की थी। तब दलितों के वोट आजम खां को दिलाने में अजय सागर ने अहम भूमिका निभाई थी। इससे आजम खां की नजर में अजय सागर का कद बढ़ गया था। चुनाव के बाद आजम खां से नजदीकियों के कारण ही बसपा ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया था। अजय की मेहनत, लगन और निष्ठा से प्रभावित होकर ही सपा ने जिलाध्यक्ष के पद से नवाजा है।





समूह की बैठक में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

## समूह की सदस्यों को रोजगार दे रही सरकार : अलीशा नाज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला खास वार्ड नंबर 12 में गुरुवार को सभासद अलीशा नाज के आवास पर एरिया लेवल सोसायटी स्वयं सहायता समूह की बैठक हुई।

इसमें समूह की अध्यक्ष अलीशा नाज ने महिलाओं को बताया कि सरकार ने उनके लिए रोजगार शुरू किए हैं। समूह के जरिये महिलाओं को पैसे देकर उन्हें रोजगार शुरू करने में मदद की जा रही है। सरकार ने महिलाओं के लिए कढ़ाई, बुनाई व जरी का रोजगार शुरू कराया है। भाजपा नेत्री डोली रंधावा ने बताया कि महिलाएं सहायता समूह से जुड़े और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। रामपुर से आई सना खान ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ें। इस मौके पर नगमा खान, कनीज खान, रूमा बी, रफत जहां, प्रियंका, सीमा, प्रीति, काजल, अंजलि, प्रियंका कश्यप, नाहिद परवीन, शगुफ्ता, नरगिस जहां, गुलशन जहां, रफत जहां, नवेद अली आदि मौजूद रहीं।

## सहकारी बैंक परिसर बना पार्किंग स्थल

**रामपुर, अमृत विचार:** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित धमोरा गांव में जिला सहकारी बैंक परिसर पार्किंग स्थल बन गया है।

जहां जिले का पहला शॉपिंग मॉल भी शीघ्र ही बनकर तैयार होने वाला है। धमोरा गांव से लोग अपनी बैंकिंग सुविधा से लेकर अन्य सेवाएं भी ले रहे हैं। लोगों के लेनदेन के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूपी ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा व किसान हित सोसायटी से खाद समेत किसानों को ऋण देने में जिला सहकारी बैंक समेत चार बैंक शाखाएं है। इसमें से जिला सहकारी बैंक के प्रांगण को कुछ बैंक के अधिकारी तो कुछ अन्य ग्रामीणों ने अपनी गाड़ियां खड़ी करनी शुरू कर दी थीं, जिससे दूर-दराज से आने वाले ग्राहकों को लगता है कि यहां बैंक नही बल्कि पार्किंग स्थल है। जिससे बैंक के आने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और वह पार्किंग समझ कर लौट जाते हैं। खाता धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## एक नजर

### जनपद को जल्द मिलेंगी नई पांच एंबुलेंस

रामपुर,अमृत विचार : जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, निशुल्क प्रसव की सुविधा नवजात शिशुओं को घर से चिकित्सालय लाने व घर छोड़ने के लिए नई पांच 102 एंबुलेंस मिलेंगी। एसीएमओ डा. संतोष कुमार ने बताया कि मरीजों को अस्पताल लाने और घर छोड़ने के लिए शासन को पांच एंबुलेंस का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। उम्मीद है कि इसी माह में एंबुलेंस मिलेंगी ।जिससे कि रोगियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

### गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को तीन साल की कैद

रामपुर,अमृत विचार : सिविल लाइन के मोहल्ला नादरबाग निवासी सुनील को कुछ समय पहले पुलिस ने पकड़ लिया था ।उसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया था। उसके बादपुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी ।जिसकी सुनवाई एडीजे तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। गुरुवार को कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की कैद और दस हजार का जुर्माना लगाया है।

# रानी झांसी की ललकार, दुनिया को है याद...

## रजा डिग्री कॉलेज में हुआ मुशायरा और कवि सम्मेलन, शायरों ने पेश किए कलाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कलाम पेश करता छात्र। ● अमृत विचार


मुशायरा में मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

- छात्र-छात्राओं ने पेश किए देश के चुनिंदा शायरों के कलाम
- अजहर इनायती के रूप में अली रजा ने पढ़ी नात

**अमृत विचारः** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को उर्दू विभाग की ओर से तमसीली मुशायरा और कवि सम्मेलन हुआ। इसमें देश के चुनिंदा शायरों के कलाम पर छात्र-छात्राओं को खूब दाद मिली। इससे पहले जिला युवा अधिकारी माहे आलम, शायर अजहर इनायती, शकील गौस, प्राचार्य डॉ. दीपा अग्रवाल और चीफ प्राक्टर डॉ. जागृति ढींगड़ा मदान ने शमा रोशन की।

मुशायरा की निजाम कर रहे इंतखाब आलम ने सबसे पहले शरफ नान पारवी को दावते सुखन दी। उन्होंने कहा, कहो सब मिलकर कहो जिंदाबाद, वह रानी झांसी की ललकार, अभी तक दुनिया को है याद। हमारे अशफाक उल्लाह खां, महाराणा प्रताप अभी तक सबको हैं याद। इससे पहले अजहर इनायती के रूप में अली रजा ने नात पेश कर मुशायरे का आगाज किया। उन्होंने कहा कि ऐसा न हो, होंठो पर नामे नबी न हो, जो सांस ले रहे हैं, वह कहीं आखिरी न हो। वसीम बरेलवी बने अकील अहमद ने राही बस्तवी को अब्दुल रऊफ ने पेश किया।

ताहिर फराज की इंतखाब आलम, खुर्शीद हैदर की खुशनूद ख्वाजा, सिकंदर हयात गड़बड़ की, मोहम्मद फैज ने अल्ताफ जिया, अब्दुल रब ने तमसील की। आसिफा मकबूल ने शबीना, अदीब की नाजिया मकबूल ने निखत अमरोहवी की उरूज ने हिना तैमूर की तमसील की। डॉ. अनामिका अंबर की इल्मा जाहिद ने अंकिता सिंह की दिव्यांशु ने लता हया की, रागनी गर्ग ने अनमोल रागिनी की, फायजा जुबैर ने रूप धारण किया।

मेहरान ने नवाज देवबंदी की अलवीरा सलीम ने शाइस्ता सना की भूरा कुमार ने चिराग जैन की तमसील पेश की। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सैयद मौहम्मद अरशद रिजवी ने सभी का धन्यवाद दिया। छात्र- छात्राओं द्वारा पेश किए गए कलाम को खूब सराहा गया। इस दौरान अजहर इनायती, शकील गौस, जावेद नसीमी, एस फजीलत, अदनान जियाई, अत्ताउल्लाह खान, शाह फैसल खां, डॉ. हसन अहमद निजामी, डॉ. अलिफ नाजिम आदि उपस्थिति रहे।

## मैच में रामपुर थेडर्स ने रजा क्लब को हराया

रामपुर, अमृत विचार: जनपदीय सीनियर पुरूष वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच रजा क्लब और रामपुर थेडर्स के बीच खेला गया। रामपुर थेडर्स ने पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर में तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जिसमें साजिद ने 57 रन और आकिल ने 50 रन का योगदान दिया। रजा क्लब 151 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए 99 रन पर आल आउट हो गई। अकील को मैन आफ द मैन घोषित किया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच पायनियर क्लब और टाइटन्स क्लब के मध्य खेला गया। पायनियर क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन पर आल आउट हो गई । टाइटंस ने 12.4 ओवर में 69 रन का टारगेट सात विकेट खोकर प्राप्त किया। वकील ने 33 रन और सलमान ने 3 विकेट हासिल किए मैन आफ द मैन राहुल को मिला। प्रतियोगिता की अम्पायरिंग उबैद इकबाल और फव्वादने की। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव जिला क्रीड़ा अधिकारी गदाधर बारीकी ने सभी का आभार जताया।

## सार संक्षेप

### क्षय रोगियों को वितरित किया पोषण आहार


पोषण आहार देतीं शुभि जैन।

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 15 टीबी रोगियों को रोटरी क्लब की सदस्य शुभी जैन की ओर से पोषण का वितरण किया गया। जिला अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। इसमें एसीएमओ डॉ. सत्यमूर्ति, डॉ. ओपी आर्या ने टीबी के लक्षण बताए। सामाजिक निगरानी एवं सहभागिता संवर्धन के माध्यम से टीबी खत्म हो जाएगी। कहा कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम आना, तेजी से वजन कम होना, शाम को बुखार रहना, सीने में दर्द होने पर तुरंत ही क्षय रोग अधिकारी कार्यालय जाकर जांच अवश्य कराएं। इस दौरान पीपीएम कॉर्डिनेटर अखलाक, डीपीसी कामरान आदि शामिल रहे।


वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी का स्वागत करते पदाधिकारी।

### प्रीति और सुमित बने वैश्य समाज के मंडल अध्यक्ष

रामपुर, अमृत विचार : वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी, पश्चिमी मंडल प्रभारी सुनीता गुप्ता और उनके साथ मुरादाबाद से कुछ पदाधिकारी डायमंड रोड कॉलोनी में प्रीती गुप्ता के आवास पर पहुंचे। वैश्य समाज पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। प्रीती गुप्ता को मुरादाबाद महिला विंग का मंडल अध्यक्ष और सुमित अग्रवाल को मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष घोषित किया। शलभ गोयल को जिला अध्यक्ष बनाया गया। मुक्तक अग्रवाल को युवा नगर अध्यक्ष, भास्कर अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष,अंकुर अग्रवाल अध्यक्ष वैश्य समाज का घोषित किया गया। इस मौके पर नेहा गर्ग, संगीता अग्रवाल,अनुश्री अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, वर्षा वार्ष्णेय, पूनम अग्रवाल ,ललित अग्रवाल, डॉ पीके वार्ष्णेय, नवनीत गुप्ता, दीपक गोयल पुष्पेंद्र अग्रवाल, मनोज गोयल, गौरव जैन, कपिल गुप्ता, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता आदि मौजूद रहे।


डॉ .वीके शर्मा को स्मृति चिह्न देते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन व अन्य।

### सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की

बिलासपुर,अमृत विचार : स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शासन की कायाकल्प योजना के अंतर्गत लगातार चौथी बार पुरस्कृत किया गया है। इसी योजना के तहत मानपुर ओझा व नवाबगंज पीएचसी तथा ब्लॉक के एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर को भी पुरस्कार मिला है। बरेली रोड स्थित एक होटल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने कहा कि उन्होंने बेहतर हुईं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। सीएमओ डॉ .एसपी सिंह ने सीएचसी स्टाफ की प्रशंसा की। आयुष चिकित्साधिकारी डॉ .वीके शर्मा के वंदेमातरम से प्रारंभ हुए समारोह में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए। संचालन कायाकल्प के जिला समन्वयक डॉ . प्रशांत सिंह ने किया। चिकित्साधीक्षक डॉ . एएच अंसारी ने सबका आभार जताया। बीडीओ राजेश कुमार, एसीएमओ डॉ .संजय सोलंकी, डॉ .संतोष कुमार, डॉ .मणिक अग्रवाल, डॉ .गौरव मित्रा, डॉ .ओमपाल सिंह, शाहीन बी, डॉ .वरुण सक्सेना, एचईओ विनोद कुमार आदि काफी संख्या में स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### 1922 ने छोड़ दी सामजिक विज्ञान की परीक्षा

रामपुर, अमृत विचार : गुरुवार को हाईस्कूल की सामजिकविज्ञान की परीक्षा 71 केंद्रों पर हुई। पंजीकृत 25977 संस्थागत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 24055 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1922 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। व्यक्तिगत के पंजीकृत 161 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 132 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। गुरुवार को हाईस्कूल की सामजिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 8 :30 से पहली पाली में हुई। पहली पाली में ही इंटर के व्यवसायिक शिक्षा की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 317 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 298 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 19 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि 71 सेंटरों पर सामजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। जिसमें परीक्षार्थियों की सघन तलाश ली गई। यूपी बोर्ड की दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। जिसमें संस्थागत के पंजीकृत 17118 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 16032 परीक्षार्थी ही शामिल हुए। जिसमे 1086 ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि व्यक्तिगत के पंजीकृत 982 के सापेक्ष 840 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि, 142 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरी पाली की परीक्षा भी 31 केंद्रों पर हुई। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा।

### होटल व ढाबा संचालकों को पुलिस ने चेताया

बिलासपुर,अमृत विचार : केमरी पुलिस ने अपने क्षेत्र के सभी होटल व ढाबा संचालकों को थाने बुलाकर उनके साथ बैठक की और सहयोग का आग्रह किया। साथ ही चेतावनी भी दी। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर होटल-ढाबों पर असमाजिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए बुलाई गई थी। थानाध्यक्ष ने कहा कि होटल व ढाबों के संचालक अपने प्रतिष्ठानों पर कोई आपत्तिजनक पार्टी या असमाजिक गतिविधि न होने दें तथा समय पर सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। थानाध्यक्ष द्वारा सभी को इस संदर्भ में प्राप्त उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से भी अवगत कराया गया। संचालकों ने पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।


प्रदर्शन करते संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

### संविदा कर्मचारियों ने बिजलीघर पर किया प्रदर्शन

बिलासपुर, अमृत विचार : स्थानीय बिजलीघर से जुड़े 12 डिवीजनों के संविदाकर्मियों ने अनिश्चितकालीन धरना देकर प्रदर्शन किया। संविदाकर्मियों ने एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ व विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले करीब 12 डिवीजनों से आए विद्युत कर्मचारी जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए स्थानीय बिजलीघर पहुंचे। यहां अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। यूपीपीकेएनएस कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार सक्सेना और विवेक कुमार पुष्पद और वीएस कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सागर व जिला महामंत्री जितेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले कई माह से कर्मचारियों का लगातार वेतन काटा जा रहा है। उनके खातों से कटौती की गई। वेतन की वापसी कराई जाए। कुछ देर बाद वह सभी एक्सईएन कमरूद्दीन सिद्दीकी से मिले। अपने अपने ज्ञापन सौंपें। इस मौके पर सुबोध सक्सेना, राहिल मियां,अकबल खां, रवि, तेजपाल, अवधेश कुमार, संजीव गंगवार, नरपत सिंह, गोपाल कृष्ण, ओमप्रकाश, राजेश कुमार,अशोक कुमार, वीरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दीन और अमन के किले हैं मदरसे : रजा

संवाददाता, स्वार


स्वार में जलसे को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

- दुनिया में सबसे बड़ा काम इल्म सीखना, नरपतनगर में मखदूम ए मिल्लत कांफ्रेंस

**अमृत विचारः** मदरसा दारुल उलूम साबिरिया मखदूम ए मिल्लत की सालाना कांफ्रेंस में मौलाना मुफ्ती गुलफाम रजा ने कहा कि सबसे बड़ा काम इल्म सीखना है। मदरसे दीन और अमन के किले हैं। इस दौरान दो तालिब ए इल्म की दस्तारबंदी की गई।

नगर पंचायत नरपत नगर स्थित मदरसा दारुल उलूम साबिरिया मखदूम ए मिल्लत में गुरुवार को सालाना कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। इसमें मुफ्ती गुलफाम रजा रामपुरी ने तकरीर में कहा कि इल्म सीखने से ही जिंदगी में रोशनी दिखाई देती है। इस्लाम शांति और आपसी खुलूस का मजहब है। मुसलमानों को चाहिए कि दीन की बातों को सीखें और उनके उपर अमल करें। अमरोहा से आए मौलाना तनवीर उल कादरी, बरेली से आए शायर मोहम्मद उस्मान मंजरी एवं मुरादाबाद से आए वारिस रजा ने नातिया कलाम पेश किए। दिल्ली से आए मौलाना आरिफीन रजा अजहरी व मुरादाबाद से आए मौलाना मुशर्रफ ने भी तकरीर की। इस दौरान मदरसे के तालिब ए इल्म नरपत नगर निवासी हाफिज अलफेज साबरी एवं बरेली निवासी तालिब ए इल्म हाफिज मोहम्मद मुनाजिर की दस्तारबंदी की गई। कान्फ्रेंस के अंत में सैयद नजाकत मियां ने मुल्क और कौम की तरक्की को दुआ कराई। इस दौरान मदरसा मोहतमिम कारी मोहम्मद आमिल नसीम साबरी, कारी गुलाम मुर्तजा अजहर, मौलाना गुलफाम रजा, मौलाना खालिद मिस्वाही आदि रहे।

## अभ्यर्थी 27 तक जमा करा सकते हैं आवेदन

रामपुर, अमृत विचारः जिला सेवायोजन अधिकारी अभिषेक पन्त ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय से संबंद्ध शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए एक वर्षीय कार्यालय प्रबंध प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल से आरम्भ होगा। प्रशिक्षण निशुल्क है। इसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 27 मार्च तक अपना आवेदन जमा करा सकते है।

बताया कि प्रवेश पाने के लिए अर्हताओं में अभ्यर्थी कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो अभ्यर्थी ने हाईस्कूल की परीक्षा अंग्रेजी विषय से उर्तीण की हो। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष (आरक्षित वर्ग हेतु नियमानुसार छूट), ऐसे अभ्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी,जो टंकण,कम्प्यूटर का ज्ञान रखते हों एवं सेवायोजन कार्यालय में अभ्यर्थी का ऑनलाइन पंजीकरण होना अनिवार्य है।

# बिना पंजीकरण 50 अस्पताल और 24 लैब हो रहीं संचालित

संवाददाता,स्वार

- जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना में हुआ खुलासा

**अमृत विचारः** जनसूचना अधिकार के तहत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत निजी अस्पतालों एवं पैथोलॉजी लैब की सूचना मांगने पर केवल 15 हॉस्पिटल ही पंजीकृत पाएं गए। एक भी लैब पंजीकृत नहीं है जबकि, क्षेत्र में 50 हॉस्पिटल संचालित हैं। 24 पैथोलॉजी लैब चल रही हैं। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से अवैध नर्सिंग होम और लैब के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

पैगामे एकता शांति समिति के जिलाध्यक्ष अफसर अली मियां ने जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत स्वास्थ्य विभाग से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी लैब की सूचना मांगी थी। नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल की ओर जानकारी में बताया कि नगर में एमएस ख्वाजा, मैक्स प्लस, जीवक, हमजाज चाइल्ड केयर, बेबी चाइल्ड, नाज स्टार, ग्रीन सिटी, हमदा, न्यू सेवा, जमजम और आरोग्या हॉस्पिटल पंजीकृत हैं। आरके हॉस्पिटल मिलक खानम और पब्लिक हॉस्पिटल घोसीपुरा का उल्लेख किया गया है। नगर में एक भी पैथोलॉजी लैब पंजीकृत नहीं है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि नगर में लगभग तीन माह पहले सीएमओ एसपी सिंह ने बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पताओं के खिलाफ अभियान चलाया था। छह अस्पताल सील किए गए थे। जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर अवैध अस्पतालों और पैथलॉजी लैब की जांच कराकी कार्रवाई की मांग की है।


तहसील में धरने पर बैठे संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

# सामूहिक विवाह व पारिवारिक लाभ योजना में बिचौलिये हावी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचारः** भारतीय युवा किसान कल्याणकारी यूनियन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष निशान सिंह ने आरोप लगाया है कि सामूहिक विवाह व पारिवारिक लाभ योजना में बिचौलिये हावी हैं। योजनाओं में बिचौलियों के हावी होने से गरीबों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गुरुवार को भारतीय युवा किसान कल्याणकारी यूनियन से जुड़े लोग तहसील पहुंचे। वे मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। प्रांतीय अध्यक्ष निशान सिंह ने कहा कि किसानों ने मुख्यमंत्री स्तर से सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी की जांच की मांग की है। किसानों की फसल का मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाना चाहिए। किसानों ने तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान महेंद्र सिंह, भूप सिंह, मुकेश कुमार, करन सिंह, सोमपाल, राम सिंह, गेंदन लाल, पप्पू, सत्यभान, जयप्रकाश रहे।

## महिला सीएमएस और ईएनटी सर्जन बने एडी

रामपुर, अमृत विचारः अमृत विचार : महिला चिकित्सालय की सीएमएस और पुरूष चिकित्सालय में ईएनटी सर्जन का एडी के पद पर प्रमोशन हुआ है। सीएमएस को अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ, ईएनटी सर्जन को सहारनपुर भेजा गया है। दोनों चिकित्सकों का प्रमोशन होने पर अस्पताल स्टाफ ने बधाई दी है । दो फरवरी 2024 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाषा मिश्र, पुरूष चिकित्सालय में तैनात आंख, नाक और गला के सर्जन डा. जीसी नागोई के एडी के पद प्रमोशन हुआ था। लेकिन दोनों को किस जिले में तैनाती होनी थी। सीएमएस डॉ.अभिलाषा मिश्र को महिला चिकित्सालय से लखनऊ और जीसी नागोई को सहारनपुर भेजा गया। डॉ. अभिलाषा मिश्र ने बताया कि चिकित्सालय में सीएमएस की तैनाती लखनऊ से होगी।

# शाहजहांपुर ने पेनाल्टी स्ट्रोक से दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


अतिथियों के साथ मैदान पर मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रुहेला टाइगर हॉकी क्लब के मैदान पर चल रहे मुस्तफा अली खां मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन टाउन हाल क्लब शाहजहांपुर और चैंपियन क्लब रामपुर के बीच मैच खेला गया। तीन-तीन गोल से बराबर रहने पर शाहजहांपुर ने पेनाल्टी स्ट्रोक से जीत दर्ज की।

स्वार रोड स्थित हॉकी मैदान पर गुरुवार अपराह्न 2:30 बजे मैच का पहला हाफ शुरू होते ही तीसरे मिनट में लाल खान ने गोल कर शाहजहांपुर को बढ़त दिलाई। मैच के 13वें मिनट में चैंपियन क्लब के अजहर ने गोल कर स्कोर बराबर किया। 31वें और 47वें मिनट में चैंपियन क्लब के रविंद्र, फरीद ने गोल कर 3-1 की बढ़त दिलाई। 51वें और 52वें मिनट में शाहजहांपुर की ओर से अमित व लाल ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया अंत में पेनाल्टी स्ट्रोक में शाहजहपुर ने चैंपियन क्लब को 4-3 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह रावत पूर्व इंडियन हॉकी टीम कप्तान ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया।

मैच में अंपायरिंग तिबयान खां और नवेद खां ने की। टेक्निकल टेबल का काम आतिब खां इशरत अली, जोजफ खां, फहीम कुरैशी,उदा खां ने देखा। कमेंट्री सीनियर एडवोकेट नासिर खां ने की। इस मौके पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी महफूज उर रहमान खां,राष्ट्रीय खिलाड़ी मुन्ने खां,हॉकी सचिव मुख्तार खां पप्पी खा ,तनवीर खां, वकार खां ,जुबैर,असलम मियां,आसिम खां ,शाहबाज खां, वसीम खां, यासीन मम्मा, दानिश खां आदि मौजूद रहे। टूर्नामेंट सचिव इकबाल अली खा ने मुख्य अतिथि सहित सभी मेहमानों का स्वागत कर अभिनंदन किया।

कथा | न्यू आवास-विकास कॉलोनी में हुई भागवत कथा, कथा व्यास ने किया भक्त प्रह्लाद की भक्ति का वर्णन

# संतों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं भगवान : शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** कथा व्यास मुमुक्ष कृष्ण शास्त्री ने कहा कि असुरों के संहार और संतों की रक्षा के लिए भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। कथा व्यास ने कपिल भगवान ध्रुव चरित्र प्रह्लाद जैसे भक्तों का चरित्र एवं उनकी भक्ति का सुंदर वर्णन किया। इसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए।

सिविल लाइंस स्थित न्यू आवास-विकास कॉलोनी में गुरुवार शाम भागवत कथा हुई। कथा व्यास ने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने अधिक यातनाएं सहने के बाद भी भगवान का नाम नहीं छोड़ा। ध्रुव ने पांच वर्ष में ही भक्ति के आधार पर भगवान के दर्शन किए। कहा कि सनातन धर्म में एकादशी का व्रत सर्वोत्तम व्रत है। एकादशी के व्रत रखने से जीव को जो फल प्राप्त होता है, वह किसी अन्य व्रत करने से नहीं प्राप्त होता है। जिस प्रकार सुदामा को इस व्रत से भगवान से समस्त वैभव प्राप्त किया। गाय, ब्राह्मण एवं गंगा का महत्व बताते हुए कहा कि जीव को सदैव इनका सम्मान करना चाहिए। व्यास ने बाल कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण ने माटी लीला करते हुए माता यशोदा को ब्रह्मांड के दर्शन कराए। माता यशोदा जब डर गईं तो श्री कृष्ण ने बाल रूप धारण कर लिया। मूसल लीला करते हुए बकासुर अधासुर जैसे राक्षस को मारकर इनका उद्धार किया। इंद्र का अभिमान चूर-चूर करने के लिए भगवान ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण कर लिया।

ब्रजवासियों ने इंद्र के स्थान पर गोवर्धन भगवान की पूजा 56 प्रकार के भोग लगाकर कराई रासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि जितनी गोपी उतने कृष्णा नजर आए। मुख्य यजमान के रूप में राजेश कश्यप पत्नी अनीता देवी एवं सह यजमान के रूप में हर्ष गुप्ता,मुक्ता गुप्ता ने श्रीमद भागवत एवं व्यास का पूजन किया।

इस दौरान तेजवीर सिंह, गंगा सरन यादव, दिलीप गुप्ता, पीयूष कुमार, सूर्यनाथ यादव, सुनीता, छाया, रघुवीर यादव, सुमन परिहार, विनय तिवारी, सुभाष सक्सेना आदि उपस्थित रहे।


विद्यार्थी को स्मार्ट फोन देते सांसद। ● अमृत विचार

# जीवन में सफलता के लिए अनुशासन रामबाण : सांसद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** भगवान देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में गुरुवार को सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरण किया।

सांसद ने कहा कि हर एक विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन का पालन कर निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर बढ़ते रहना चाहिए। विद्यार्थियों को बताया कि अनुशासन जीवन का प्राण है। सफलता के लिए अनुशासन रामबाण है। जब तक विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन और लक्ष्य तय नहीं होगा, वह कभी भी सफलता को प्राप्त नहीं हो सकता। सांसद ने कहा कि सरकार स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरण कर रही है। यह उनकी शिक्षा को सरल व सुगम बनाने के लिए हैं। इससे युवाओं में तकनीक के प्रति रुचि बढ़ेगी। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. उत्कर्ष , डॉ. वीवी शर्मा, राम रक्षपाल व अन्य उपस्थित रहे।

एक नजर

## सुरक्षा के लिए अधिकारियों ने महानगर में की पैदल गश्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि व आगामी अन्य त्योहार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करने के लिए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना व अन्य अधिकारियों के साथ महानगर में पैदल गश्त पर निकले। दोनों अधिकारियों ने कोहिनूर तिराहे से कमर सलीम चौराहा तक पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त किया। लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन व पुलिस उनके साथ है। लोगों से भयमुक्त होकर आपसी सौहार्द के साथ परंपरागत उल्लास से त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि कोई नई परंपरा न शुरू की जाए। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु के दिखने पर तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचना दें। जिलाधिकारी ने लोगों से कानून व्यवस्था और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहे।



कांठ रोड से गुजरता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह लगे शिविर

हरिद्वार से महानगर का सफर करीब 155 किलोमीटर है। इस सफर को कांवड़िये पैदल तय करते हैं। इस दौरान रास्ते में विभिन्न संस्थाओं की ओर से कांवड़ियों के ठहरने व उनकी सेवा के लिए शिविर लगाए गए हैं। इनमें कांवड़ियों को भोजन के साथ सोने व आराम करने की व्यवस्था होती है। महानगर में भी कांठ रोड व स्टेशन रोड पर विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए गए। मनोकामना शिव भंडारा संस्था के अध्यक्ष हरकेश सिंह ने कहा कि भोलेनाथ की सेवा करने में जो आनंद है। उसको शब्दों में बयां करना संभव नहीं है।

## बाइक से भी लाए गंगा जल

वैसे तो अधिकांश कांवड़िये पैदल आए। लेकिन, इसके साथ ही बड़ी संख्या में कांवड़िए बाइक से भी पवित्र गंगा जल लेकर आए। इस दौरान सड़कों पर बाइकों का रेला देखने को मिला।



कांठ रोड पर लगे शिविर में नृत्य करते शंकर भगवान व पार्वती के रूप में सजे कलाकार। ● अमृत विचार

# भगवान भोलेनाथ का आज गंगा जल से अभिषेक करेंगे कांवड़िये

## हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचे कांवड़िये, महानगर में चारों ओर रही बम-बम भोले की गूंज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुवार को हरिद्वार से पवित्र गंगाजल कांवड़ में लेकर कांवड़ियों का जत्था देर रात तक अपने गंतव्य की ओर बढ़ता रहा। डीजे की धुन पर बाबा भोले के गीत और जयकारे पूरे दिन गूंजते रहे। सड़क किनारे विभिन्न स्थानों पर संस्थाओं की ओर से भोले की सेवा के लिए लंगर लगाए गए। पुलिस भी कांवड़ियों की सुरक्षा में जुटी रही।

महानगर में गुरुवार को कांवड़ियों के आने का क्रम तेज रहा। कांठ रोड पूरी तरह भोलेनाथ के रंग में रंगी रही। डीजे की धुनों कांवड़ियों के जत्थे लगातार अपने गंतव्य की ओर कांठ रोड से होकर गुजरते रहे। इस दौरान बड़ी-बड़ी गाड़ियों में डीजे की धुन पर कांवड़िये नाचते-गाते नजर आए। कांवड़ियों की सेवा को कांठ रोड पर जगह-जगह शिविर आयोजित किए गए। जहां उनके जलपान और भोजन के साथ ही उनके आराम की व्यवस्था की गई। हर ओर बाबा भोलेनाथ का रंग देखने को मिला। महानगर के कांवड़िए भी देर शाम तक पहुंच गए। हरथला निवासी रोहित ने बताया कि वह हर साल भोलेनाथ की कृपा से कांवड़ लाते हैं। वह हरिद्वार से 5 मार्च की सुबह चले थे। आज देर शाम महानगर पहुंचे। वहीं अर्जन ने बताया कि उनकी कोई संतान नहीं थी। भोलेबाबा की कृपा से उनको पुत्र धन की प्राप्ति हुई। इसलिए वह बाबा की भक्ति में हर साल कांवड़ लाने की कोशिश करते हैं।



कांठ रोड पर कांवड़ियों को खाद्य सामग्री वितरित करते लोग। ● अमृत विचार

### कांठ रोड पर भक्तों को हुई मुश्किल

महानगर में इस समय स्मार्ट सिटी का काम बहुत तेजी से चल रहा है। इसी क्रम में कांठ रोड पर भी कार्य चल रहा है। जिस वजह से सड़कों की हालत बहुत ज्यादा खराब है। जिस वजह से यहां से गुजरने वाले कांवड़ियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पैरों में छाले के साथ भोले के भक्त टूटी सड़क पर चले। भोले विक्की ने बताया कि हरथला से गुजरने में काफी समय लगा। जगह-जगह भीड़ थी। जिससे काफी परेशानी हुई।

### आज सुबह करेंगे जलाभिषेक

कांवड़िए कांवड़ में गंगाजल लेकर देर शाम तक अपने गंतव्य पर पहुंचे। महानगर में शिवमंदिर हरथला, कालीमाता मंदिर, झारखंडी मंदिर, 84 घंटा मंदिर समेत अन्य मंदिरों के बाहर देर शाम से ही कांवड़ियों के आने का क्रम शुरू हो गया। यहां विभिन्न स्थानों पर इनके ठहरने के इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार तड़के ही मंदिरों के कपाट खुलते ही जलाभिषेक होगा।

### महाशिवरात्रि मनाने की यह है मान्यता

महाशिवरात्रि के पर्व को फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च को है। पं. मनोज पाठक ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन देवों के देव महादेव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए इस दिन को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। माना जाता है कि इस विशेष अवसर पर विधिपूर्वक भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा और व्रत करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और जीवन में खुशियों का आगमन होता है।

### महाशिवरात्रि पर शुभ मुहूर्त

सनातन धर्म में महाशिवरात्रि पर्व का अधिक महत्व है। महंत सज्जन गिरि ने बताया कि पंचांग के अनुसार, फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 8 मार्च को रात्रि 9 बजकर 57 मिनट से होगी और इसके अगले दिन यानी 9 मार्च को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में महाशिवरात्रि व्रत 8 मार्च को किया जाएगा।

### झांकियों ने मोहा मन

महानगर की सड़कें भगवान भोलेनाथ के रंग में डूबी रहीं। विभिन्न स्थानों पर लगाए शिविर में भोलेनाथ व माता पार्वती की झांकियों ने लोगों को मन मोहा। उधर, कांवड़ियों के साथ डीजे की धुन पर भी विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। महानगर में पीवीआर, एसएस चिल्ड्रन, पीएससी किले पर लगाए शिविर में पूरे दिन डीजे की धुन पर विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई।

### ऐसे करें भगवान शिव की पूजा

- महाशिवरात्रि के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और दिन की शुरुआत ईश्वर के ध्यान से करें।
- इसके बाद स्नान कर साफ सफेद वस्त्र धारण करें। इस दिन काले रंग के कपड़े पहनने से बचें।
- अब सूर्य देव को जल अर्पित करें।
- इसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें।
- अब शिवलिंग का जल, दूध और गंगाजल से अभिषेक करें।
- शिवलिंग पर फूल, बेलपत्र और बेर आदि चीजें अर्पित करें।
- घी का दीपक जलाएं और आरती करें। साथ ही शिव का चालीसा का पाठ करें।
- भगवान शिव को विशेष चीजों का भोग लगाएं और लोगों में प्रसाद का वितरण करें।
- महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।

## डीएम-एसएसपी ने निरीक्षण कर प्रमुख मंदिरों की व्यवस्था देखी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर होने वाले जलाभिषेक से पहले गुरुवार को मंदिरों पर व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना निरीक्षण करने निकले। उन्होंने चौरासी घंटा मंदिर, झारखंडी मंदिर नागफनी का निरीक्षण किया। मंदिरों के पुजारियों से मिलकर व्यवस्था के बारे में पूछा। दोनों अधिकारियों ने मंदिरों में सुरक्षा, पेयजल व आवागमन के रास्ते के बारे में जानकारी ली। मंदिर व आसपास सफाई कराने और चूना छिड़काव करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित रहे।

### शिवभक्तों ने पूजन के लिए की बेर की खरीदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगवान शिव शंकर को बेर बहुत प्रिय हैं। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर गुरुवार को बेर की खूब बिक्री हुई। बाजार में इस समय बेर की तीन प्रजातियां आई हुई हैं। भगवान भोले शंकर को बेर बहुत प्रिय होने की वजह से गुरुवार को लोगों ने बेर की खूब खरीदारी की। जिससे शुक्रवार को शिवलिंग पर बेलपत्र के साथ बेर भी चढ़ा कर पूजा अर्चना कर सकें। बेर विक्रेता असलम ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ के पूजन के लिए लोगों ने गुरुवार को बेर की खरीदारी की।



महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए मंदिरों में व्यवस्था का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना व अन्य। ● अमृत विचार

## लापरवाही पर एचडीएफसी के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ जिलाधिकारी बोले- बैंकर्स शासकीय योजनाओं में करें सहयोग

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समितियों (डीएलआरसी) की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैंकर्स द्वारा शासकीय योजनाओं में पूरा सहयोग न करने पर नाराजगी जताई। कहा कि शासन की विकासपरक योजनाओं में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने सरकार की योजनाओं में रुचि न लेने पर एचडीएफसी बैंक के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैंकर्स सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले अधिकांश लाभार्थी गरीब लोग होते हैं। इसलिए उनके प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वहन करें। सेंट्रल बैंक, एसबीआई, पंजाब एंड सिंध बैंक की प्रोग्रेस सीडी रेसियो कम होने पर जिलाधिकारी ने बढ़ाने के लिए कहा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अन्तर्गत प्रथमा ग्रामीण बैंक स्तर पर 733, पीएनबी 69, केनरा 41, एसबीआई 23, बैंक आफ इंडिया के 32 आवेदन लंबित होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि बैंकर्स शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता दें। लीड बैंक प्रबंधक विशाल दीक्षित ने बैंकर्स को बताया कि शासकीय योजनाओं की उच्च स्तर पर मानीटरिंग हो रही हैं। इसलिए अपने स्तर पर आवेदन लंबित न रखें, लापरवाही न बरतें। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, उपायुक्त मनरेगा, आरबीआई, डीडीएम नावार्ड सहित कृषि, उद्यान, मत्स्य, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।



स्केटिंग कर गंगा जल लेकर पहुंचे विकास का स्वागत करते ग्रामीण।

## 13 घंटे स्केटिंग कर हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर गांव पहुंचा शिवभक्त

**अगवानपुर, अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम सेरूआ धर्मपुर निवासी विकास कश्यप पुत्र टेकचंद कश्यप स्केटिंग कर हरिद्वार से गंगाजल लेकर मात्र 13 घंटे में गांव सेरुआ धर्मपुर पहुंचा। जहां परिजनों एवं ग्रामवासियों ने उसका स्वागत किया। विकास कश्यप ने बताया कि पिछली बार 16 घंटे में हरिद्वार से कांवड़ लेकर आया था। लेकिन इस बार यह अवधि 13 घंटे रहीं। उसने बताया कि लगभग 10 वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद स्केटिंग में निपुण हुआ है। स्केटिंग कर कांवड़ लेकर आने का विचार आया तो परिवार वालों ने भी पूरा सहयोग दिया। वही पिता टेकचंद कश्यप, अन्य परिजनों ने गांव पहुंचने पर विकास का स्वागत किया।

## पंजाबी समाज को लोस चुनाव में मिले भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पंजाबी समाज महासमिति के पदाधिकारियों ने गुरुवार को दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में पत्रकारों से बातचीत की। समाज के राष्ट्रीय, प्रदेश स्तरीय और स्थानीय पदाधिकारियों ने पंजाबी समाज को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से भागीदारी देने की मांग की गई।

प्रदेश अध्यक्ष निशांत परूथी व राष्ट्रीय संयोजक प्रवीन सेठी ने कहा कि पंजाबी बहुत मेहनती और स्वाभिमानी कौम है। सभी जानते हैं कि विभाजन के बाद पंजाबी समाज के पास कुछ नहीं था। अपनी लगन और मेहनत के बल पर आज पंजाबी समाज सफल है। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज ने जनसंघ के समय से ही भारतीय जनता पार्टी का तन-मन-धन से साथ दिया है। प्रदेश में पंजाबी समाज के 60 लाख से अधिक मतदाता भारतीय जनता पार्टी के ही समर्थक हैं। पार्टी द्वारा अभी तक पहली सूची में घोषित 51 सीटों में से एक भी सीट पर किसी पंजाबी समाज के प्रतिनिधि को टिकट नहीं दिया गया। मांग करते हैं कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश राज्य में हमारे पंजाबी समाज के योग्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की ओर से टिकट दिया जाए। इस दौरान डॉ. सुशील कुमार सूरी, संजय आनन्द, सुधीर मल्होत्रा, राजन टंडन गोल्डी, भूपेंद्र चौधरी, यश अरोड़ा, विजय तुली, सुरेंद्र सेठी, प्रभजोत सिंह बग्गा, संजय चोपड़ा, राजीव गुम्बर, नीटा धमीजा, हरीश भसीन, कमल गुलाटी, राहुल सेठी, देशरतन कत्याल, ललित कपूर, विजय मदान, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



दिल्ली रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में बैठक के दौरान उपस्थित पंजाबी समाज के लोग। ● अमृत विचार

काउंटडाउन शुरू

उद्घाटन समारोह के आयोजन को दिया जा रहा अंतिम रूप, 1000 से अधिक लोग जुटेंगे

# हवाई सेवा का डेढ़ दशक का इंतजार हो रहा पूरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुरादाबाद के भदासना हवाई अड्डे से विमान सेवा का काउंटडाउन शुरू हो गया है। डेढ़ दशक का इंतजार पूरा हो रहा है। दस मार्च को लखनऊ से आने वाले विमान से हवाई सेवा की शुरुआत होगी। अगले दिन से रुटीन उड़ान होगी।

मूंढापांडे स्थित भदासना हवाई अड्डा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियंत्रणाधीन है। यहां डेढ़ दशक से विमानों के उड़ान की कवायद चल रही है। हवाई पट्टी को विकसित कर हवाई अड्डे का रूप व सुविधाएं की गई। दिसंबर में विमानों की उड़ान के लिए डीजीसीए से हरी झंडी मिलने के बाद विमान सेवा प्रदाता कंपनी का चयन किया गया। फ्लाई बिग कंपनी को विमान सेवा प्रदाता कंपनी के रूप में चयनित किया गया है। अन्य सुरक्षा व तकनीकी इंतजामों को पुख्ता करने के बाद विमानों के उड़ान की तैयारी को आखिरी रूप दिया गया। स्पेशल सुरक्षाकर्मी भी पहुंच चुके हैं। एडीएम प्रशसन गुलाब चंद्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुरादाबाद सहित चार अन्य हवाई अड्डों से विमान सेवा को वर्चुअल रूप से उद्घाटन करेंगे। लखनऊ से 10 मार्च को विमान भदासना हवाई अड्डे तक आएगा। लखनऊ से यहां तक की दूरी मात्र 65 मिनट में तय होगी। स्थानीय स्तर पर एक हजार से अधिक लोगों को उद्घाटन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। जिसमें जनप्रतिनिधि, निर्यातक, अधिकारी व व्यापारी आदि शामिल हैं। हवाई अड्डे पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया।






"फैशनेबल कपड़े मुम्बई से पहले नहीं मिलते हैं। जिसमें चार घंटे यहां से दिल्ली और एक घंटा एयरपोर्ट जाने में लगता था। अब हमारे शहर से हवाई उड़ान शुरू होने से व्यापारियों का समय बचेगा। मुम्बई और अहमदाबाद में व्यापार से संबंधित कार्य आसानी से हो सकेंगे। महीने में दो बार अहमदाबाद और दो बार मुम्बई जाना पड़ता है।

**-निखिल कपूर**, कपड़ा व्यापारी



"कारोबार के सिलसिले में अक्सर मुम्बई, कोलकाता व बेंगलुरु जाना पड़ता है। जिसके लिए पहले दिल्ली हवाई अड्डे तक पांच से छह घंटे लगते है। अब सीधा अपने शहर से गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेंगे। मुरादाबाद निर्यातकों का शहर है जिसके विदेशी खरीदार भी आने से हिचकते थे। अब उड़ान शुरू होने से विदेशी खरीदार भी आसानी से पहुंच सकेंगे।

**-सुनील कत्याल**, व्यापारी

## स्टांप लोक अदालत का आयोजन 16 मार्च को

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** लम्बित स्टाम्प वादों के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को स्टाम्प लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इस बार 16 मार्च को स्टाम्प लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

सहायक आयुक्त स्टाम्प अनिल कुमार ने बताया कि जिले में दो स्टाम्प न्यायालयों जैसे कलेक्टर/जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के न्यायालयों में लंबित स्टाम्प वादों के लिए हर माह के तृतीय शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका लाभ पक्षकार अपने लंबित स्टाम्प वादों को सुविधाजनक तरीके से निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर-जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सहायक आयुक्त स्टाम्प के न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## शिक्षक मिलन दिवस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करना था उद्देश्य

▸▸ अभिभावकों ने भी शिक्षण में सुधार के लिए रखे विचार

**अमृत विचारः** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में गुरुवार को अभिभावक-शिक्षक मिलन दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य अभिभावकों व शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य प्रोफेसर सीमा रानी ने अभिभावकों को संबोधित कर किया।

इसमें उपस्थित अभिभावकों ने कॉलेज के पठन-पाठन व अनुशासन के साथ अन्य व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। अभिभावकों ने शिक्षण कार्य में सुधार हो सकता है इस पर भी अपने विचार व सुझाव भी रखे। शैक्षिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के विकास के लिए किए जा रहे विविध कार्यों में कॉलेज प्रबंधन की प्रशंसा की। इसी श्रृंखला में गुरुवार को कॉलेज में छात्राओं के कौशल विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कौशल विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें निर्मित वस्तुओं और खाने पीने की वस्तुओं के स्टोर लगाए गए। जिसकी अभिभावकों ने भी प्रशंसा की। साथ ही छात्राओं का हौसला बढ़ाया।



दयानंद आर्य कन्या डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं वक्ता। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पुस्तकालय बनाने पर 40 प्रतिशत अनुदान

**अमरोहा, अमृत विचार :** गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने बताया प्रदेश सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति अपने पूर्वज या महान पुरुषों के नाम पर स्कूल या उसमें अतिरिक्त कक्ष बनाने और बरात घर एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराता है। तो उसे 40 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। इसमें काम करने वाली एजेंसी का नाम भी दानदाताओं की सहमति से किया जाएगा।

### पयम्बर बने राष्ट्रीय अध्यक्ष



**अमरोहा, अमृत विचार :** नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश चन्द्र भूषण पाण्डेय ने पार्टी की प्रति ईमानदारी को देखते हुए पयम्बर रजा जैदी को नैतिक पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। आज पयम्बर रजा जैदी का स्वागत मोहल्ला चाहगोरी पार्क में होगा।

# नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : मुख्तार

## पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, कहा- देश को गुमराह कर रहा विपक्ष

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** गुरुवार को कस्बा उझारी के एक पैलेस में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रही है। वह जानती है कि नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। सीएए कानून पर बोलते हुए नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि हिंदुस्तानी मुसलमानों का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष देश की जनता को बिना वजह गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में बहुत छेद हैं। उसे रफू करने में बहुत लंबा समय लगेगा। भाजपा को 40 साल तक विपक्षी गठबंधन हिला नहीं पाएगा। देश की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तैयारी कर रही है। इस दौरान नकवी ने राशिद मलिक एवं वसीम अल्वी के कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी आदि मौजूद रहे।




उझारी में मुख्तार अब्बास नकवी का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

## किसी की गलती की सजा मोदी को न दें, हमारा प्रत्याशी कमल का फूल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखते हुए विकास किया है। किसी की भी गलती की सजा नरेंद्र मोदी को न दें। हमारा प्रत्याशी सिर्फ कमल का फूल है।

भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी का गुरुवार को बाइपास मार्ग स्थित कैंप कार्यालय पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कार्यकर्ताओं संग स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। भाजपा सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। अब यूपी से गुंडाराज खत्म हो गया है या फिर वह माफिया प्रदेश छोड़ गए हैं या फिर वह जेल में हैं। अमरोहा लोकसभा प्रत्याशी के विरोध के सवाल पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अभी प्रत्याशी घोषित हुए हैं। जनसंपर्क करेंगे रूठों को मना लिया जाएगा और उन्होंने कहा कि किसी की भी गलती की सजा नरेंद्र मोदी को नहीं मिलनी चाहिए। हमारा सबका प्रत्याशी सिर्फ कमल का फूल है। इस दौरान पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, उषा शर्मा, अंकुर अग्रवाल, मनोज शर्मा, अजय पाल, अरविंद अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अतुल गर्ग, विक्रांत, कलुआ, पप्पू रहे।



डॉ. मुजाहिद हुसैन का स्वागत करते बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## डॉ. मुजाहिद हुसैन अमरोहा सीट से बसपा प्रत्याशी घोषित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने अमरोहा लोकसभा से डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई को पार्टी प्रत्याशी घोषित कर दिया।

गुरुवार को हाइवे स्थित जोया के रिसॉर्ट में बसपा प्रत्याशी को घोषित करने के लिए कार्यक्रम था। इसमें बसपा पश्चिमी उप्र के प्रभारी शमसुद्दीन राईनी ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सर्वसमाज को साथ लेकर चलें। यही भाईचारा भाजपा को हराने का काम करेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद हुसैन को चुनाव जीतने के लिए जुटने की अपील की। मुजाहिद हुसैन ने कहा कि भाजपा को हराने का माद्दा केवल उनकी पार्टी में है। इस मौके पर नगीना के सांसद गिरीशचंद जाटव, जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, हरपाल सिंह, अजब सिंह, केपी सिंघानिया, नौशाद चौधरी, देवेन्द्रपाल सिंह, फुरकान, सुनील आजाद, जितेन्द्र सागर रहे।

# शिवभक्तों की बस बनी आग का गोला

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शिवभक्तों को लेकर हरिद्वार जा रही निजी बस में शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई। जिससे बस में सवार शिवभक्तों में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच मार्ग से गुजरने वाले कांवड़ियों को रोक दिया। बाद में अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर से ग्रामीणों ने शिवरात्रि पर हरिद्वार जाने के लिए निजी बस किराये पर ली थी। गांव से बुधवार देर रात सभी शिवभक्त बस में बैठकर हरिद्वार जा रहे थे। बस में करीब 35 शिवभक्त सवार थे। जैसे ही बस डींगरा-फीना मार्ग पर गांव वालीपुर के निकट पहुंची तभी अचानक शार्ट सर्किट से बस में आग लग गई। बस में आग देखकर शिवभक्तों में चीखपुकार मच गई।



बस से उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार

**▸▸ चालक की सूझबूझ से शिवभक्तों ने कूदकर बचाई जान**

देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई। इस दौरान चालक ने सूझबूझ से काम लिया और तुरंत बस को सड़क किनारे लगा दिया। जिससे सभी लोग बस से नीचे उतर गए। जानकारी पर डींगरा व रसूलपुर चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा के चलते यहां से गुजर रहे कांवड़ियों व राहगीरों को रोक दिया गया और मौके पर दमकल टीम को बुला लिया गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान बस पूरी तरह जल गई। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी शिवभक्त सुरक्षित है।

## कार की टक्कर से युवती घायल, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** चाचा व चाची के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रही युवती को एक कार ने टक्कर मार दी।

बुलंदशहर के थाना आहार के गांव दुलखरा निवासी अमित कुमार पुत्र जगवीर सिंह अपनी पत्नी अंजु राघव, भतीजी आरती पुत्र रमेश हरिद्वार से कांवड़ ला रहे थे। हाईवे पर मोगा होटल के सामने कार ने आरती को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गई। उसे एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी घटना भी हाईवे पर हुई। पैराडाइज होटल के पास बुलंदशहर निवासी शिव भक्त तेजवीर सिंह कांवड़ लेकर बढ़ रहे थे, तभी उनकी हालत बिगड़ गई। एंबुलेंस कर्मियों ने शिवभक्त को उपचार के लिए गजरौला समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# पेड़ से टकराई बाइक, एक युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बरात से लौट रहे युवकों की बाइक पेड़ से टकरा गई। जिसमें एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दढ़ियाल निवासी डालचंद की बरात बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव अगरौला कलां आई थी। बरात में गांव के अरविंद, सूरजपाल व राहुल भी शामिल हुए। तीनों बुधवार शाम बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के सोहरका लिंक मार्ग पर उनकी बाइक पेड़ से टकरा गई। बताया जा रहा है कि हादसे में 19 वर्षीय अरविंद पुत्र रूपराम, सूरजपाल व राहुल घायल हो गए। बाद में अरविंद की मेरठ ले जाते समय मौत हो गई। बाकी दोनों घायलों को भी सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक अरविंद चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। मृतक की मां जगवती का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है, लेकिन मृतक के परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

**▸▸ बरात में शामिल होकर लौट रहे थे दोनों युवक, दूसरा घायल**

### कार एवं बाइक की टक्कर में जीजा-साली घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर लिंक मार्ग पर बाइक एवं कार की टक्कर में बाइक सवार जीजा-साली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है, वहीं कार चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वाईखेड़ा निवासी कमल पुत्र वीरू अपनी साली निवेश को बाइक से ग्राम बोनावाली डगरोली छोड़ने जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ग्राम करनखाल से ग्राम शाहपुर लिंक मार्ग पर पहुंची, तो शिव मंदिर के निकट सामने से आ रही कार से टकरा गई। दोनों वाहनों की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साली गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। अभी घटना में कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।



हसनपुर में घायल निवेश और कमल।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**डिडौली, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में सीएल गुप्ता फैक्ट्री के सामने हाईवे पर बाइक को पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मुरादाबाद के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुरुवार सुबह पतेई खालसा निवासी बंटी पुत्र राम किशोर व गंगाराम पुत्र दिलीप बाइक से ग्राम करनपुर स्थित सीएल गुप्ता फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। जैसे ही बाइक से दोनों फैक्ट्री के सामने पहुंचे, तो पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को मुरादाबाद में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** ईंट भट्ठा मजदूर आबिद की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। आबिद की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसे हादसे का रूप दिया गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

हत्या की यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र सलेमपुर नवादा की है। दरअसल, रामपुर जनपद के थाना कैमरी के गांव पजावा निवासी आबिद परिवार के साथ चार महीने पहले सलेमपुर नवादा आया था। यहां वह अजमत ईंट उद्योग पर मजदूरी करता था। सोमवार शाम आबिद बाइक लेकर घर से निकला था और देर रात घर जाकर सो गया था। रात में ही उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पत्नी अफसाना ने दावा किया था कि आबिद अली घायल अवस्था में घर आया था। उसकी बाइक पेड़ से टकरा गई थी। पुलिस ने पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शव के पोस्टमार्टम में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आबिद अली की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने आबिद की पत्नी से पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में पत्नी ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक आबिद की पत्नी अफसाना का प्रेम प्रसंग अनवार के साथ चल रहा था। कुछ दिन पहले आबिद अली ने अपनी पत्नी को अनवार के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। जिसे लेकर आबिद अली ने अफसाना को भी धमकाया था। आबिद अली उसकी पत्नी अफसाना और प्रेमी अनवार के अवैध संबंधों में आड़े आ रहा था, इसलिए दोनों ने मिलकर हत्या कर दी। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के भाई शाहिद हुसैन की तहरीर पर अफसाना और उसके प्रेमी अनवार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। अफसाना और उसके प्रेमी ने पहले आबिद की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके बाद ईंट से भी मारा। फिर इस हत्या को हादसे का रूप दर्शाने के लिए आबिद की बाइक को पेड़ से टकरा दिया था। मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।




पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी। ● अमृत विचार

**▸▸ दोनों के प्रेम संबंधों में आड़े आ रहा था आबिद**

### अफसाना ने आबिद से की थी लव मैरिज

पुलिस के मुताबिक 15 साल पहले अफसाना ने आबिद से लव मैरिज की थी। इससे दोनों को दो बच्चे हुए। करीब चार महीने पहले आबिद काम की तलाश में रामपुर से अमरोहा पहुंचा। जहां ईंट भट्ठे पर वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। इस दौरान अफसाना का प्रेम प्रसंग 15 साल छोटे अनवार से हो गया। बताया जाता है कि दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखकर आबिद ने अफसाना को धमकाया था। जिसके बाद अफसाना ने प्रेमी अनवार के साथ मिलकर पति आबिद की हत्या करने की योजना बनाई थी।

## रोडवेज की बसों को नहीं मिलीं सवारियां

**अमरोहा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे शिवभक्तों की भीड़ को देखकर बदले मार्ग से चलाई गईं रोडवेज बसों को यात्री नहीं मिले।

गुरुवार को रोडवेज स्टेशन प्रभारी पदम सिंह ने बताया महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की भीड़ को देखते हुए रोडवेज की बसों को मार्ग बदल कर चलाया जा रहा है। जिस कारण रोडवेज की बसों को सवारियां नहीं मिल सकीं। अधिकतर खाली रोडवेज की बसें मार्ग पर दौड़ती रहीं। उन्होंने बताया कि इससे परिवहन निगम को नुकसान हुआ है। स्टेशन प्रभारी ने बताया कि महाशिवरात्रि को देखते हुए शिवभक्तों को हरिद्वार ले जाने के लिए चलाई स्पेशल बस से भी परिवहन निगम को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार जाने वाली सभी स्पेशल बसें नो लॉस नो प्रॉफिट में चलाई गई थी। स्टेशन प्रभारी ने बताया कि मुरादाबाद नूरपुर बिजनौर जाने वाली बसों को मार्ग बदलकर चलाया गया है।

## मार्बल की ट्रेडिंग के नाम पर महिला से पौने तीन लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** मार्बल की ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम पर महिला से पौने तीन लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। मोहल्ला अतरपुरा निवासी किरन की बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सनई निवासी मुंशी खां से जान पहचान है। मुंशी खां के साथ रहने वाले संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी किशनपाल सिंह उर्फ कृष्णपाल सिंह ने किरन को झांसे में ले लिया। उसने मार्बल पत्थर की ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने की बात कही। इसके बाद किरन से दो लाख 70 हजार रुपये भी हड़प लिए। आरोप है कि बाद में न तो किरन को कोई मुनाफा मिला और न ही रकम वापस की गई। परेशान पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपी किशनपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## हादसे में पूर्व राशन डीलर की मौत

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर निवासी दौलतराम पुत्र ओमकार 45 सैदनगली किसी काम से गए थे। दोपहर बाद गांव वापस आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक आदमपुर मार्ग अलीगढ़ हाईवे के पास पहुंची तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दौलतराम को गंभीर चोट आई। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन दौलतराम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में तीन बेटे व दो बेटियां और पत्नी बसंती है।








**एनएसएस शिविर** | समापन समारोह में स्वयंसेवियों ने प्रस्तुत किए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

# शिविर में तुषार, शाहजहां प्रथम और ललित, विश्वा द्वितीय

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने ग्राम रामपुर भूड़ में समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

ग्राम प्रधान कविता एवं प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक अंशु ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। साथ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा व झम्मनलाल कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया, तत्पश्चात सरस्वती वंदना, राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। स्वयंसेवियों ने अनपढ़ नेता पर लघु नाटिका भी की। कई स्वयंसेवियों ने नृत्य किये और रश्मि ने राष्ट्रीय सेवा योजना पर भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन गुरुकुल के आचार्य और पूर्व स्वयंसेवी दीपक ने किया। शिविर में तुषार और शाहजहां को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार ललित राणा और विश्वा को दिया, तृतीय पुरस्कार आकाश, रानी, मीनाक्षी को दिया गया। सांत्वना पुरस्कार पंकज, कृष्णा और जितेंद्र को प्रदान किया। शिविर में झम्मनलाल ग्रुप के चेयरमैन गोपाल सक्सेना और झम्मनलाल पीजी कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. नेहा सक्सेना का पूर्ण सहयोग रहा। राष्ट्रीय गान के साथ शिविर का समापन किया गया।




रामपुर भूड़ में शिविर में मां सरस्वती की मूर्ति पर पुष्प चढ़ातीं ग्राम प्रधान कविता।




कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्वयंसेवी।

## कार्यक्रमों के साथ शिविर सम्पन्न

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गुरुवार को वाईएमएस डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर सातवें दिन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधक जरीना खातून ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ किया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राधा-कृष्ण डांस, गजल मां की ममता और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। प्रबंधक जरीना खातून ने स्वयंसेवियों से कहा कि आपने सात दिनों में जो कुछ भी सीखा है। उसे अपने तक ही सीमित मत रखिए उसे निरंतर समाज में फैलाएं। यही एक सच्चे स्वयंसेवी का कर्तव्य और दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि अगर आप निरंतर समाज सेवा के कार्य करते हैं तो आप बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। कॉलिज प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वयंसेवी को मैं नहीं आप की भावना का पालन करना चाहिए और सात दिवसीय शिविर में आपने जो भी सिखा है उसे निरंतर आगे बढ़ाते रहिए, फैलाते रहिए और लोगों को जागरूक करते रहिए।

इस अवसर पर डॉ. शीबा फरीदी, डॉ. नाहीद परवनी, डॉ. मनु सिंह, जयवीर सिंह, सतेंद्र सिंह, भूपाल सिंह, सोनू, सोमपाल, मुमताज, सदफ नाज, शिवानी, रानी, कोमल, नेहा रानी, नेहा शहर, सिदरातुल मुन्तेहा, रिदा, सोमिया, अमन कुमार, अर्पित गिल, नितिन, हर्षित, जुबैर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गाली गलौज के विरोध पर व्यक्ति से मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला बेगम सराय निवासी तौसीन ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मुहल्ले का ही युवक गाली गलौज कर रहा था। गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने तौसीन के साथ मारपीट की। परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक तौसीन के सिर में ईंट मारकर भाग गया। जिससे तौसीन घायल हो गया।

### अंडरपास निर्माण को धरने पर डटे किसान

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 45वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास बनाने की मांग उठाई। धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि 45 दिन से आंदोलन कर रहे हैं लेकिन प्रशासन ने अभी तक अंडरपास की मांग पूरी नहीं की है। अंडरपास निर्माण शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, राहिद, गनपत, वेद प्रकाश शर्मा रहे।

### बाइक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े अधेड़ की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां-बबराला मार्ग पर सड़क किनारे खड़े अधेड़ को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई।



थाना क्षेत्र के गांव सिंघौली कल्लू निवासी रामलाल (48 वर्ष) पुत्र सुम्मेरी शर्मा गुरुवार को गांव के पास सड़क किनारे खड़ा था। तभी गवां की तरफ आई बाइक ने रामलाल को टक्कर मार दी। हादसे में रामलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

### पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश में महिला से की मारपीट

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव हिरौनी निवासी प्रीति पत्नी विनोद ने रजपुरा थाने में तहरीर देकर कहा कि पड़ोसी नरेश व उनके दो पुत्रों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। प्रीति ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



बहजोई मार्ग पर कांवड़ लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार



उड़ते नंदी पर सवार भोले नाथ की कांवड़ लेकर आते शिव भक्त। ● अमृत विचार



संभल के शंकर कॉलेज चौराहा पर भगवान शिव की आरती करते कांवड़िए। ● अमृत विचार

# कांवड़ लेकर नंगे पांव लौटे कांवड़िये, हाइवे पर गूंजा हर-हर महादेव

## बड़ी कांवड़ों ने किया आकर्षित, डीजे पर नाचते-गाते चल रहे थे भोले के भक्त, जगह-जगह लगाए पंडाल, कांवड़ियों का जोरदार स्वागत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए हजारों की संख्या में कांवडिए गंगा घाट (राजघाट) से कांवड़ में जल लेकर लौटे। हाइवे पर कांवड़िए हर-हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे थे। जिससे हाइवे महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। डीजे पर बज रहे भजनों पर भी कांवड़िए नृत्य कर रहे थे। कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह जलपान के पंडाल लगाए गए।

गुरुवार को सुबह चार बजे कांवड़ में जल लेकर चले कांवड़िए सुबह 11 बजे तक बनियाठेर क्षेत्र में पहुंच गए। हाइवे पर दूर-दूर तक कांवड़ ही कांवड नजर आ रही थी। जयकारों से पूरा हाइवे शिव की भक्ति में रंगा नजर आ रहा था। सोत नदी पुल के बाद कई स्थानों पर कांवड़िए के लिए जलपान के पंडाल लगाए गए थे। जहां शिव भक्तों ने जलपान किया।



बहजोई मार्ग पर कांवड़ लेकर आती युवतियां। ● अमृत विचार



कांवड रखकर शिवालय का रुख करते कांवड़िये। ● अमृत विचार



चन्दौसी में निकली शिव बरात में शामिल भगवान शिव की झांकी। ● अमृत विचार

### महिलाएं भी कांवड़ लेकर पुरुषों के साथ चलीं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए महिलाएं भी राजघाट गंगा घाट से कांवड़ में जल लेकर लौटीं। महिलाएं हाइवे पर पुरुषों के साथ-साथ कांवड़ लेकर चल रही थीं।

### शिव मंदिर व शिवालयों पर आज होगा जलाभिषेक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि का त्योहार शुक्रवार को परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। सुबह चार बजे के बाद से ही शिव मंदिरों पर जलाभिषेक के साथ-साथ पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। सभी शिव मंदिरों पर जलाभिषेक की तैयारी पूरी कर ली गई है। कांवड़ियों को परेशानी न हो इसलिए शहर के प्रमुख शिव मंदिरों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। मंदिर प्रबंधन ने भी व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए तैयारियां की हैं।

### भोले के जय घोष संग मंदिर पहुंचे कांवड़िये

**बहजोई, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने को लेकर बम बम भोले की जय घोष के साथ राजघाट, नरोरा, हरिद्वार गंगा तट से जल लेकर कावड़िया प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पहुंच गए। सुबह से ही कावड़िया व भक्तों का जल लेकर राजघाट, नरोरा व हरिद्वार से पहुंचना प्रारंभ हो गया। हाईवे पर जैसे ही कांवडिया निकले तो उन्होंने बम भोले का जय घोष किया। पूरा हाईवे बम बम भोले के जय घोष से गूंज उठा। कांवड़िये बम बम भोले का जय घोष करते हुए प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर गांव सादात वाड़ी पर पहुंचना प्रारंभ हो गए। देर शाम तक हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करने को लेकर मंदिर पर पहुंच गए। कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह सेवा समितियां द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी कोतवाल व सत्येंद्र पवार पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दिखे।



बहजोई में भोले की प्रतिमा वाली कांवड़ लेकर जाते शिवभक्त।

### आज भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे कांवड़िये

**संभल, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल लेकर आये कांवड़ियों के जत्थों ने शिवालयों का रुख किया। जुबां पर बम-बम भोले और पांव में घुंघरू की आवाज के साथ डीजे पर नाचते गाते हुए कांवड़िए आगे बढ़ रहे थे। कांवड़ियों की सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद रही। कई स्थानों पर लगे शिविरों में कांवड़ियों का स्वागत किया गया। संभल जिले में शहर, कस्बा और देहात से बड़ी संख्या में शिव भक्त हरिद्वार, ब्रजघाट और राजघाट गंगा से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए थे। गुरुवार को सुबह से ही कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। इनमें महिलाओं, युवतियों, युवाओं और पुरुषों की संख्या अच्छी खासी दिखाई दी। संभल में जोया मार्ग, हसनपुर मार्ग, मुरादाबाद मार्ग, बहजोई, आदमपुर मार्ग पर सुबह से लेकर दोपहर तक कांवड़ियों के जत्थे शिव मंदिरों की तरफ बढ़ते दिखे। कांवड़ियों ने संभल से गुजरकर दूसरे जिलों का भी रुख किया।

### शिव मंदिरों में जलाभिषेक की तैयारी पूरी

**संभल, अमृत विचार :** जनपद संभल में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव के जलाभिषेक को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। संभल में बहजोई मार्ग पर स्थित सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, फत्तेहपुर भाऊ के प्रकटेश्वर महादेव मंदिर, गुमसानी के झारखंडी महादेव मंदिर, बहजोई के सादातबाड़ी मंदिर के अलावा दूसरे शिवालयों पर महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक को लेकर तैयारी की गई है।। कई मंदिरों में शुक्रवार को सुबह चार बजे से ही जलाभिषेक शुरू होगा।

### मंदिरों और क्षेत्र में तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट

**संभल, अमृत विचार :** एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने जलाभिषेक को लेकर अधिकारियों की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई है। आर्य समाज मंदिर, मनोकामना मंदिर, सूर्यकुंड मंदिर, शिव मंदिर बरेली सराय, सिद्धपीठ श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, प्रकटेश्वर महादेव मंदिर के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा सिरसी, पंवासा, मढ़न क्षेत्र में अधिकारियों की नियुक्ति की है। कोतवाली संभल, थाना नखासा, हयातनगर, असमोली में भी रिजर्व में अधिकारियों को लगाया है।

### झाकियों व बैंड बाजे संग निकली महादेव की बरात

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर गुरुवार को खुर्जा गेट स्थित कांवड़ वाली धर्मशाला से श्री कांवड़ सेवा समिति की ओर से बैंड बाजों संग देवों के देव महादेव की बरात धूमधाम से निकाली गई। शिव बरात में झाकियां और देवी-देवताओं के स्वरुप में सजे कलाकारों का तांडव नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने मुख्य रथ पर आरती करके किया। शोभायात्रा में विष्णु भगवान की झांकी, पशुपति नाथ की झांकी समेत राम दरबार, राधा कृष्ण, हनुमान जी, शंकर जी, महाकाल हनुमान जी, योगी मोदी द्वारा शिवलिंग पूजा की झांकी शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। डीजे की धुन के साथ शिव बरात में कलाकार नृत्य करते हुए मनमोह रहे थे। इस्कॉन के कलाकार महामंत्र का जाप करते हुए चल रहे थे। सबसे पीछे कांवड़िए चल रहे थे। एक से बढ़ कर सुंदर कांवड़ लोगों को आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा खुर्जा गेट कांवड़ वाली धर्मशाला से आरंभ होकर बड़ा महादेव, जवाहर रोड, लाठी बाजार से कैथल गेट होते हुए देर रात चन्दौसी इंटर कॉलेज के निकट पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में विजय कुमार, सभासद तरुण नीरज, सौरभ बंटी, ग्रीश चंद्र, प्रवीण वार्ष्णेय, गिरिराज किशोर, हीरालाल, चिंटू शर्मा, संजीव वार्ष्णेय, कन्हैया वार्ष्णेय, अमर कुमार, श्याम वार्ष्णेय, सुमित शर्मा, पंकज मौर्य, आशीष आदि की भागीदारी रही।

### कांवड़ियों के लिए गवां में लगा शिविर

**गवां, (संभल) अमृत विचार :** हिंदू जागरण मंच गवां द्वारा तीन दिवसीय कावड़ सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भोले के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया व रात्रि विश्राम भी किया। हिंदू जागरण मंच भोले के भक्तों की सेवा 6 वर्षों से निरंतर शिव तेरस पर कावड़ सेवा समिति के रूप में करता है। हिंदू जागरण मंच नगर अध्यक्ष मुकेश गिरी, उपाध्यक्ष दीवान गिरी, संरक्षक तेजपाल कश्यप, नगर सचिव नन्हें कश्यप आदि ने कावड़ियों की पूरी व्यवस्था कराई।



घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराने ले जाते लोग। ● अमृत विचार

## कांवड़ लेने जा रहा शिवभक्त घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल-गवां मार्ग पर पिकअप की टक्कर लगने से कावड़ लेने राजघाट जा रहा बाइक सवार शिवभक्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पिकअप कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। घायल शिवभक्त को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बदायूं जिले के गांव सिठौली निवासी रामसेवक दिल्ली में रहकर सोफे बनाने का काम करता है। गुरुवार को रामसेवक दिल्ली से बाइक पर सवार होकर संभल पहुंचा। यहां से कांवड़ लेने के लिए गुन्नौर तहसील क्षेत्र में स्थित राजघाट के लिए रवाना हुआ। सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल-गवां मार्ग पर मुहल्ला चौधरी सराय में पिकअप ने बाइक सवार रामसेवक को टक्कर मार दी। जिससे रामसेवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बाइक कुत्ते से टकराई दंपती समेत 3 घायल

**संभल, अमृत विचार :** कुत्ते से टकराकर बाइक सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी शफीक गुरुवार को बाइक पर सवार होकर पत्नी नाजरीन व बेटे नदीम (12 वर्ष) और हुसैन (3 वर्ष) के साथ चंदौसी से आ रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव सैफ खां सराय में अचानक से सड़क पर कुत्ता आ गया। बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई बाइक कुत्ते से टकराकर सड़क पर गिर गई। जिससे शफीक, नाजरीन व नदीम घायल हो गए। जबकि हुसैन बाल बाल बच गया। मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया।

# कूड़ा डालने पर दो पक्षों में मारपीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा निवासी नासिम अली का मकान पंचायत सचिवालय से कुछ दूरी पर खाली पड़ी सरकारी भूमि के पास है। सरकारी भूमि पर गांव के लोग कूड़ा डालते हैं। गुरुवार को सुबह मौसम अली की बेटी शायरून कूड़ा डालने के लिए पहुंची तो नासिम अली के परिजनों ने विरोध किया। जिसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग गाली गलौज करने के साथ मैदान में आ गए और जमकर लाठी-डंडे चले। एक पक्ष से नासिम अली, इसकी पत्नी फूल जहां तथा दूसरे पक्ष से मौसम अली और फूल जहां घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी लेकर घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।



मारपीट के बाद पुलिस को जानकारी देती महिलाएं। ● अमृत विचार

**विवाद**

- मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए
- घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया

# बदमाश रात में दो महिलाओं के कानों से कुंडल खींचकर भागे

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दो घरों में सो रहीं महिलाओं के कानों से कुंडल खींच लिए। एक घटना में महिला के शोर मचाने पर पति ने पीछा किया लेकिन बदमाश भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी किसान मोहम्मद अफरान का घर गांव के बाहरी छोर पर मोबाइल टावर के पास है। बुधवार को मोहम्मद अफरान परिवार के साथ घर के बरामदे में सोया हुआ था। देर रात करीब एक बजे बदमाश चारदीवारी न होने का फायदा उठाकर घर में घुस गए। बरामदे में सो रही मोहम्मद अफरान की पत्नी आसमीन के कानों से सोने के कुंडल खींच लिए। महिला के शोर मचाने पर बराबर में सो रहे मोहम्मद अफरान ने उठकर कुछ दूरी तक बदमाश का पीछा किया लेकिन भाग गया। इसी गांव निवासी मोहम्मद आसिफ के घर देर रात करीब तीन बजे बदमाश घर में घुस गया। घर के हाल में सो रही मोहम्मद आसिफ की पत्नी फात्मा बेगम के कानों से कुंडल खींचने लगा। इस बीच बदमाश कान से सोने की बालियां खींचकर भाग गया।



कुंडल खींचे जाने के बाद कान दिखाती आसमीन।

**बैठक** अधिकारियों ने विभिन्न धर्मों के लोगों से किया सीधा संवाद

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार :डीएम

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने महाशिवरात्रि, रमजान, होली व ईद को लेकर विभिन्न धर्मों के लोगों के साथ सीधा संवाद किया। दोनों अधिकारियों ने इन लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। सभी से आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के लिए भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न धर्मों के लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रमजान, व होली का त्यौहार आने वाला है। इसी माह चुनाव की घोषणा भी हो जाएगी। उन्होंने नागरिकों से कहा कि त्योहारों के लेकर अगर कोई भी समस्या है तो सीधे अधिकारियों को बताएं। त्योहारों को आपसी सूझबूझ से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि साफ सफाई व विद्युत व्यवस्था आदि का समय रहते समाधान किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह त्योहारों के मद्देनजर पूरी तरह से सतर्कता बरतें। जो भी शांति व्यवस्था में खलल डालने का काम करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी अनुकृति शर्मा, श्रीश्चंद्र सहित जनपद के सभी एसडीएम व सीओ सहित विभिन्न धर्मों के लोग मौजूद रहे।



बहजोई में नागरिकों के साथ संवाद करते डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर ट्राली ने कार में मारी टक्कर, सात लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**दुर्घटना**

- संभल-बहजोई मार्ग पर पंवासा के पास हुआ हादसा
- भागने की कोशिश कर रहे चालक को पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल-बहजोई मार्ग पर ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर ट्राली ने कार में टक्कर मार दी। जिससे चालक समेत सात लोग घायल हो गए। टक्कर मारकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़कर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले ली। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

अमरोहा जिले के गांव तिगरिया निवासी भूकन बुधवार की रात आठ बजे पत्नी दुलारी व परिवार के अन्य लोगों के साथ गांव के ही अमित की कार में सवार होकर बहजोई से आ रहा था। अमित कार लेकर जैसे ही हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल-बहजोई मार्ग पर गांव पंवासा से निकला तो ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर ट्राली ने कार में टक्कर मार दी। जिससे भूकन, दुलारी, शिवकरण, उसकी पत्नी सुशीला, दिलीप, उसकी पत्नी गोविंदी और चालक अमित घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने टक्कर मारकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जिसमें गोविंदी व सुशीला की हालत गंभीर है।

### संभल नगर पालिका बोर्ड की बैठक 11 को

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष आसिया मुशीर की अध्यक्षता में बजट एवं अन्य प्रस्तावों से संबंधित बैठक 11 मार्च को सुबह 11 बजे पालिका सभागार में होगी। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी ने दी।

### नशीला पदार्थ खिला जमीन का बैनामा कराने का आरोप

**गुन्नौर, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मोलनपुर डांडा निवासी लालाराम पुत्र करू का आरोप है कि 9 जनवरी को गवां चौराहे पर उसका भाई हरिसिंह, गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़िया निवासी चंद्रपाल, मोलनपुर डांडा निवासी कुंज बिहारी, अजयपाल और सत्य राम ने उसे जबरन बोलेरो में बैठा लिया और बलपूर्वक गांव गढ़िया ले आए। दस दिनों तक चंद्रपाल के घर में बंधक बना कर रखा गया। 20 जनवरी को खाने में नशीली चीज खिला कर नशे की हालत में ही संपत्ति का बैनामा करा लिया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm B. Pharm
DMLT X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

## एक नजर

### राधा गोविंद कॉलेज ने की कांवड़ियों की सेवा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मुरादाबाद रोड स्थित राधा गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज परिसर में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिव पार्वती स्वरुप में सजे बच्चों ने धार्मिक नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में कांवड़ियों को प्रसाद ग्रहण करा कर सेवा की। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन पवन शर्मा, बाइस चेयरमैन मधु सारस्वत, परी सारस्वत, पीयूष् सारस्वत, प्राचार्य डॉ. आरके शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी एचपी शर्मा, सुरक्षा अधिकारी अजय सारस्वत समेत कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

### आईटीआई में अप्रेंटिस मेला 11 को

**संभल, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संभल परिसर में 11 मार्च को सुबह 10 .30 बजे से अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा ने दी। बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी, प्रशिक्षार्थी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित प्रतिभाग मेले में हिस्सा ले सकते हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से हुई थी। बुधवार को महिला का शव कमरे में कुंडे के सहारे फंदे से लटका मिला। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** फव्वारा चौक पर महाकाल कांवड़ सेवा समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही महाकाल व राम मंदिर की विशाल झांकी सजाई। रात आठ बजे आरंभ हुए भंडारे में एक हजार लोगों से अधिक कांवड़िए व शिव भक्तों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। महाकाल व राम मंदिर की झांकी के दर्शन किए। साथ ही डीजे पर कांवड़ियों ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान अमित डुडेजा, दीपक डुडेजा, अंकुर साहनी, निक्की यादव, विपिन आहूजा, धीरज अरोरा, मोनू खुराना, राहुल यादव, राहुल वैद्य, गौरव साहनी, संजय साहनी, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

# कांवड़िये पर फेंका पत्थर तो जमकर हंगामा

## असमोली क्षेत्र में गांव मदाला फतेहपुर की घटना, भड़के कांवड़िये, एएसपी, सीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में जत्थे में शामिल कांवड़िए पर किसी ने पत्थर फेंक दिया। इसको लेकर कांवड़िए भड़क गए और जमकर हंगामा किया। कांवड़िए उस घर की तरफ बढ़े जहां से पत्थर आया था। इस बीच एएसपी, सीओ समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया। अधिकारियों ने किसी तरह कांवड़ियों को समझाया। कार्रवाई का आश्वासन दिया तो कांवड़िए शांत हुए और आगे बढ़े।

थाना क्षेत्र में संभल-जोया मार्ग पर गांव मदाला फतेहपुर से कांवड़ियों का जत्था निकल रहा था। कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। तभी किसी ने कांवड़िए पर पत्थर फेंक दिया। हालांकि कांवड़िया बच गया लेकिन जानकारी मिलने पर दूसरे कांवड़ियों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांवड़ियों ने उस घर का रुख किया जिससे



असमोली के मदाला में हंगामा करते कांवड़िए। ● अमृत विचार

▸▸ **कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को किया शांत**

पत्थर आने की जानकारी हुई। जिससे मौके पर टकराव की स्थिति बन गई। इस बीच कांवड़ियों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना अधिकारियों को मिली तो हड़कंप मच गया। एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ संतोष कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने बात की तो कांवड़ियों ने पत्थर फेंकने के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। अधिकारी कांवड़ियों को समझाते रहे लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। कांवड़ियों ने अधिकारियों को यह भी बताया कि पत्थर किस तरफ से आया है। अधिकारियों ने कांवड़ियों पर पत्थर फेंके जाने के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बमुश्किल कांवड़ियों को शांत किया। बाद में कांवड़िए गंतव्य पर रवाना हुए।

### गंगाजल लेकर कांवड़ियों ने गंतव्य का किया रुख

**बबराला, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि से पूर्व राजघाट गंगाघाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गंगाजल लेकर कांवड़ियों ने गंतव्य का रुख किया तो बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। कांवड़ियों की भीड़ के मद्देनजर हाईवे पर रूट डायवर्ट किया गया। इंदिरा चौक पर व्यवस्था संभालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। गुरुवार को आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे और मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर बम-बम भोले की गूंज रही। चंदौसी, बहजोई, इस्लामनगर सहित आसपास क्षेत्र के कांवड़ियों के जत्थे गुजरे। कांवड़ियों ने भगवान शिव गीतों पर थिरकते हुए धमाल मचाया। इस बीच गंगाघाट पर एसडीएम रमेश बाबू और कोतवाल संजीव बालियान ने सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घाट के अलावा गुन्नौर स्थित पातालेश्वर शिव मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराई शिव भक्त की बाइक, घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर ब्रजघाट कांवड लेने जा रहे शिव भक्त की बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में टकरा गई। जिससे शिव भक्त गंभीर रुप से घायल हो गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लूसराय निवासी छत्रपाल गुरुवार की देर शाम साढ़े सात बजे बाइक पर सवार होकर ब्रजघाट से कांवड लेने जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव कुरकावली के पास स्थित मैंथा फैक्ट्री के सामने बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गई। जिससे छत्रपाल गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल छत्रपाल को उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर छत्रपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।



संदेशखाली की घटना को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

# संदेशखाली मामले को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने संदेशखाली में महिलाओं और परिवारों पर अत्याचारों के विरोध में एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार रस्तोगी के नेतृत्व में पुरुषों और महिलाओं ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को सौंपा। जिसमें लोकतंत्र में हो रहे महिला और मानवाधिकारों के उल्लंघन पर तुरंत कड़ी कार्रवाई किए जाने, पीड़ित महिलाओं, बच्चों और परिवारों को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने, निष्पक्ष जांच के लिए मामले को दूसरे राज्य में स्थानांतरित किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान रविशंकर भारती, विजय मौर्य, प्रेमपाल सिंह सैनी, आनंद शर्मा, राजेंद्र पाल सभासद, सीता, गायत्री, कैलाशो, मूर्ति, लक्ष्मी आदि रहे।

### स्कूटी हटाने को लेकर मारपीट, तीन घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शक्ति नगर में गली में खड़ी स्कूटी हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना की तहरीर दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में दी गई है। पुलिस ने घायलों का उपचार सीएचसी में कराया है।

गुरुवार की शाम पांच बजे शक्ति नगर निवासी महेंद्र चंद्र यादव पुत्र बुद्धि सिंह अपने पुत्र मुकेश कुमार के साथ कार में सवार होकर जा रहे थे। गली में खड़ी स्कूटी के कारण कार नहीं निकल पा रही थी। जब पिता-पुत्र ने स्कूटी मालिक से स्कूटी हटाने को कहा तो आरोप है कि स्कूटी मालिक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। धारदार हथियार से पिता-पुत्र को घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर स्कूटी मालिक की मां भी मौके पर पहुंच गई और मारपीट कर रहे अपने पुत्र को हटाने लगी। मारपीट की घटना में महिला भी घायल हो गई। मारपीट में दूसरे पक्ष की महिला गुंजन पत्नी दीपक गुप्ता व एक पक्ष से पिता-पुत्र घायल हो गए।

# परीक्षा से लौट रही छात्रा से दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, बहजोई(संभल)

**दुस्साहस**

▸▸ **पुलिस ने मां की तहरीर पर मामला दर्ज कर युवक को किया गिरफ्तार**

▸▸ **घटना को लेकर हिंदू संगठन ने जताया आक्रोश**

**अमृत विचार :** हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर वापस लौट रही छात्रा को दूसरे समुदाय के युवक ने बाइक पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा।

पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। बहजोई एक मोहल्ला निवासी हाईस्कूल की छात्रा एक कॉलेज में हाईस्कूल सामाजिक विषय की परीक्षा देने गई थी। जैसे ही छात्रा परीक्षा केंद्र से बाहर निकली तो पहले से ही बाइक लिए युवक परीक्षा केंद्र के बाहर खड़ा था। इस बीच छात्रा कॉलेज से घर जाने के लिए निकली तो युवक ने उसे घर छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया और अपने साथ ले गया। अज्ञात स्थान पर जाकर युवक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। छात्रा ने जब घर पर बताने की बात कही तो युवक ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची छात्रा ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। इसके बाद भाई व मां छात्रा को लेकर कोतवाली बहजोई पहुंचे। पुलिस ने मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद आरोपी फैजल को गिरफ्तार कर लिया। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



वृद्धजनों की समस्याएं सुनती समाज कल्याण विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# वृद्धों की समस्याओं का किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम चन्दौसी में कैंप लगाकर वृद्धजनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। वृद्धाश्रम में मौजूद वृद्ध महिला तथा पुरुषों ने अपनी समस्याओं को बताया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उनकी वृद्धावस्था व विधवा पेंशन को चेक किया तथा नई पेंशन के आवेदन भी किये। वृद्धाश्रम में मौके पर भोजन के मेन्यू को देखा। उन्हें समय पर कैसा खाना दिया जा रहा है। भोजन का जायका लिया। रजिस्टर को चेक किया। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक कैंप का आयोजन किया गया। जिन वृद्ध पुरुषों व महिलाओं की पेंशन आधार कार्ड नहीं होने से नहीं बन सकी थी। उनकी पेंशन भी चालू कराई गई। वृद्धाश्रम के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की। जिसमें छह कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

### बिजली के पोल से टकराई बाइक, चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल निवासी राजू गुरुवार की शाम किसी काम से थाना क्षेत्र के गांव चाऊपुर जा रहा था।

संभल गवां मार्ग पर गांव लखनपुर के पास अनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे राजू गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस व परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजन घायल को अपने वाहन से उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल लेकर आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने परिजनों से राजू को दूसरे अस्पताल में दिखाने को कहा। जिसके बाद परिजन उपचार कराने राजू के लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। तबीयत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजू को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# संकल्प पत्र पेटिका का शुभारंभ किया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प पत्र पेटिका का शुभारंभ गुरुवार को फव्वारा चौक पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने किया। जिसमें नगरवासी भाजपा के संकल्प पत्र के लिए पेटिका में पत्रक के माध्यम से महत्वपूर्ण सुझाव डालेंगे।

इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि पार्टी से आये पत्रक को भरकर संकल्प पेटिका में डालना है। क्यूंकि आपका सुझाव हमारा संकल्प होगा। आज भारतवर्ष पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है। देश को विकसित भारत बनाने के लिये फिर से एक बार मोदी सरकार बनाना है। कार्यक्रम




संकल्प पत्र पेटिका का शुभारंभ करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

▸▸ **कार्यक्रम में राज्य मंत्री गुलाब देवी पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह भी पहुंचीं**

संयोजक सतीश अरोरा ने कहा कि भाजपा के लिये देश के प्रत्येक नागरिक का सुझाव बहुत आवश्यक है। आपका एक सुझाव देश में होने वाले विकास की नींव रखेगा और देश को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर रामपाल सिंह, सुधीर मल्होत्रा, नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, राखी सिरोही, पंकज शर्मा, अभिनव शर्मा, अशोक शर्मा, डॉ. टीएस पाल, शुभम अग्रवाल, आकाश आहूजा, क्रांति कुमार, राजू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप




कार्यक्रम में बोलतीं सीएमओ डा. तरन्नुम रजा। ● अमृत विचार

### अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं : सीएमओ

**बहजोई, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला जागृति के तत्वाधान में महिला दिवस पर कार्यक्रम में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। चंद्रपाल आर्य आदर्श कन्या विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने फीता काटकर किया। इसके बाद सामाजिक सेवा में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सीएमओ ने कहा कि महिलाओं को हमेशा अपने अधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल ने महिलाओं से कहा कि जो भी समस्या आए सर्वप्रथम वह अपने बारे में सोच कर कार्रवाई करें। इस दौरान डॉ. अनीता श्रीवास्तव, प्रतिभा आर्य, मीनू वार्ष्णेय, डोली वार्ष्णेय, आशा वार्ष्णेय, किरन शर्मा, शोभा वार्ष्णेय, आदि रहीं। संचालन राधा दिलेर ने किया।




चन्दौसी के सिम्स कॉलेज में मोबाइल लिए विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### 194 विद्यार्थियों को बांटे मोबाइल फोन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के बहजोई रोड स्थित श्रीकृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मोबाइल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समारोह पूर्वक कुल 194 विद्यार्थियों को मोबाइल फोन वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला मंत्री आकाश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा कुमुद अग्रवाल रहे। मुख्य आयोजक श्रीराम अग्रवाल और अभिनव अग्रवाल रहे।



एसएम कॉलेज में रासेयो शिविर के समापन पर कविता प्रस्तुत करता स्वयंसेवक।

### कृषि की प्राकृतिक पद्धति के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन गांव गुमथल में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उप प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरुक किया। जिसमें उन्हें कृषि की प्राकृतिक पद्धति अपनाने, रसायनिकों का फसल में कम से कम प्रयोग करने आदि की जानकारी दी। दूसरे सत्र में एसएम कॉलेज के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके अस्थाना ने कहा कि भारत की चालीस प्रतिशत आबादी युवा है, ऐसे में युवाओं में विशेष रूप से रासेयो के स्वयंसेवकों का उत्तरदायित्व बढ़ जाता है कि वह राष्ट्र के उत्थान में अपना निर्वहन करें। जितना हो सके समाज के लोगों की सहायता करें। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



नरौली में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्वयंसेवक-सेविकाएं। ● अमृत विचार

### साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय नरौली के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में साइबर क्राइम जागरुकता विषय पर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज अजय कुमार त्यागी ने स्वयंसेवक-सेविकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद स्वयंसेवक-सेविकाओं ने नगर भ्रमण कर लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक-सेविकाओं ने श्रमदान किया तथा लोगों से घर-घर के आसपास साफ सफाई रखने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा ने विभिन्न प्रकार से होने वाली साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

**समस्या** — नगर से सटे गांव मौलागढ़ का प्राचीन शिव मंदिर मार्ग बदहाली का शिकार

# गंदे पानी से गुजरकर पहुंचना होगा शिव मंदिर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** शहर से सटे गांव मौलागढ़ में शिव मंदिर पर मार्ग पर पिछले काफी दिनों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। महाशिवरात्रि पर कांवडिये व शिव भक्त गंदे पानी से गुजरकर शिव मंदिर पहुंचेंगे। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिससे शिव भक्तों में रोष व्याप्त है।

मौलागढ़ के प्राचीन शिव मंदिर में सैकड़ों की संख्या में कांवड़िए व शिव भक्त भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करते हैं। सुबह पांच बजे से जलाभिषेक व पूजा करने का क्रम प्रारंभ हो जाता है। भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं।इस शिव मंदिर मार्ग पर



चन्दौसी के मौलागढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर के बाहर जलभराव।



जलभराव से होकर गुजरता ई-रिक्शा चालक।

आधा किलोमीटर के रास्ते में जलभराव की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। शिव मंदिर के आसपास मेले का आयोजन भी होता है।

मगर जलभराव को देखते हुए मेला लगना भी मुश्किल हो रहा है। बताते दें कि शिव मंदिर मार्ग पर नालों की नियमित सफाई नहीं होने से पानी की निकासी बंद हो गई। जिससे नाले गंदे पानी से भर गए जिसके कारण पानी निकलकर सड़क व खाली भूखंडों में जमा हो रहा हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

> मौलागढ़ शिव मंदिर मार्ग पर जलभराव की जानकारी नहीं हो सकी। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। कांवड़ियों और शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। **-नीरज कुमार, एडीओ पंचायत, ब्लॉक बनियाखेड़ा।**

### छुट्टा गोवंश से टकराकर पलटी कार, पांच घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे पर सड़क पर खड़े छुट्टा गोवंश पशु से टकराकर कार पलट गई। जिससे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया।

जनपद बदायूं में उघैती थाना क्षेत्र के सराय बरोलिया निवासी मुकीम सैफी दिल्ली में कारोबार करता है। गुरुवार को रात करीब आठ बजे मुकीम सैफी परिवार के साथ कार द्वारा गांव लौट रहा था। मेरठ-बदायूं हाईवे पर गांव फतेहपुर के सामने सड़क पर खड़े छुट्टा गोवंश पशु से कार टकरा जाने के बाद पलट गई। जिससे सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। हादसे में मुकीम सैफी, बेटी जन्नत परवीन, मिराज पुत्र मोहम्मद आजाद, शायना बेगम पत्नी राजू, आशिका पुत्र राजू घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जुनावई सीएचसी भेजा। डॉक्टर ने उपचार देकर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में लहरा रहीं परचम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों का सात दिवसीय शिविर कैथल स्थित द्वितीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

गुरुवार को शिविर के समापन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व महाविद्यालय की प्राचार्य अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि आज महिलाएं जागरूक हो गई हैं और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए सक्षम होती जा रही हैं। सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। कहा कि महिलाएं अपने को कमजोर न समझें। अपनी ताकत पहचाने



रासेयो शिविर के समापन पर पुरस्कृत स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

▸▸ **एनकेबीएमजी कॉलेज के रासेयो शिविर का समापन**

और आगे बढ़कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें नृत्य, युगल नृत्य, नाटक, कविता, गजल, गीत की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वयंसेविकाओं के फूलों की होली खेली। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल, डॉ. प्रियंका, स्वाति, अर्चना, सेजल, प्रीति, खुशबू, संध्या, खुशनबी, नजमीन, कजरी, सविता, संजना राठौर, अनुष्का गोयल, बिनु, मानसी, साक्षी शर्मा, नेहा, राधा, अंजलि, अनम, प्रियम, कामिनी पाल, संजना सोनी आदि रहीं।

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

## संपादकीय

# विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

# किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य




डॉ. कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

> इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

## प्रसंगवश

# कुछ अनुसुने किस्से कहानी



मिलेवा मिरका



सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

> अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

# स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है, 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

## सोशल फोरम

# हुआ क्या मुझे रे तौबा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

# सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हें। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

# पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

## एक नजर

### सोशल साइंस का आसान पेपर देख खिले चेहरे

मुरादाबाद, अमृत विचार : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की सोशल साइंस विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा सुबह 10 .30 बजे से 1.30 बजे तक चली। परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर बहुत आसान रहा। सभी प्रश्न पाठ्यक्रम से ही पूछे गए थे। महानगर में सीबीएसई की परीक्षाएं 16 केंद्रों पर चल रही हैं। कक्षा दस में 5100 परीक्षार्थियों का पंजीकरण है। आरआरके स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आए परीक्षार्थी राहुल ने बताया कि पेपर बहुत अच्छा हुआ। सोशल साइंस की अच्छी तैयारी थी। वहीं रिया ने कहा कि सभी प्रश्न कक्षाओं में रिवीजन वाले आए थे। इसमें काफी मदद मिली। सीबीएसई की 10वीं कक्षा की अगली परीक्षा 11 मार्च को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मैथमेटिक्स (बेसिक) और मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड विषय के लिए होगी। इसके बाद 13 मार्च यानी अंतिम दिन कंप्यूटर एप्लीकेशन, इंफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पेपर होना है।

## गवाही देने पहुंची दुष्कर्म पीड़िता को कोर्ट परिसर में धमकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

- पीड़िता ने आरोपी समेत दो के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

**अमृत विचार:** न्यायालय में गवाही देने के इंतजार में खड़ी दुष्कर्म पीड़िता को अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता का कहना है कि उसने यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर मदद मांगी, जो उसे नहीं मिल पाई। किसी तरह से वह आरोपियों से बचकर घर लौट आई।

पीड़िता ने घटना मंगलवार दोपहर ढाई बजे की बताई है। इस मामले में पीड़िता ने सिविल लाइंस थाने में बुधवार को अभियुक्त रोहताश व उसके एक अज्ञात साथी के विरुद्ध भी मामला दर्ज कराया है। मझोला थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने पुलिस को बताया है कि उसने पिछले साल सिविल लाइंस थाने में दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसका मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता के अनुसार, उसी मुकदमे में समन जारी कर चार मार्च में उसे कोर्ट बुलाया गया था। सुबह करीब 11 बजे वह कोर्ट के बाहर खड़ी होकर गवाही के इंतजार कर रही थी। दोपहर करीब ढाई बजे आरोपी रोहताश अपने साथी के संग वहां पहुंचा था। आरोपी ने गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी रोहताश और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

### सरकार की महिला कल्याण की योजनाओं से दूर महिलाओं की सरकारी तंत्र कर रहा अनदेखी

## 'दो जून' की रोटी के लिए मजबूर महिलाएं कर रही हैं मजदूरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से बेखबर अपने काम में जुटी महिलाएं। ● अमृत विचार



"परिवार का खर्च पति की तनख्वाह से नहीं चल पाता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई लिखाई कराएं तो घर की रसोई का बजट बिगड़ जाता है। इसलिए घर चलाने के लिए सड़कों पर मजदूरी करनी पड़ती है। बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उन्हें बेहतर शिक्षा दिलानी है। जिसके लिए रुपये की जरूरत रहती है।

–सतरेश देवी, खुशहालपुर



"परिवार चलाना ऐसी महंगाई में एक चुनौती है। जोकि गरीबों के लिए एक बड़ा विषय है। पति का काम छूट जाए तो घर में रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। ऐसे में बच्चों के स्कूल की फीस भी कभी-कभी जमा नहीं हो पाती है। ऐसे में काम करने के लिए घर से निकलना पड़ा। पिछले चार साल से मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाने में पति का साथ दे रही हूं।

–सरोज, तिगरी

**अमृत विचार:** विश्व भर में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया रहा है। जहां एक तरफ महिलाएं जहाज उड़ा रही हैं तो देश में एक तस्वीर ऐसी महिलाओं की भी है, जो आजादी के दशकों बाद भी सड़क पर मिट्टी समेटती नजर आती हैं। मजबूर महिलाएं 'दो जून' की रोटी के लिए मजदूरी कर रही हैं। महिलाओं का एक बड़ा वर्ग आज भी दयनीय स्थिति में जी रहा है। समाज में ऐसी महिलाओं की अनदेखी हो रही है। एक तरफ समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की बात करने वाले सरकारी तंत्र की निगाहों से दूर महिलाएं महिला दिवस के बारे में जानती तक नहीं हैं।

गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत भवन सभागार में प्रशासनिक अधिकारी सरकारी कार्यालयों में काम करने वाली महिलाओं को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी तरफ एक तस्वीर यह भी है जो गरीबी रेखा में जीवन यापन कर रही महिलाओं की है, जो अपने परिवार को पालने के लिए दिहाड़ी मजदूरी कर रही हैं। एमडीए कालोनी की सडकों पर दिहाड़ी मजदूरी कर रहीं महिलाओं और सरकारी दफ्तरों में काम करने वाली महिलाओं में अंतर क्या है। दोनों ही अपने परिवार के लिए काम कर रही हैं, तो फिर सम्मान एक वर्ग को क्यों, क्या मजबूरी में सड़कों पर मजदूरी करने वाली महिलाएं सम्मान की हकदार नहीं हैं। ऐसी बढ़ती महंगाई में परिवार के पालन पोषण करने के लिए पति की कम तनख्वाह में गुजर नहीं हो पाने पर इन महिलाओं को घर से निकल कर सड़कों पर मजदूरी करनी पड़ रही है।

बिना किसी संसाधनों के परिवार का लालन पालन करना आज की बढ़ती महंगाई में एक चुनौती है। ऐसी महिलाओं को समाज भी सम्मान देने में आगे नहीं आता जब कि बेहतर संसाधनों में सरकारी कार्यालय में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। यह कैसा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जिसमें एक ही देश में महिलाओं को दो वर्गों में रखा गया है।

## प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होंगी तीन नई टाउनशिप

### लाकड़ी फाजलपुर-मैनाठेर-चक फैजुल्लापुर में आवासीय सह औद्योगिक टाउनशिप के विकास को भी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा



सभागार में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की बैठक लेते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- दिल्ली रोड पर मंगुपुरा-मनोहरपुर में 50 हेक्टेयर की आवासीय टाउनशिप
- 1250 हेक्टेयर की शिवालिक योजना पर पहले से ही चल रहा है काम

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से तीन नई टाउनशिप विकसित की जाएंगी। इसमें दिल्ली रोड पर मंगुपुरा-मनोहरपुर में 50 हेक्टेयर की आवासीय टाउनशिप भी शामिल है। इसके अलावा लाकड़ी फाजलपुर-मैनाठेर-चक फैजुल्लापुर में 130 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय सह औद्योगिक टाउनशिप को भी मंजूरी बोर्ड बैठक में दी गई।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्राधिकरण के समागम सभागार में बोर्ड की बैठक हुई। इसमें तीन नई टाउनशिप को विकसित करने की मंजूरी सर्व सम्मति से दी गई। इसमें प्राधिकरण व निजी विकासकर्ता निवेश करेंगे।

बोर्ड बैठक में निश्चय हाउसिंग की 53 एकड़ की नई टाउनशिप का डीपीआर भी पास हो गया। दिल्ली रोड पर हॉलिडे रिजेंसी के सामने आवासीय योजना में लगभग 150 करोड़ का निवेश निजी क्षेत्र से होने की उम्मीद जताई गई। प्राधिकरण बोर्ड ने 90 करोड़ की 574 परिसंपत्तियों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर विक्रय करने की भी मंजूरी दे दी। दरें पुराने स्तर पर ही फ्रीज रहेंगी।

बैठक में मंगूपूरा-मनोहरपुर में लगभग 50 हेक्टेयर की प्रस्तावित आवासीय टाउनशिप, लाकड़ी फाजलपुर-चक फैजुल्लापुर-मैनाठेर में लगभग 130 हेक्टेयर की आवासीय व औद्योगिक टाउनशिप को बोर्ड ने स्वीकृति दी। दोनों टाउनशिपों के डीपीआर को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि दोनों परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत सीड कैपिटल की डिमांड के लिए लगभग 400 करोड़ की मांग शासन को भेजी गई है। निश्चय हाउसिंग द्वारा लगभग 150 करोड़ के निवेश से लगभग 53 एकड़ की दिल्ली रोड पर प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टाउनशिप का डीपीआर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया। हॉलिडे रिजेंसी होटल के सम्मुख प्रस्तावित योजना को प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दी। प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने किया। संचालन प्राधिकरण की सचिव अंजुलता ने किया। बोर्ड बैठक में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा के प्रतिनिधि, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सहयुक्त नियोजक विवेक भास्कर, वित्त विभाग, जल निगम के अधिकारी और प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य राजू कालरा, विकास जैन भी मौजूद रहे।

### गजरौला महायोजना लागू करने को हरी झंडी

बोर्ड की बैठक में गजरौला महायोजना भी लागू होने को प्राधिकरण बोर्ड ने अनुमोदन कर दिया। यह आज से ही लागू कर दिया गया। मुरादाबाद महायोजना पर भी शासन के सुझावों पर अंतिम निर्णय के अनुसार शीघ्र ही नोटिफाई कर मास्टर प्लान लागू हो जाएगा। बैठक में अवस्थापना निधि से भी लगभग 46 करोड़ के विकास कार्यों को हरी झंडी दी गई।

### प्रमुख चौराहों का एमडीए करेगा कायाकल्प

प्राधिकरण की अवस्थापना समिति की बैठक भी बोर्ड बैठक के बाद हुई। इसमें लगभग 46 करोड़ रुपये के अवस्थापना संबंधी कार्यों पर स्वीकृति प्रदान की गई। शहर में स्थित मुख्य चौराहों यथा हनुमान मूर्ति चौराहा, काशीपुर तिराहा, रामपुर रोड जीरो प्वाइंट, रामपुर दोराहा, कांठ रोड हरथला आदि के उच्चीकरण व विकास के लिए स्वीकृति दी गई। साथ ही दो महायोजना मार्गों नया मुरादाबाद को रिंग रोड से जोड़ने, टीडीआई सिटी को वेव मॉल से जोड़ने वाले मार्ग को भी मंजूरी दी गई। निर्माणाधीन डॉ .आंबेडकर पार्क के बचे कार्यों के अतिरिक्त दूसरे चरण में लाइब्रेरी कम किड्स जोन बनाने के लिए बजट भी स्वीकृत हुआ। एकता विहार नाले के शेष कार्यों के लिए भी 13 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी मिली।

## कार समेत लापता चालक का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



एमडीए कार्यालय के सामने मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास कर रहे मृतक राम रतन के परिवार वालों को समझाते सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कार समेत लापता चालक का शव बिलारी थाना क्षेत्र के तालाब में मिला है। शव की शिनाख्त नया मुरादाबाद के राम रतन सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में परिजनों ने एमडीए कार्यालय के सामने हंगामा करते हुए कुछ देर के लिए जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर व मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने पीड़ित पक्ष को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत करा दिया।

मृतक के बेटे मनोज कुमार ने कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक को एक और तहरीर दी है। इसमें उसने पिता का अपहरण होने और उनके साथ लूटपाट कर उनकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। इसमें उसने टैक्सी स्टैंड के कुछ लोगों व अज्ञात पर संदेह भी व्यक्त किया है। उसने कोतवाली पुलिस को जानकारी दी है कि उसके पिता एक मार्च की रात 11 बजे के समय कार लेकर घर से टैक्सी स्टैंड इंपीरियल तिराहा कहकर निकले थे। सुबह मां मुन्नी देवी ने पिता को फोन किया तो वह बंद जा रहा था। फिर उसी शाम छह बजे उसकी मां पिता को खोजने के लिए इंपीरियल तिराहा स्थित टैक्सी स्टैंड पर गई थीं। उन्हें एक ड्राइवर ने बताया कि कि दो मार्च की सुबह 5 बजे के समय राम रतन तीन व्यक्तियों के साथ बुकिंग लेकर निकला है। फिर जब राम रतन सिंह के बारे में परिवार को कोई जानकारी नहीं मिल पाई तो सोमवार को मां-बेटे एसएसपी के पास भी गए थे। बुधवार को उसने कोतवाली में पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के बेटे मनोज ने पुलिस को बताया है कि पिता की गुमशुदगी दर्ज होने के दिन शाम के सात बजे के दौरान टैक्सी स्टैंड से ड्राइवर करतार सिंह का उसके पास फोन आया, उसने उसे बताया कि आपके पिता का शव पोस्टमार्टम हाउस पर है, जहां पहुंचकर उसने शिनाख्त भी की। वहीं उसे पता चला कि उसके पिता का शव मंगलवार को बिलारी थाना क्षेत्र में गांव तिसावां के तालाब में मिला था। पंचनामा की कार्रवाई बिलारी पुलिस ने की थी। मृतक के बेटे मनोज ने बताया कि वह मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद के सेक्टर-13 बी-ब्लॉक का रहने वाला हैं।

- सूचना मिलने पर परिजनों में मचा कोहराम, हंगामा कर जाम लगाने का किया प्रयास

### तीन भाइयों में बड़े थे राम रतन

मृतक के बहनोई कीरत सिंह ने बताया कि राम रतन सिंह के परिवार में पत्नी मुन्नी देवी और तीन बच्चे हैं। इन बच्चों में मनोज बड़ा है। इससे छोटा हिमांशू और बेटी शिवानी है। उन्होंने बताया कि मृतक का परिवार मूल रूप से बिलारी तहसील में चंदौसी रोड पर आरीखेड़ा अमरपुर काशी गांव का रहने वाला है। राम रतन 20 साल पहले नया मुरादाबाद में आकर बस गए थे। जबकि दो छोटे भाई ओमप्रकाश व जगत सिंह जयंतीपुर में रहते हैं।

## बेटी की विदाई की रात पिता ने ट्रेन से कटकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कैंसर से पीड़ित होकर उठाया आत्मघाती कदम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृत विचार :** दिन में बेटी के निकाह के बाद उसे उसकी ससुराल भेजा और फिर रात में पिता ने चुपचाप घर से निकलकर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर जान दे दी। इस घटना का कारण परिवार वाले मृतक को कैंसर से पीड़ित होना बता रहे हैं।

घटनाक्रम कटघर थाना क्षेत्र के भैंसिया गांव का है। यहां के उस्मान अली की बेटी नासरा का निकाह बुधवार को हुआ। बिटिया ससुराल चली गई। फिर शाम को परिवार वाले भी अन्य दिनों की अपेक्षा जल्दी ही सो गए थे। वहीं रात में उस्मान अली दबे पांव घर से निकल गए और ट्रेन के सामने आकर जान दे दी। मृतक के भाई फारूक ने बताया कि वह लोग गुरुवार सुबह जब सोकर जगे तो देखा भाई उस्मान न अपने बिस्तर पर हैं और न ही उनके बारे में कोई खबर है। इधर-उधर काफी तलाश की गई। फिर दोपहर में कटघर थाने पहुंचकर गुमशुदगी के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

जहां उन्हें पुलिसकर्मियों ने बताया कि रात में ही भैंसिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव बरामद हुआ है, जिसे जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। फारूक ने बताया कि फिर वह लोग थाने से जिला अस्पताल पहुंचे थे, जहां देखा कि शव उसके भाई उस्मान का ही है।




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायत भवन सभागार में सम्मान के बाद महिलाएं व कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राएं। ● अमृत विचार

## उत्कृष्ट कार्य पर विभिन्न विभागों की 36 महिलाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 63 छात्राओं को बांटे स्कूली बैग

**अमृत विचार:** पंचायत भवन सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह व विशिष्ट अतिथि अल्पना गुप्ता, संयोजिका बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रिया अग्रवाल ने विभिन्न विभागों में कार्यरत 36 महिलाओं व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की मेधावी छात्रों को स्कूली बैग देकर सम्मानित किया।

बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अन्तर्गत सराहनीय कार्य करने वाली 36 महिलाओं जिसमें 5 आंगनबाड़ी, 6 बेसिक शिक्षा, 5 माध्यमिक शिक्षा, 5 ग्रामीण आजीविका मिशन, 5 पुलिस विभाग, 5 पंचायत राज और 5 स्वास्थ्य विभाग की महिलाओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने सम्मानित किया। वहीं, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 63 टॉपर बालिकाओं को स्कूल बैग देकर पुरस्कृत किया गया। इसके बाद विभाग द्वारा तैयार की गई स्मारिका का विमोचन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अभिव्यक्ति सिंह ने कविता सुनाई। संचालन प्रगति अग्रवाल द्वारा किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मदालसा शर्मा, मीनू महरोत्रा, आरती गुप्ता, उप निदेशक महिला कल्याण राजेश चंद गुप्त, अभियोजन अधिकारी ऋचा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम व आकांक्षा गर्ग आदि मौजूद रहे।

उपलब्धि

### जनपद में महिलाएं भी नहीं हैं पुरुषों से पीछे, विविध क्षेत्रों में कर रहीं नाम

## मेहनत के दम पर लिखी कामयाबी की कहानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाज और देश को प्रगति की ओर बढ़ाने में जितना योगदान पुरुषों ने दिया, उतना ही योगदान महिलाओं का भी है। आज विश्व भर में महिलाओं के योगदान के लिए इस दिन (8 मार्च) को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारत में पुरुषों की अपेक्षा आज भी महिलाओं को अवसर और सम्मान कम मिलता है। लेकिन समय के साथ महिलाओं ने खुद को हर एक क्षेत्र में काबिल बनाया और घर की चार दीवारी से निकल कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। जिले में ऐसी कई महिलाएं हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कामयाबी की गाथा लिख रही हैं।

### खेल के साथ मां की जिम्मेदारी निभा रहीं

भारोत्तोलन खिलाड़ी रिंकी सैनी खेल के साथ एक अच्छी मां होनी की जिम्मेदारी भी निभा रही हैं। वह खेल के साथ बेटी



तानिया की परवरिश भी कर रही हैं। वह विश्वविद्यालय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर महानगर का नाम रोशन कर चुकीं हैं। लाइनपार गायत्री नगर निवासी भूप सिंह की दो बेटी रिंकी, कंचन और एक बेटा अमन है। रिंकी परिवार में सबसे बड़ी और लाडली हैं। बीए करने के बाद 1 मई 2019 में पिता ने रिंकी की शादी सूर्यनगर निवासी सनी सिंह के साथ कर दी। शादी के बाद रिंकी पर पारिवारिक जिम्मेदारी आ गई और वह खेल से दूर हो गई। शादी के एक साल बाद उन्होंने बेटी तानिया को जन्म दिया। बेटी की परवरिश को पूरा समय देने के साथ ही वह खेल से दूर हो गई। जिसके बाद पति सनी और सास उमा ने रिंकी को दोबारा खेलने के लिए प्रेरित किया और बच्ची की जिम्मेदारी लेकर उन्हें कोच सर्वेश सिंह के यहां प्रशिक्षण के लिए भेजा। जिसके बाद वह भोरोत्तोलन में राज्य स्तर पर भी पदक जीतने में कामयाब हुई। उनका सपना है कि वह अपने देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतें।

### मुश्किल भरा था अपना स्कूल शुरू करना

कहते हैं कि कुछ बड़ा करने के लिए हमेशा छोटे से शुरुआत करनी जरूरी होती है। अकसर ऐसी बहुत सी कहानी सुनने को मिलती हैं



जिनमें लोगों ने पहले छोटी-छोटी नौकरी करके बाद में अपने को बड़े स्तर पर स्थापित किया हो। कुछ ऐसी ही कहानी है लिटिल चैम्प स्कूल की प्रबंधिका सौम्या सागर अग्रवाल की। इन्होंने पढ़ाई के बाद खुद से कुछ करने का मन बनाया। पिता प्रमोद आर्मरी की दुकान चलाते हैं। सबसे पहले सौम्या ने 2008 में एक स्कूल में अध्यापिका की नौकरी की। जहां उनकी पहली सेलरी करीब 5,000 रुपये थी। लेकिन, वहां कुछ दिन नौकरी करने के बाद उन्होंने खुद अपना स्कूल बनाने की सोची। लेकिन, पैसे न होने की वजह से संभव नहीं हो पाया। इसी दौरान उन्होंने बैंक से ब्याज पर लोन लेकर लिटिल चैम्प स्कूल की स्थापना की। वह इस स्कूल को चला रही हैं। इसमें उनकी मदद पति सागर कुमार भी कर रहे हैं। सौम्या कहती हैं कि कुछ हासिल करने के लिए किसी अन्य की मदद नहीं लेनी चाहिए। खुद से अपनी नई पहचान बनानी चाहिए। अगर दिल में कुछ करने की इच्छा शक्ति है, तो आपको कोई पीछे नहीं छोड़ सकता है।

## नशे की गोलियां बरामद तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे पुलिस ने रामपुर सिविल लाइन क्षेत्र के शादी की मड़ैया निवासी रिजवान को नशे की सामग्री की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह दरोगा विजय पाठक की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रिजवान को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने के पर उसके पास से नशे के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली अल्प्राजोलम की 600 गोलियां बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह इन दवाओं की चार से पांच गुना दाम पर बेचता है। खुद भी इन दवाओं का प्रयोग नशे के लिए करता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी रिजवान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## जल्द होगा समस्याओं का समाधान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महामंत्री और कोषाध्यक्ष का स्वागत करते फार्मासिस्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महामंत्री उमेश मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय पांडे व फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य शंकर पटेल महानगर पहुंचे। जहां उनका जनपद के समस्त चीफ फार्मासिस्ट एवं फार्मासिस्टों ने स्वागत किया। वहीं फार्मासिस्टों ने अपनी मांग महामंत्री के समक्ष रखीं।

गुरुवार को प्रदेश महामंत्री उमेश मिश्रा ने बताया कि फार्मासिस्टों की मांगों को लेकर प्रांतीय नेतृत्व कई बार शासन स्तर पर वार्ता कर चुका है। कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से सकारात्मक मुलाकात के बाद उन्होंने आश्वस्त किया है कि फार्मासिस्टों की मांगे जैसे पदनाम परिवर्तन, पीपीआर 2015 एक्ट, पदोन्नति, वेतन विसंगति जल्द ही दूर की जाएगी। महामंत्री व प्रदेश कोषाध्यक्ष ने बताया कि इसी माह उप फार्मेसी निदेशक व विशेष फार्मेसी अधिकारी की पदोन्नति सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, जिला अध्यक्ष पाकेश गुप्ता, जिला मंत्री हेमंत चौधरी, डीपीए के संरक्षक शिशुपाल सिंह एवं जयपाल सिंह, उपाध्यक्ष हरीश चौहान, संप्रेक्षक त्रिवेंद्र चौहान, राजेश पाठक, अंकुर चौहान, पी पी चौहान, पंकज पांडे आदि फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में कहासुनी के बाद पथराव, एक घायल

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पिता पुत्र सहित तीन लोगों पर छत पर चढ़कर पथराव कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव भमरौआ निवासी रनवीर की गांव के ही श्रीपाल से किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि इसी बात को लेकर बुधवार की देर शाम सात बजे रनवीर व श्रीपाल के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि श्रीपाल ने रनवीर की लात घूसों से पिटाई कर दी। रनवीर का आरोप है कि कुछ देर बाद श्रीपाल बेटे व भतीजे को लेकर अपनी छत पर चढ़ आया और पथराव करने लगा। जिससे सिर में ईंट लगने से रनवीर घायल हो गया।

### डोडा चूर्ण के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खां सराय में स्थित भूरे शाह वाली दरगाह के पास गुरुवार को संदिग्ध व्यक्ति के खड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध से पूछताछ की। जिसमें संदिग्ध ने अपना नाम पता कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट गर्वी निवासी शारिक बताया। तलाशी लेने पर शारिक के पास से पुलिस को 4 किलो 600 ग्राम डोडा चूर्ण बरामद हुआ। पुलिस ने शारिक का चालान कर दिया।

### भ्रष्टाचार दमन परिषद में कई को मिली जिम्मेदारी

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने संगठन का विस्तार किया। जिसमें राजकुमार गौतम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मनीष प्रताप सिंह को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी। मंडल कार्यकारिणी में डॉ .केपी सिंह मंडल अध्यक्ष, डॉ .अमित लाठे महासचिव, किशन लाल चौधरी मंडल उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार कश्यप संगठन मंत्री, योगेश कश्यप मंडल सचिव, विजेश भरतवाल उपाध्यक्ष, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष विष्णु पांडेय उपाध्यक्ष, राजेश दिवाकर मंडल सचिव बनाए गए। बैठक में शीशराम सिंह, शाहिद हुसैन, शाहनवाज संभली, अमित गौतम, सुमित शर्मा, आदि रहे। संचालन डीपी शर्मा ने किया।

### सामाजिक विषय के 25864 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**बहजोई, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल का इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा प्रथम पाली में हाई स्कूल की सामाजिक विषय की परीक्षा में 27638 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 25864 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1774 परीक्षा की गैर हाजिर रहे। वही व्यावसायिक विषय की इंटरमीडिएट की परीक्षा में 237 पंजीकृत में से 215 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

### अब बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म पर 500 रुपये विलंब शुल्क

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है, लेकिन छात्रों को इसके लिए पांच सौ रुपये विलंब शुल्क जमा करना होगा। इससे पहले स्नातक और परास्नतक के परीक्षा फार्म भरने की तिथि भी पांच सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ बढ़ाई गई थी, जिनके फार्म सात मार्च तक महाविद्यालयों में जमा किए गए। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएड और एमएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के संस्थागत और भूतपूर्व परीक्षा के फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 मार्च थी। छात्रहित में पांच सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 7 से 10 मार्च तक फार्म भरे जाएंगे।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में करोड़ों के प्रस्ताव को मिली झंडी

## सभासद का आरोप, कर्मचारी सफाई का कार्य ठीक से नहीं कर रहे

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में सभासदों ने साफ सफाई व जलभराव को लेकर मुद्दे उठाए। 2024- 25 के लिए 14 करोड़ 38 लाख की आय व 14 करोड़ 25 लाख की व्यय कल 13 लाख 22 हजार की लाभ का बजट रखा जिसे सभासदों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया

बैठक में पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने गत बैठक की पुष्टि का प्रस्ताव रखा। जिसे सभासदों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। सभासद जितेंद्र यादव ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठीक नहीं हो रही है। सफाई कर्मचारी सफाई का कार्य ठीक से नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता उनसे इस समस्याओं को लेकर सवाल करती है। जिस पर चेयरमैन ने सफाई कर्मियों से सफाई व्यवस्था ठीक किए जाने को लेकर बैठक करने का निर्देश दिया। वहीं सभासद शिवानी गुप्ता ने पिछले दिनों हुई बारिश को लेकर जल भराव की समस्याओं को उठाया तो अधिशासी अधिकारी भूपराम ने जलभराव की समस्याओं को निपटाने को लेकर नालों का निर्माण तथा अन्य व्यवस्थाएं किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभासद जितेंद्र यादव, शिवानी गुप्ता, बीना देवी, धर्मपाल, हिमांशु गुप्ता, दर्शन कुमार, मोहम्मद जीशान, लालतेश, टिंकू कश्यप, क्षमा शर्मा, अंकित कुमार, सहित आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू व संचालन अधिशासी अधिकारी भूपराम ने किया।

### बहजोई क्षेत्र पंचायत में डेढ़ करोड़ से होंगे विकास कार्य

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई विकासखंड की क्षेत्र पंचायत बोर्ड बैठक में सदस्यों ने ग्रामीण इलाकों में आ रही समस्याओं को उठाया। तो वहीं 80 लाख निकाले गए टेंडर की कार्य योजना पर सदस्यों के साथ ब्लॉक प्रमुख ने विस्तार से चर्चा की। बहजोई विकासखंड के सभागार में आयोजित बैठक में एडीओ पंचायत गुरुदयाल सिंह ने गत बैठक की पुष्टि का प्रस्ताव रखा। जिसे सभी बीडीसी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। इसके बाद सदस्य होराम सिंह ने ग्रामीण इलाकों में पंचायत घरों पर पंचायत सहायकों के अनुपस्थित रहने का मुद्दा उठाया। सदस्य प्रेमपाल सिंह ने ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों को लेकर समिति की बैठक नहीं बुलाई जाने का मुद्दा उठाया। ब्लॉक प्रमुख डिंपल यादव ने 80 लाख के निकाले गए टेंडर के बारे में विकास कार्यों की सदन को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 80 लाख के टेंडर निकाले गए हैं। जिससे ग्रामीण इलाकों में सीसी टाइल सड़क का निर्माण व नालों का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान सदस्य संजीव यादव, होराम, भगवत राणा, लक्ष्मी देवी, रामादेवी आदि रहे।

### सड़क किनारे मिला बाइक सवार का शव

**बहजोई/धनारी, अमृत विचार:** बबराला की ओर से आ रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

बहजोई बबराला मार्ग स्थित गांव धनारी के निकट एक बाइक सवार घायल हालत में गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ था। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसकी सूचना धनारी पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची धनारी पुलिस ने घायल बाइक सवार को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक बाइक सवार की शिनाख्त करने की कोशिश की। लेकिन समाचार लेकर जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई।

# जिला अस्पताल को ब्लड बैंक के लिए मिला लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की बिल्डिंग तैयार होने के साथ-साथ शासन से पैथोलॉजिस्ट की तैनाती के बाद अब लाइसेंस भी मिल गया है। औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी ने ब्लड बैंक संचालन के लिए आवेदन स्वीकृत कर लिया है। पंजीकरण के बाद अब ब्लड बैंक की तमाम सुविधाएं मरीजों को मिलेगी तो राहत महसूस करेंगे। मरीजों का जीवन सुरक्षित हो सकेगा।

वर्ष 2011 सितंबर में जनपद का गठन होने के बाद से लोगों में उम्मीद जागी थी कि स्वास्थ्य सेवा बेहतर होंगी। कई साल बीते लेकिन स्वास्थ्य सेवा में खास परिवर्तन नजर नहीं आया। सरकारी ब्लड बैंक की भी स्थापना नहीं हो सकी। पैथोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं होने से भी ब्लड बैंक का प्रोजेक्ट अटका रहा। सामाजिक संगठनों ने भी आवाज उठाई। इस बीच जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की आलीशान बिल्डिंग तैयार करा दी गई। शासन स्तर पर पत्राचार करने से पैथोलॉजिस्ट की भी तैनाती हो गई। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन को ब्लड बैंक का लाइसेंस मिलने का इंतजार था। अब जाकर राहत भरी खबर आई है।

> औषधि अनुज्ञापन एवं नियंत्रण प्राधिकारी कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय में ब्लड बैंक चलाने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के अंतर्गत आवेदन स्वीकृत कर लिया गया है। पंजीकरण होने से जिला अस्पताल में उच्च स्तरीय ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
> -डॉ . अनूप अग्रवाल, सीएमएस जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल

### संदेशखाली के दोषियों पर कार्रवाई की मांग डीएम को दिया ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं, बच्चों व परिवारों पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों व हिंसा के विरोध में महिला समन्वय समिति ने ज्ञापन सौंप कर विरोध जताया। अत्याचार करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

महिला समन्वय समिति से जुड़ी पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंचीं। जहां उन्होंने डीएम मनीष बंसल को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर घटना की निंदा करते हुए विरोध जताया। उन्होंने ने कहा कि यह घटनाएं, जो निरंतर हो रही थीं वह ईडी के अधिकारियों पर हमला होने के बाद और शहजाद शेख के फरार होने के बाद ही सामने आ सकीं। राजनीति और धार्मिक कारणों से प्रेरित यह कृत्य पुलिस प्रशासन एवं पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को उजागर करते हैं। इस दौरान जिला महिला संयोजिका प्रतिज्ञा गर्ग, दीपा वार्ष्णेय, वर्षा गुप्ता, नीलम गुप्ता, रूपाली गुप्ता, सुषमा दुबे, गायत्री आर्य, मुदिता गुप्ता, मंजू आर्या, डॉ रश्मि वार्ष्णेय, रश्मि शर्मा, आदि मौजूद रहीं।



महिलाओं को सम्मानित करतीं समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# महिला व पुरुष साथ चलेंगे तभी आगे बढ़ेगा परिवार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नारी उत्थान समिति के कार्यक्रम में महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। कहा कि कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के सामाजिक योगदान की स्वीकार्यता बढ़ी है। महिला व पुरुष साइकिल के दो पहियों की तरह साथ चलेंगे तो परिवार भी आगे बढ़ेगा।

सरायतरीन में संभल बहजोई मार्ग पर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार को महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नारी उत्थान समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य ने महिलाओं को साड़ी व सूट देकर सम्मानित किया। कहा कि महिलाएं अब अबला नहीं हैं, बल्कि सशक्त हैं। महिलाओं को बराबर सम्मान व अवसर की आवश्यकता है। महिला व पुरुष साइकिल के दो पहियों की तरह साथ चलेंगे तो परिवार भी आगे बढ़ेगा। बदलते समाज के साथ लड़कियों पर रोक-टोक कम हो रही है और लड़कों को भी लड़कियों का सम्मान करने के लिए बताया जा रहा है। परिवार संभालने के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर हो रही महिलाओं की ताकत दोगुनी हो गई है। इस दौरान बबली आर्या, गायत्री आर्या, रेखा आर्या, अल्पना आर्या, दीपा शर्मा, शशि, रानी मिश्रा, शिवदेय, कुसुम आदि मौजूद रही।

### सड़क हादसे में घायल युवक की जान गई

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव सदीरनपुर निवासी फरीद 22 वर्ष मंगलवार की देर शाम सात बजे दोस्त मोहम्मद अली के साथ किसी काम से बाइक पर सवार होकर संभल आ रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर नाहठेर व ताजपुर के बीच बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर टिपलर से टकरा गई थी। इस हादसे में फरीद व मोहम्मद अली घायल हो गए थे। गुरुवार को उपचार के दौरान फरीद ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### चकरोड काटने के विवाद में दो सगे भाई घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के गांव पीपली रहमापुर निवासी नईम व इरफान सगे भाइयों ने गुरुवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि गांव के ही चार सगे भाई चकरोड काटकर अपने खेत मिला रहे थे। सूचना मिलने पर नईम व इरफान खेत पर पहुंचे। आरोप है कि चकरोड काटने का विरोध करने पर सगे भाइयों ने अपने चचेरे तहेरे भाइयों को मौके पर बुलाकर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे नईम व इरफान घायल हो गए।




गोष्ठी को संबोधित करते बरेली के प्रिंसिपल कमिश्नर आयकर। ● अमृत विचार

# अग्रिम आयकर जमा करा कर ब्याज से बचें करदाता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** अन्नपूर्णा उत्सव मंडप के सभागार में आयकर विभाग के द्वारा अग्रिम आयकर के विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे मुख्य वक्ता एवं अतिथि बरेली के प्रिंसिपल कमिश्नर आयकर राधेश्याम रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए बरेली के प्रिंसिपल कमिश्नर आयकर राधेश्याम ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक अग्रिम आयकर जमा कराने की अपील की। बताया कि प्रत्येक वर्ष 15 मार्च अग्रिम आयकर जमा करने की अंतिम तिथि होती है। सभी करदाता अपने देय कर के अनुसार 15 मार्च से पूर्व अपना अग्रिम आयकर जमा करा कर ब्याज से बचें। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों अधिवक्ताओं व करदाताओं की शंकाओं का समाधान भी किया। उपस्थित व्यापारी राजीव वार्ष्णेय, विनय सर्राफ, हरिगोपाल वार्ष्णेय, गोविंद गर्ग, वरिष्ठ सीए विपिन अग्रवाल, वरिष्ठ टैक्स अधिवक्ता विनोद अरोरा ने प्रिंसिपल कमिश्नर आयकर का बुके भेंट कर स्वागत किया।

गोष्ठी को टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट हरप्रीत सिंह, उद्योगपति फूल प्रकाश वार्ष्णेय आदि ने भी संबोधित किया। सीए रामशा सिद्दीकी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आयकर अधिकारी एमएमएके अब्बास ने किया।


## खोया-पाया

मेरा एक थैला जिसमें एक किता बयनामा जिल्द सं० 2335, पृष्ठ सं० 217/244, क्रमांक 2152, दिनांक 23/03/1999 बयनामा बाहक मुख० प्रेमपाल सिंह पुत्र चोखे सिंह, पर पंजीकृत था, वास्तव में कहीं खो गया है। रवि कुमार पुत्र मुकेश कुमार, निवासी सम्भल चौराहा, धर्मकांटे के सामने, आदर्श नगर, मुरादाबाद।

## सम्बन्ध-विच्छेद

मैं मौहम्मद शाहनावाज पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी-जयन्तीपुर करूला, मीना नगर, गली नं0- 7 थाना मझोला जिला मुरादाबाद ने श्रीमति रूखसार उर्फ यासमीन खातून पुत्री कलीम बेग निवासी-जयन्तीपुर पुलिस चौकी के पीछे, नूरानी रहमानी मस्जिद के पास थाना-मझोला, जिला मुरादाबाद को शरियत के अनुसार पहला तलाक दिनांक-04.01.2024 दूसरा तलाक दिनांक- 04.02.2024 व अन्तिम रूप से तीसरा तलाक दिनांक- 04.03.2024 को दे दिया है तीसरे तलाक के बाद तलाक पूर्ण हो गया है। प्रत्येक तलाक की सूचना रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से रूखसार उर्फ यासमीन खातून को भेजी गयी और वॉट्सऐप से भी सूचना भेजी गई है अब रूखसार उर्फ यासमीन खातून मेरी पत्नी नही है वह तलाकशुदा है। इसके किसी फैल की जिम्मेदारी मेरी नही होगी।


### कार की टक्कर से बच्ची की मौत चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के गांव अबू नगर निवासी कल्लू सिंह की दो वर्षीय पुत्री मानवी गुरुवार की शाम 5 :00 बजे घर के बाहर रास्ते में खेल रही थी। गांव के ही मकसूद की कार से मानवी में टक्कर लग गई। जिससे मानवी की मौके पर ही मौत हो गई। मानवी की मौत होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। टक्कर मारने के बाद मकसूद कार लेकर भाग गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलासपुर, जनपद-रामपुर

पत्रांकः-510/न0/प0/परि0बि0/2023-24 दिनांकः- 07.03.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व सम्बन्धित एवं इस निकाय के पंजीकृत ठेकेदारान को सूचित किया जाता है कि आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद बिलासपुर के नालों की सफाई कराई जानी है जिसका विवरण निम्मलिखित है-

| क्र. सं. | नाम नाला | आगणन राशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | | | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मूल्य | GST 18% | कुल मूल्य | |
| 1. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में प्रथमा बैंक न्यू बिल्डिंग के सामने से बाल्मीकि पुलिया तक सज्जन कवाड़ी से जैन साहब के मकान तक, नरायन कारीगर के मकान से नहर तक, गुलजार सिंह के मकान से पापुलर के खेत तक नाला सफाई कार्य। | 223923.00 | 4500.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 30 दिन |
| 2. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में सुरेन्द्र पाल लाला से बदरुददीन बाबा की पुलिया तक पुरानी राम लीला विनोद जी के मकान से बदरुददीन बाबा की पुलिया तक रामपुर रोड मजार से शनिवार की बाजार वाली मजार तक केमरी तिराहे से एफ०सी०आई गोदाम तक। | 144709.00 | 3000.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 30 दिन |
| 3. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में माटखेडा रोड गूल की पुलिया से डा. जगरूप के घर तक व माटखेडा रोड गूल की पुलिया से पूरन सिंह के घर तक, मुन्नी चूड़ी वाला की दुकान से जैन साहब की दुकान तक, काहरों वाले मन्दिर से नारायण कारीगर के मकान तक नाला सफाई कार्य। | 116986.00 | 2400.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 30 दिन |
| 4. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में रामपुर रोड से नहर से होते हुऐ धान मिल तक अनवार के घर से नहर तक टाण्डा हुरमतनगर, मुजीव के प्लाट से जमुना के घर तक टांडा हुरमतनगर व हाजी गफूर के मकान से मजार तक टांडा हुरमतनगर में नाला सफाई कार्य। | 108113.00 | 2200.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 30 दिन |
| 5. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में मेन चौराहा मिश्रा मेडीकल से शिवचरन लाल शर्मा की दुकान तक, तथा मेन चौराह सिन्हां स्वीट से माटखेडा रोड गूल तक नाला, एसडीएम कोर्ट की दीवार से दक्षिण से उत्तर की ओर शम्मी के मकान के सामने नल से गूल तक, बजीर की दुकान से नब्बू, अली के घर तक नाला सफाई कार्य। | 155372.00 | 3200.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 30 दिन |
| 6. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में मिर्चो वाली गली से नब्बू अली एडवोकेट तक, नब्बू अली एडवोकेट के घर से सियाराम के घर तक, गल्ला मण्डी के अन्दर दोनों ओर होते हुए व्यापार मण्डल भवन से तालाब तक, इलायची राम के प्लाट से तालाब तक, डा० गुम्बर से प्रिंस मेडीकल स्टोर तक व सुरेन्द्र कुक्कू के मकान से नहर तक नाला सफाई कार्य। | 195002.00 | 3900.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 30 दिन |
| 7. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में सोमवार की बाजार नल से तालाब तक, हरीश पान वाले के खोखे से फौजी साहब के मकान तक मौ० कायस्थान में प्राथमिक स्कूल से कच्ची नदी तक, हरी ड्रेस स्कूल ट्रांसफार्मर से कच्ची नदी तक, बब्बू बी०डी०ओ० से रउफ के मकान तक नाला सफाई कार्य। | 114016.00 | 2300.00 | 100.00 | 18.00 | 118.00 | 30 दिन |
| 8. | नगर पालिका परिषद बिलासपुर में रउफ के घर से विजय पाल के घर तक व जुम्मा के दुकान से नीरज अग्रवाल के मकान तक, अब्दुल गनी के मकान से कृष्ण लीला ग्राउण्ड होते हुए कच्ची नदी तक, इरफान खां के मकान से मठ के सामने होते हुए खेतों तक व अमजद भाई के मकान से विरमा के मकान तक, जैन साहब के मकान से हरी टंकी की बाउंड्री तक नाला सफाई कार्य। | 179846.00 | 3600.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 30 दिन |

अतः उक्त कार्य हेतु दिनांक 07.03.2004 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 14.03.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेगी। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 07.03.2004 से 14.03.2004 को दोपहर 2:00 बजे तक की जायेगी। निविदा फार्म नगद भुगतान अथवा निकाय के खाता सं0- 50100586203817, HDFC Bank, IFSC CODE- HDFC0008003 के खाते मे ऑनलाईन आर0टी0जी0एस0/एन0एफ0टी0 आदि के माध्यम से) प्रथक प्रथक जमा किया जायेगा, जिसमें किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जायेगी, तथा निविदादाता द्वारा धनराशि ऑनलाइन जमा न करने पर निविदा प्रकिया में भाग नहीं ले सकेगा। 02 प्रतिशत धरोहर राशि निकाय के उपरोक्त खाते में आनलाईन जमा की जायेगी जिसकी रशीद संलग्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक निविदा/कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। फर्म का जी०एस०टी०, ई०पी०एफ० में पंजीकरण होना अनिवार्य है। समस्त कार्य पूर्ण कराने की अवधि 30 दिन निर्धारित है। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। शेष शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिलासपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिलासपुर



## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक सं.:- 901 / न०पा०मि०/2023-24 दिनांकः- 07/03/24

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मिलक को राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माणं कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है-

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | विड सिक्योरिटी (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड 04 में प0 रामप्रसाद वैध स्मारक इंटर कालेज से श्री रामपाल गंगवार के घर तक इ०ला० व नाली निर्माण कार्य। | 9,91,388.00 | 20000 | 1180 | 03 माह |
| 02 | वार्ड 06 में बिलासपुर रोड से श्री रामबाबू के घर तक इ०ला० व नाली निर्माण कार्य। | 3,88,276.00 | 7800 | 472 | 03 माह |
| 03 | वार्ड 06 में डा0 वेद के घर से श्रीमती देवकी नन्दन के घर तक इ०ला० व नाली निर्माण कार्य। | 2,11,830.00 | 5000 | 295 | 03 माह |
| 04 | वार्ड 09 में श्री महेन्द्र गंगवार के घर से श्री रूपचन्द के घर तक इ०ला० व नाली निर्माण कार्य। | 7,94,087.00 | 16000 | 944 | 03 माह |
| 05 | वार्ड 15 में श्री नरेश गुप्ता की दुकान से श्री आनन्द आश्रम के पास तक इ०ला० व नाली निर्माण कार्य। | 7,48,035.00 | 15000 | 944 | 03 माह |
| 06 | वार्ड 15 में श्री आनन्द आश्रम से श्री प्रहलाद कश्यप के घर तक इ०ला० नाली निर्माण कार्य। | 3,84,626.00 | 8000 | 472 | 03 माह |
| 07 | रेशम प्यारी कन्या इंटर कालेज के सामने दोनों ओर नाली के ऊपर लोहे के जाल का कार्य। | 4,72,464.00 | 9600 | 590 | 03 माह |
| 08 | बिलासपुर रोड पर स्थित जल कल परिसर में पंप नंबर 4 पर शौचालय का कार्य। | 3,57,112.00 | 7500 | 472 | 03 माह |

02 निविदा सूचना में अंकित बिड डक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 08.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से।
03 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय 13.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक।
04 निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.03.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे।
05 निविदा आमन्त्रणकर्ता की आई०टी०बी० के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।
06 बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता व जमा करने की विधि- निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद मिलक कार्यालय से दिनांक 08.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 14.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कॉलम 05 (गैर वापसी योग्य) में दर्शाये गये निर्धारित शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते है।
07 बिड सिक्यूरिटी (ई०एम०डी०) कालम-4 के अनुसार निर्दिष्ट राशि बिड सिक्योरटी के रूप में नकद / डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ०डी०आर०/नेपट के रूप में जमा की जायेगी जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिलक के नाम बंधक होना चाहिए। बिड सिक्योरटी के रूप में राशि जमा न होने की दशा में टेण्डर की प्रकिया आगे नहीं बढ़ेगी।
08 मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना- निविदादाता को निविदा जमा करने के उपरान्त आने वाली बिड आई०डी० के साथ निम्नलिखित दस्तावेज कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
(क) निविदादाता द्वारा साफ साफ भरा हुआ व हस्ताक्षर किया हुआ शपथ पत्र । प्रारूप संलग्न है।
(ख) यूपी सरकार के आदेश सं0- 01/2018/307078-2-2018/42IT/2017(22) 03.01.2018 के अनुसार मूल दस्तावेजो को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय में निविदा खोलने की तिथि से 01 दिन पूर्व जमा करना होगा। निविदा में प्रयुक्त डाक्यूमेन्ट को मूल प्रपत्रों से मिलान किया जायेगा भिन्नता पाये जाने पर इसे निविदा दाता द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत करना माना जायेगा। ऐसे निविदा दाता को 01 वर्ष तक निविदा में भाग न लेने के लिए उत्तरदायी माना जायेगा। सभी डाक्यूमेन्ट कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक जनपद रामपुरमे जमा करना होगा।
09 अन्य शर्ते किसी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मिलक रामपुर

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मिलक रामपुर



# शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरुष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपको मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

## संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या • राजेंद्र कुमार पांडेय

**अमृत विचार :** प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य



आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।

वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### केजी थ्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोरस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी थ्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।



## सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

# सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर

**अमृत विचार :** तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिलफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की।



लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

### 2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

## रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या • विवेक सक्सेना

**अमृत विचार:** गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास



योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

## चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर • अभिषेक वर्मा

**अमृत विचार:** 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने



### पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

## वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं • प्रदीप सक्सेना

**अमृत विचार:** महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं।



### महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

## मेहनत से छुआ आसमां | कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

# कभी दरवाजे-दरवाजे जाती थीं ऑर्डर लेने आज दो फैक्ट्रियों की एमडी हैं ममता

कानपुर • राजीव त्रिवेदी



**अमृत विचार:** जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू कराने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया। 90 के दशक में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए।

ममता ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थी। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

### उत्पाद की बेहतर क्वालिटी बनी सफलता का मंत्र

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उत्पाद जाने लगे। अब वे अपने उत्पाद को पनकी की दो फैक्टी में बनवाती है। एक फैक्ट्री में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं। वर्ष 1999 में उन्होंने अपने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर तेजी से रुख किया। अब वे दोबारा निर्यात के लिए योजना बना रहीं हैं।

## कड़े संघर्ष से प्रिया ने लिख दी कामयाबी की इबारत

- साधारण परिवार में जन्मी, बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में पास की पीसीएस जे परीक्षा, बनी अपर सिविल जज

पीलीभीत • सुनील यादव

**अमृत विचार:** महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया बदला है। यह बदलाव उन महिलाओं की देन है, जिन्हानें ने अपने हौंसले से मुश्किल रास्तों को सुगम बनाया और सफलता की मंजिल हासिल की। शहर निवासी प्रिया मिश्रा ने भी कड़े सघर्ष के बाद ऐसा मुकाम हासिल किया, जो जिले के महिलाओं के लिए एक मिसाल है। प्रिया वर्तमान में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। उन्होंने यह सफलता बिना कोचिंग प्रथम प्रयास में हासिल की।

शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज कुमार मिश्रा एवं उमा देवी की पुत्री प्रिया मिश्रा की प्रारंभिक शिक्षा पूरनपुर के लकी चिल्ड्रेन स्कूल में हुई। पिता मनोज कुमार मिश्रा पीलीभीत में प्रेक्टिस करते थे। 2007 में यह परिवार पूरनपुर से पीलीभीत की आवास विकास कॉलोनी में आकर रहने लगा। बेटी प्रिया की प्रतिभा को देखते हुए दाखिला शहर के सेंट एलायसियस कॉलेज में कराया गया। कक्षा सात से लेकर बारहवीं तक की पढ़ाई इसी कॉलेज में की। इसके बाद उन्होंने बरेली के इस्लामिक लॉ कॉलेज से बीए एलएलबी और रुहेलखंड विश्वविद्यालय से एलएलएम की परीक्षा पास की।

इस दौरान परिवार ने कई उतार चढ़ाव भी देखे, लेकिन उन्होंने बेटी की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया। पिता को हिम्मत हारता न देख बेटी ने भी मन ही मन संकल्प लिया कि वह कुछ ऐसा करेगीं जिससे उनके माता-पिता ही नहीं बल्कि जिले का भी मान बढ़ेगा। पिता मनोज के मुताबिक कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह चार बजे तक पढ़ाई करता देख पिता का दिल भी पसीज उठा और उन्होंने प्रिया से पीएचडी कर प्रोफेसर बनने की सलाह दे डाली, लेकिन प्रिया अपनी बात पर अडिग रहीं।

बकौल प्रिया पीसीएस जे की तैयारी के दौरान मन में ख्याल आया था कि अगर कोचिंग ले लूं, तो सबकुछ शायद आसान हो जाएगा। मगर, परिवार की स्थिति और अन्य दो भाइयों की पढ़ाई में कहीं रुकावट न जाए, मैंने घर पर रहकर ही पढ़ाई की। वर्ष 2022-23 में प्रथम प्रयास में प्रिया ने पीसीएस जे परीक्षा पास की। वर्तमान में वह सीतापुर में अपर सिविल जज के पद पर तैनात है। साधारण परिवार से अपर सिविल जज तक के सफर को देख आज अधिकांश महिलाएं उनके जैसा बनने का सपना देख रही हैं।



### धार्मिक है प्रिया का स्वभाव

पिता मनोज मिश्रा के मुताबिक प्रिया बचपन से ही मेधावी और धार्मिक स्वभाव की रही है। आठ साल की आयु से ही प्रिया ने गिरिराज महाराज की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। हर महीने सात व्रत रखती हैं। प्रिया अपने मोहन की प्रतिमा रखती है और प्रतिदिन सेवा करती है।





| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,119.39 | 22,493.55 |
| बढ़त | 33.40 | 19.50 |
| प्रतिशत में | 0.05 | 0.09 |





अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शुक्रवार, 8 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## एक नजर

### वरिष्ठ पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी घटी

**मुंबई।** दफ्तर से काम को बड़े पैमाने पर प्राथमिकता दिए जाने के बाद से कंपनियों में वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर महिलाओं की मौजूदगी घट गई है। एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह आकलन पेश किया गया। सलाहकार फर्म ग्रांट थॉर्नटन इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि लगातार तीसरे साल कार्यस्थलों पर विविधता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक मानी जाने वाली वरिष्ठ प्रबंधन भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी कम हुई है।

### बागवानी फसलों का उत्पादन रहेगा स्थिर

**नई दिल्ली।** प्याज के उत्पादन में 47 लाख टन की गिरावट के बावजूद भारत की बागवानी फसलों का उत्पादन वर्ष 2023-24 में 35 करोड़ 52.5 लाख टन पर स्थिर रहने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2023-24 के लिए कहा कि देश में बागवानी उत्पादन पिछले वर्ष के 35 करोड़ 54.8 लाख टन के मुकाबले लगभग 35 करोड़ 52.5 लाख टन रहने का अनुमान है।

# आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

## अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

### नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स 'की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

### आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

## सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,200 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े**

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

## 1000 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का दावा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** मेरठ सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय ने बृहस्पतिवार को 232 फर्जी कंपनियों के नेटवर्क के जरिये 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मेरठ आयुक्त कार्यालय की केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की अपवंचना-रोधी शाखा ने अक्टूबर, 2023 में एक बड़े 'सिंडिकेट' की जांच शुरू की, जिसने फर्जी बिलिंग के जरिये धोखाधड़ी से आईटीसी का दावा किया था।

# मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- **2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया**




मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।



## एक नजर

### बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

**नई दिल्ली।** लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

### सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

# पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

### संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

### भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।

## उत्तराखंड में भी बीजेपी 2 महिलाओं को दे सकती टिकट

ज्ञानेन्द्र सिंह, नई दिल्ली

- **हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल सीट पर 10 मार्च को होगी चर्चा**

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार टिकट बंटवारे में भी महिलाओं को ज्यादा महत्व दे रही है। दिल्ली में पहली बार भाजपा ने दो महिला उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। यही प्रयोग उत्तराखंड में भी किए जाने की संभावना है।

उत्तराखंड में पांच सीटें हैं। वहां टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें टिहरी से मौजूदा सांसद माला राज्य लक्ष्मी को टिकट दिया गया है। इसी तरह अल्मोड़ा से अजय भट्ट एवं नैनीताल से अजय टम्टा (दोनों वर्तमान सांसद) को टिकट मिला है। जबकि हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल सीट पर विचार-विमर्श चल रहा है। यहां के वर्तमान भाजपा सांसदों पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक एवं तीरथ सिंह रावत का टिकट रोक दिया गया है। डॉ. पोखरियाल केंद्रीय शिक्षामंत्री थे लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। उसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि पोखरियाल को इस बार लोकसभा का टिकट नहीं मिलेगा। तभी से त्रिवेंद्र रावत और मदन कौशिक ने इस सीट पर चुनाव लड़ने का दवा किया था।

भाजपा हाईकमान के समक्ष हरिद्वार से त्रिवेंद्र रावत के नाम पर ज्यादा विचार चल रहा है। जबकि पौड़ी गढ़वाल सीट से राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत के नाम पर विचार चल रहा है। दीप्ति रावत ने गत दिवस पश्चिम बंगाल में आयोजित महिला रैली में बड़ी भूमिका निभाई थी और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पश्चिम बंगाल भी गई थीं। उन्होंने राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी विशेष योगदान दिया था।

दरअसल पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजपूत मतदाता हैं, उसको ध्यान में रखते हुए हाईकमान किसी राजपूत को उम्मीदवार बनाने के मूड में है। इसी क्षेत्र से महेंद्र भट्ट को राज्यसभा में ले लिया गया है। वे ब्राह्मण बिरादरी से हैं। भट्ट का तर्क देकर बीजेपी हाई कमान के समक्ष उत्तराखंड के कई नेताओं ने पौड़ी गढ़वाल से किसी राजपूत को टिकट देने की मांग की है। इसके चलते बलूनी की दावेदारी कमजोर पड़ रही है। जबकि बलूनी गुट का कहना है कि उत्तराखंड से एक महिला को टिहरी गढ़वाल से टिकट मिल चुका है इसलिए दीप्ति रावत के नाम पर विचार नहीं होना चाहिए। फिलहाल हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों का अंतिम फैसला 10 मार्च को होगा।

## अभिजीत गंगोपाध्याय न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

## हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसानों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

## अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- **दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति**
- **राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

### अवमानना याचिका

- **दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप**

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

### 82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

# कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

धर्मशाला, एजेंसी



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

# आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

## मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

धर्मशाला, एजेंसी



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## खेल डायरी

### स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** चोट के कारण एशियाई कप टीम से बाहर हुए सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली और मिडफील्डर जैकसन सिंह को गुरुवार को महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में और फिर 26 मार्च को गुवाहाटी में मैच खेलेगा। अफगानिस्तान के घरेलू मैच देश से बाहर कराए जा रहे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अली पिछले साल टखने की चोट से खेल से बाहर रहे, जिससे वह इस साल जनवरी में एशियाई कप में नहीं खेल सके। पिछले महीने भी उन्हें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान चोट लग गयी थी जो इतनी गंभीर नहीं थी। जैकसन की पिछले साल नवंबर में बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी आईएसएल टीम के लिए वापसी की हैं। विंगर आशिक कुरूनियन की अभी चोट ठीक नहीं हुई है जो उन्हें सितंबर में लगी थी इसलिये उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया।

### गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा ने बार्टेल से बाजी ड्रॉ की

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमेर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

### नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

### युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन




**नई दिल्ली।** भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

# कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

## यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

धर्मशाला, एजेंसी







बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 218/10 (57.4 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 79 | 108 | 11/1 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 27 | 58 | 4/0 |
| ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप | 11 | 24 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 26 | 56 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप | 29 | 18 | 2/2 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 24 | 42 | 3/0 |
| टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन | 06 | 09 | 1/0 |
| मार्क वुड का रोहित बो अश्विन | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 11 | 22 | 2/0 |
| एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त: 5, विकेट पतन: 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, गेंदबाजी: बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

| भारत (पहली पारी) | 135/1 (30 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 52 | 83 | 6/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 26 | 39 | 2/2 |

अतिरिक्त: 0, विकेट पतन: 1-104, गेंदबाजी: एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

### तोक्यो के कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में तब्दील करना है लक्ष्य : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक को पेरिस में स्वर्ण पदक में बदलने का है। रिकॉर्ड 8 बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो में कांस्य पदक के प्लेऑफ में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल के ओलंपिक पदक के सूखे को समाप्त किया था। भारत ने पिछला ओलंपिक स्वर्ण पदक 1980 में मास्को में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि तोक्यो में कांस्य जीतना यादगार पल रहा और हम उसी लय को पेरिस तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरू में हमारा ध्यान एक समय में एक कदम उठाने का होगा, ग्रुप चरण से अगले दौर में पहुंचने और क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा।

# मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 42 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स को 42 रन से हराकर चौथी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने शुरूआती झटकों के बाद 6 विकेट पर 160 रन बनाए। इसका पीछा करने उतरी यूपी ने पांचवें ओवर में 15 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। इन झटकों से टीम उबर नहीं सकी और दीप्ति शर्मा की नाबाद 53 रन की पारी भी काम न आ सकी, जिन्होंने 36 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। यूपी 9 विकेट पर 118 रन बनाकर हार गई। यह उसकी दूसरी हार है। मुंबई के चौथी जीत से 8 अंक हो गए हैं, जिससे वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली के बराबर पहुंच गई है। यूपी का स्कोर 10 ओवर में 4 विकेट पर 42 रन था और उसे 60 गेंद में 119 रन बनाने थे। दीप्ति को छोड़कर उसकी सिर्फ दो खिलाड़ी ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें ग्रेस हैरिस ने 15 और श्वेता सेहरावत ने 17 रन बनाए। मुंबई की साइका इशाक सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने 27 रन देकर 3 विकेट और नैट साइवर ब्रंट ने 2 विकेट लिए। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। लेकिन नैट साइवर ब्रंट (31 गेंद में 45 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30 गेंद में 33 रन) ने 3 विकेट के लिए 46 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। अमेलिया केर ने 23 गेंद में नाबाद 39 रन और संजीवन सजना ने 14 गेंद में नाबाद 22 रन का बनाया। इन दोनों ने अंत में 4.2 ओवर में 43 रन जोड़े। मुंबई ने अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज के विकेट चौथे ओवर तक गंवा दिए थे।

# बॉलीवुड हलचल

## जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

## राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूवेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

## रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं।लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं।छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

## इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

## प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

### जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही



जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

## प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

# कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस



अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

### फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

### बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

### शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना

अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

## एक नजर

### मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9 .6 करोड़ रुपये की 1 .3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।

### मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।



### नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

**काठमांडू।** देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

### पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

**वारसों।** पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। यूक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी वारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

# सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन, जयशंकर की खरी-खरी


## जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में गंभीर असर होगा

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

### मेक इन इंडिया के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा मिला



टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से जयशंकर ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमने संरचनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ग्लोबल साउथ काफी हद तक उत्पादक से उपभोक्ता बनकर रह गया है। इस स्थिति में भारत की प्रतिक्रिया आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है। जयशंकर ने आगे बताया कि इसके लिए मेक-इन-इंडिया पहल है, जो न केवल हमारी अपनी, बल्कि दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे भारत में व्यापार करना भी आसान होगा। नए भारत ने अपना 5-जी स्टैक बनाया। कोविड वैक्सिन की खोज खुद की और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भी उतरने में सफल रहा। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, सरकार मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा दे रही है।

## महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 10 मार्च को लाहौर लौटेंगे और 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के श्री कटासराज मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए रवाना होने से पहले भक्तों ने बुधवार को अमृतसर में दुर्गियाना मंदिर में दर्शन किए।

# भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले-दोनों देशों के बीच बातचीत का स्वागत करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

### दोनों देश बातचीत का दायरा मिलकर करें तय

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन किसी भी बातचीत की गति, दायरा और चरित्र भारत और पाकिस्तान को तय करना है। बता दें, शरीफ ने पदभार संभाला, पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा कि जटिल कश्मीर मुद्दे पर उनके बड़े मतभेदों के कारण उन्हें निकट भविष्य में पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों में तत्काल सुधार नहीं दिख रहा है।

## अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी




- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### रोमांच में जाम बना बाधा...



**मनाली :** बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। सड़कों पर यातायात दबाव बढ़ने से वाहन घंटों रेंगते रहे। मनाली शहर से अटल टनल, वामतट मार्ग, कुल्लू-मनाली हाईवे और हिडिंबा मंदिर जाने वाली सड़क पर चक्का जाम हो गया। जाम ने सैलानियों के रोमांच का मजा किरकिरा कर दिया। • एजेंसी

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

# ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।




ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

### 5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

# कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

### कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।